3 | राजधानी
बवाना स्थित चूड़ी के कारखाने में लगी आग

6 | प्रादेशिकी
एक-एक दीये से बनेगा विश्व रिकार्ड

10 | विदेश
पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी गिरफ्तार

12 | स्पोर्ट्स
भारत ने पाकिस्तान को हराकर कांस्य जीता

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 3
नई दिल्ली, रविवार, 5 नवंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

कांग्रेस और एआईयूडीएफ का मुसलमानों के साथ वोट का रिश्ता

राष्ट्रीय-11

गरीबों को लूट घर भर रहे कांग्रेस नेता: मोदी

एजेंसी। दुर्ग (छत्तीसगढ़)

- कहा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बघेल लोगों को बताएं कि दुबई में बैठे घोटाले के आरोपियों से उनके क्या संबंध हैं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को राज्य की जनता को बताना चाहिए कि दुबई में बैठे घोटाले (महादेव सट्टेबाजी ऐप) के आरोपियों के साथ उनके क्या संबंध हैं। उन्होंने दुर्ग जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए देश की जनता से वादा किया कि कोविड-19 के दौरान शुरू की गई प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले पांच वर्ष के लिए बढ़ाया जाएगा। कांग्रेस पर उन्हें और पूरे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय को गाली देने का आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा कि वह गालियों से नहीं डरते।

प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ में पिछले दिनों प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के छापों को लेकर राज्य सरकार को घेरा। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार आपको (छत्तीसगढ़ को) लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ रही है। इन्होंने तो महादेव (महादेव सट्टेबाजी ऐप को लेकर) के नाम को भी नहीं छोड़ा है। दो दिन पहले ही रायपुर में बहुत बड़ी कार्रवाई हुई है। वहां रुपयों का बहुत बड़ा ढेर मिला है। लोग कह रहे हैं कि यह पैसा सट्टेबाजों का है, जुआ खेलने वालों का है, जो उन्होंने छत्तीसगढ़ के गरीबों को, छत्तीसगढ़ के नौजवानों को लूट कर जमा किया था। लूट के इसी पैसे से कांग्रेस नेता अपना घर भर रहे हैं। मोदी ने कहा, यहां की कांग्रेस पार्टी को, यहां की सरकार को, यहां के मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ की जनता को बताना चाहिए कि दुबई में बैठे इस घोटाले के आरोपियों के साथ उनके क्या संबंध हैं। उन्होंने सवाल किया, आखिर क्यों यह पैसा पकड़े जाने के बाद यहां के मुख्यमंत्री बौखला गए हैं। वह मैदान में उतर आए हैं। ईडी के जांच दल ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में दो दिन पहले छापा मार कर लगभग पांच करोड़ रुपए नगद बरामद किया था।

ईडी ने शुक्रवार को दावा किया कि फोरेंसिक जांच और कैश कूरियर के बयान से चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं कि महादेव सट्टेबाजी ऐप के प्रवर्तकों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अब तक लगभग 508 करोड़ रुपए का भुगतान किया है। यह जांच का विषय है। मोदी ने देश की जनता से वादा किया कि कोविड-19 के दौरान शुरू की गई प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले पांच वर्ष के लिए बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा, जब कोरोना का संकट आया तब गरीब की सबसे बड़ी चिंता थी कि वह अपने बच्चों को खाना क्या खिलाएंगे...तब मैंने तय किया किसी गरीब को मैं भूखे नहीं सोने दूंगा इसलिए भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना शुरू की.. यह योजना दिसंबर में पूरी हो रही है ...देश के गरीब भाई-बहनों को दुर्ग की धरती से बताना चाहता हूं कि मैंने निश्चय किया है कि देश के 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन देने वाली योजना को भाजपा सरकार अगले पांच साल के लिए और बढ़ाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये कांग्रेसी दिन-रात मोदी को गाली देते हैं। हर दिन मैं ढाई किलो गलियां खाता हूं। यहां के मुख्यमंत्री (बघेल) ने देश की जांच एजेंसियों को भी गाली देना शुरू कर दिया है।

दुर्ग में शनिवार को चुनावी रैली को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

भ्रष्टाचारियों का हिसाब करने के लिए ही तो आपने मोदी को दिल्ली भेजा है। जिन्होंने छत्तीसगढ़ के गरीब को लूटा है उन पर कार्यवाही हो कर रहेगी। छत्तीसगढ़ की भ्रष्ट सरकार ने एक के बाद एक घोटाले करके आपका विश्वास तोड़ा है, छत्तीसगढ़ महतारी का अपमान किया है। उन्होंने कहा, मैं फिर आपको विश्वास दिलाता हूं राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद ऐसे घोटाले की सख्ती से जांच की जाएगी। आपका पैसा लूटने वालों को जेल भेजा जाएगा। मोदी ने कांग्रेस सरकार में हर काम में 30 प्रतिशत कमीशन का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस की प्राथमिकता भ्रष्टाचार में लिप्त होकर अपना खजाना भरना है...छत्तीसगढ़ कहता है 30 टका कक्का, आपका काम पक्का।' प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके लिए देश में सबसे बड़ी जाति गरीब है, और वह उनके सेवक हैं। उन्होंने राजनीतिक दलों पर गरीबों को बांटने और जातिवाद का जहर फैलाने की नई-नई साजिशें रचने का भी आरोप लगाया।

उन्होंने कहा, कांग्रेस ने गरीबों को धोखा देने के अलावा कुछ नहीं दिया। कांग्रेस देश के गरीबों का भावनात्मक शोषण करती रही है। कांग्रेस का पूरा खेल अपने परिवार और धन्ना सेठों के हित में था। कांग्रेस के लिए गरीब केवल वोट (बैंक) है। प्रधानमंत्री ने कहा, भाजपा ने गरीब कल्याण की दिशा में काम किया। भाजपा ने धैर्य और ईमानदारी से काम किया। मोदी के लिए गरीब देश की सबसे बड़ी जाति है और मोदी उनके सेवक, भाई और बेटे हैं। भाजपा की नीति से गरीबी में कमी आई है। उन्होंने कहा कि पांच साल में साढ़े 13 करोड़ करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। उन्होंने कहा, आज गरीब आत्मविश्वास से भरे हुए हैं और गरीबी को हराने के लिए एकजुट हो रहे हैं... राजनीतिक दल यह सोचकर इसे पचा नहीं पा रहे हैं कि

(शेष पेज 9)

दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर

- वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार, नोएडा, गाजियाबाद में बुरा हाल, बच्चों और बुजुर्गों को घरों से न निकलने की चिकित्सकों की सलाह
- हरियाणा मे भी कुछ स्थानों पर गंभीर श्रेणी में पहुंची वायु गुणवत्ता

राजेश कुमार। नई दिल्ली

स्विस समूह आईक्यू द्वारा संकलित दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की वास्तविक समय सूची में दिल्ली फिर से शीर्ष पर है, जिसने भारतीय राजधानी के वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को 640 पर रखा है। यह 'खतरनाक' श्रेणी में है। इसके बाद पाकिस्तानी में लाहौर शहर है जिसका एक्यूआई 335 है।

दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की रैंकिंग में मुंबई (177) चौथे और कोलकाता (166) छठे स्थान पर है। भले ही राष्ट्रीय राजधानी में औसत प्रदूषण स्तर शुक्रवार के 475 से थोड़ा कम होकर शनिवार को 470 हो गया, लेकिन पीएम 2.5 की सांद्रता विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित स्वस्थ सीमा से 8 गुना अधिक थी। आंकड़ों से पता चलता है कि 27 अक्टूबर से 4 नवंबर के बीच दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 अंक से अधिक बढ़ गया।

नई दिल्ली में शनिवार को वायु प्रदूषण के कारण मास्क पहने विदेशी सैलानी।

बढ़ते प्रदूषण स्तर और एक्यूआई का असर सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले विश्व कप मैच पर पड़ सकता है, क्योंकि श्रीलंका टीम द्वारा शनिवार को अरुण जेटली स्टेडियम में अपना अभ्यास सत्र रद्द करने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) वर्तमान में स्थिति का आकलन कर रही है। इसके ठीक एक दिन पहले बांग्लादेश ने इसी कारण से शुक्रवार शाम को अपना अभ्यास सत्र रद्द कर दिया था। खतरनाक प्रदूषण स्तर ने कई लोगों को सुबह की सैर, खेल और अन्य बाहरी गतिविधियों को छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया है। वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने में विफल रहने की आलोचना के बीच दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को केंद्र से वाहन प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली-एनसीआर में केवल सीएनजी, इलेक्ट्रिक और बीएस 6-अनुपालक वाहनों को अनुमति देने का आग्रह किया।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव को लिखे पत्र में उन्होंने दिवाली और पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने के कारण आने वाले दिनों में वायु गुणवत्ता में संभावित गिरावट को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इसलिए, इस मुद्दे के समाधान के लिए एनसीआर राज्यों के साथ एक आपातकालीन बैठक बुलाई जानी चाहिए। दिल्ली और एनसीआर पिछले पांच दिनों से भारी धुंध की चपेट में है और राजधानी में एक्यूआई में अभूतपूर्व

(शेष पेज 9)

नेपाल में भूकंप के कारण 157 की मौत

- 160 लोग घायल, शुक्रवार आधी रात से ठीक पहले 6.4 तीव्रता वाला झटका नेपाल से लेकर दिल्ली तक महसूस किया गया
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल में भूकंप के कारण हुए जान-माल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया

पीएनएस/एजेंसी। काठमांडू/नई दिल्ली

नेपाल के जाजरकोट में भूकंप के बाद राहत और बचाव कार्य में जुटे सुरक्षाकर्मी।

नेपाल में शुक्रवार आधी रात से ठीक पहले आए 6.4 तीव्रता वाले भूकंप के तेज झटकों के कारण हिमालई देश के सुदूर पर्वतीय क्षेत्र में कम से कम 157 लोगों की मौत हो गई, 160 अन्य लोग घायल हो गए और सैकड़ों मकान क्षतिग्रस्त हो गए।

अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह नेपाल में 2015 के बाद सबसे विनाशकारी भूकंप है। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, भूकंप शुक्रवार को आधी रात 11 बजकर 47 मिनट पर आया, जिसका केंद्र जाजरकोट जिले में था। यह स्थान राजधानी काठमांडू से करीब 500 किलोमीटर पश्चिम में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल में भूकंप के कारण हुए जान-माल के नुकसान पर शनिवार को दुख व्यक्त किया और कहा कि भारत अपने पड़ोसी देश के साथ एकजुटता से खड़ा है और उसे हर संभव मुहैया कराने के लिए तैयार है। नेपाल में 2015 में 7.8 तीव्रता के भूकंप और उसके बाद आए झटकों के कारण लगभग 9,000 लोगों की मौत हो गई थी और 22,000 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

हालिया भूकंप 2015 के बाद से देश में आया सबसे विनाशकारी भूकंप है। भूकंप का असर काठमांडू और इसके आसपास के जिलों और यहां तक कि पड़ोसी देश भारत की राजधानी नई दिल्ली तक में महसूस किया गया। नेपाल सेना के प्रवक्ता कृष्ण प्रसाद भंडारी के अनुसार नेपाल सेना ने भूकंप के तुरंत बाद घटना स्थल पर बचाव कार्य करने के लिए शुक्रवार को अपने कर्मियों को तैनात किया। बचाव कर्मी शनिवार को ढह गए मकानों के मलबे में दबे लोगों को निकालने की कोशिश करते नजर आए। सरकारी नेपाल टेलीविजन के अनुसार पश्चिमी नेपाल के जाजरकोट और रुकुम जिले भूकंप के कारण सबसे अधिक प्रभावित हुए।

प्रधानमंत्री सचिवालय ने बताया कि जाजरकोट और रुकुम में भूकंप के कारण मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 140 हो गई है और 150 लोग घायल हुए हैं मृतक संख्या और बढ़ने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप में मारे गए लोगों में जाजरकोट में नलगढ़ नगर पालिका की उप महापौर सरिता सिंह भी शामिल हैं। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र ने बताया कि शुक्रवार रात आए भूकंप बाद के लगभग 159 झटके दर्ज किए गए हैं। कई लोग फिर से भूकंप आने और मकानों को होने वाले संभावित नुकसान की

(शेष पेज 9)

विश्व कप क्रिकेट

- **परिणाम:** पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को 21 रन से हराया
- ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 33 रन से हराया
- **आज:** भारत और दक्षिण अफ्रीका

क्विक न्यूज

सिएटल में नया वाणिज्य दूतावास खोलेगा भारत

नई दिल्ली। भारत जल्द ही अमेरिका के सिएटल में एक नया वाणिज्य दूतावास खोलेगा। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस पहल की पहली घोषणा लगभग सात साल पहले की गई थी। जून में वाशिंगटन में पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच वार्ता के बाद जारी एक संयुक्त बयान में उल्लेख किया गया था कि भारत इस साल के अंत में सिएटल में अपना नया वाणिज्य दूतावास शुरू करेगा। सूत्रों ने बताया कि 2002 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी प्रकाश गुप्ता सिएटल में मिशन के महावाणिज्य दूत की जिम्मेदारी निभा सकते है।

चुंबक से निकाली बच्चे के फेफड़े में फंसी सुई

- एम्स के चिकित्सक ने गैर परंपरागत तरीके से इलाज कर बचाई गई मासूम की जान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

फेफड़े में धंसी सिलाई मशीन की सुई।

बच्चे के फेफड़े से निकाली गई सुई।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के चिकित्सकों ने सात वर्षीय बच्चे के बाएं फेफड़े में धंसी सुई को चुंबक की मदद से सफलतापूर्वक निकाला है। अस्पताल ने शनिवार को यह जानकारी दी। अस्पताल ने कहा कि बाल चिकित्सा सर्जरी विभाग की टीम ने जटिल एंडोस्कोपिक प्रक्रिया के जरिए फेफड़े के भीतर धंसी चार सेंटीमीटर की सुई को निकाला।

बच्चे को हेमोप्टाइसिस (खांसी के साथ रक्तस्राव) की शिकायत के बाद गंभीर स्थिति में बुधवार को एम्स में भर्ती कराया गया था। बाल चिकित्सा सर्जरी विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. विशेष जैन ने बताया कि रेडियोलॉजिकल जांच से पता चला कि बच्चे के बाएं फेफड़े में सिलाई मशीन की एक लंबी सुई धंसी हुई है। डॉ. जैन ने एक परिचित के जरिए उसी शाम चांदनी चौक बाजार से चुंबक खरीदने की व्यवस्था की।

जैन ने कहा, चार मिलीमीटर चौड़ाई और 1.5 मिलीमीटर मोटाई वाला चुंबक इस काम के लिए एकदम सही उपकरण था। प्रक्रिया की जटिलताओं के बारे में बताते हुए, बाल चिकित्सा सर्जरी विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. देवेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि सुई फेफड़े के भीतर इतनी गहराई तक धंसी थी कि पारंपरिक तरीके लगभग अप्रभावी साबित होते। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों की टीम ने गहन चर्चा की, जिसका उद्देश्य सुई को सुरक्षित और प्रभावी ढंग से निकालने के लिए अभिनव समाधान तलाशना था।

डॉ. जैन ने कहा, प्राथमिक उद्देश्य श्वांसनली को किसी भी तरह के जोखिम से बचाकर चुंबक को सुई के स्थान तक ले जाना था। टीम ने सरलतापूर्वक एक विशेष उपकरण तैयार किया, जिसमें चुंबक को एक रबर बैंड और धागे का उपयोग करके सुरक्षित रूप

(शेष पेज 9)

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 5 नवंबर, 2023

न्यू ग्रेटर नोएडा : चारों ओर प्रवेशद्वार और ट्रक प्वाइंट बनेंगे

ग्रेटर नोएडा में सभी हित धारकों की हुई बैठक, मास्टर प्लान को अंतिम रूप देने में जुटा प्राधिकरण

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

न्यू ग्रेटर नोएडा एनसीआर में और खास होगा। यह शहर हाइटेक व मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रदूषण से मुक्त और पहले से भी अधिक हरा भरा होगा। इस शहर में औद्योगिक निवेश पर अधिक जोर होगा।

इसके चारों ओर ट्रकर्स प्वाइंट विकसित किये जाएंगे। माल-ढुलाई और सभी तरह की यूटिलिटी के लिए विशेष कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे। दरअसल, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण मास्टर प्लान 2041 को अंतिम रूप देने में जुटा है।

इसका ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है, जिसके मुताबिक मास्टर प्लान 2041 के अंतर्गत ग्रेटर नोएडा का कुल क्षेत्रफल 55970 होगा। ग्रेटर नोएडा फेस टू के अंतर्गत 140 गांव शामिल किए जाएंगे, जबकि फेस वन 117 गांव हैं। मास्टर प्लान 2041 में ग्रेटर नोएडा फेस वन व टू की कुल आबादी 40 लाख होने का आकलन है। ड्राफ्ट मास्टर प्लान पर सुझाव प्राप्त करने के मकसद से

न्यू ग्रेटर नोएडा के प्रतीकात्मक फोटो

प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने शुक्रवार को एसीईओ मेधा रूपम, एसीईओ अमनदीप डुली, एसीईओ आशुतोष द्विवेदी, एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग व सभी स्टैक होल्डर्स के साथ बैठक की और ड्राफ्ट मास्टर प्लान सभी से सुझाव लिए गए। ग्रेटर नोएडा 2041 में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए 2021 मास्टर प्लान की तुलना में उद्योगों को अधिक महत्व दिया जाएगा। ग्रेटर नोएडा फेस टू में उद्योगों के माल ढुलाई को सुगम बनाने के लिए विशेष कॉरिडोर विकसित किया जाएगा।

इसके चारों ओर शहर के मुख्य प्रवेश प्वाइंट ट्रकों के लिए अलग-अलग जगहों पर ट्रकर्स प्वाइंट विकसित किए जाएंगे। इस नए ग्रेटर नोएडा में वितरण से संबंधित सभी बिजली के तार भूमिगत होंगे, सिर्फ ट्रांसमिशन लाइन ही बाहर से दिखेंगी। मास्टर प्लान 2041 के अप्रूव्ड होने के बाद बिजली का भी मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा।

इसकी जिम्मेदारी एनपीसीएल को दी गई है। इस शहर के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सभी तरह की यूटिलिटी के लिए विशेष कॉरिडोर विकसित किया जाएगा, ताकि मेनटेनेंस के कार्यों के लिए बार-बार सड़कें न खोदनी पड़ें। नए शहर में प्रदूषण पर विशेष फोकस किया जाएगा। प्रदूषण विभाग से इस पर स्टडी करने को कहा गया है। तालाब या किसी भी तरह के जल स्रोत से कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। सीईओ एनजी रवि कुमार ने कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए एक अच्छा और प्रदूषण मुक्त शहर का प्लान तैयार करना हम सभी का दायित्व है। इसलिए कोई भी व्यक्ति या विभाग मास्टर प्लान पर खुलकर सुझाव दे सकते हैं।

उन्होंने कहा कि कोई भी नेचुरल ड्रेन से छेड़छाड़ न किया जाए, बल्कि उसे और सौंदर्यीकृत किया जाए। ड्रेन के दोनों तरफ कम से 50.50 मीटर की दूरी को नो कंस्ट्रक्शन जोन घोषित किया जाना चाहिए। उसके दोनों तरफ ग्रीनरी विकसित की जाए। इस ड्राफ्ट मास्टर प्लान पर पब्लिक के सुझावों पर अब 8 नवंबर को सुबह 11 बजे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चतुर्थ तल पर स्थित बोर्ड रूम में सुनवाई होगी, जिसमें प्राप्त सुझावों को समायोजित कर फ इनल मास्टर प्लान पर बोर्ड से अप्रूवल ली जाएगी और शासन से अनुमति लेकर आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

जीआरएपी उल्लंघनकर्ताओं पर 24.30 लाख का जुर्माना लगाया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- नोएडा प्राधिकरण द्वारा 26 चालान किए गए, जबकि उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (नोएडा कार्यालय) द्वारा 13 मामले दर्ज किए गए

नोएडा में शुक्रवार को क्रमिक प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) तीन के कम से कम 39 उल्लंघन दर्ज किए गए और रियल एस्टेट डेवलपर सहित अन्य उल्लंघनकर्ताओं पर 24.30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। यह जानकारी अधिकारियों ने दी नोएडा प्राधिकरण द्वारा 26 चालान किए गए, जबकि उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (नोएडा कार्यालय) द्वारा 13 मामले दर्ज किए गए।

नोएडा प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि उसने जीआरएपी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वाली 26 इकाइयों पर 13.80 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

प्राधिकरण ने कहा कि उसकी 14 टीमें जीआरएपी नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिदिन निर्माण स्थलों, सड़कों और खुली जगहों का निरीक्षण कर रही हैं। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) के क्षेत्रीय अधिकारी उत्सव शर्मा ने कहा कि इसके अतिरिक्त, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 13 इकाइयों पर 10.50 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है, जिसमें एक रियल एस्टेट डेवलपर पर पांच लाख रुपए का जुर्माना भी शामिल है।

इस बीच, नोएडा फेडरेशन ऑफ अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एनओएफएए) ने प्रदूषण पर अंकुश लगाने के वास्ते वाहनों के लिए सम-विषम योजना लागू करने की मांग की।

लोकसभा चुनाव: मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए शुरू हुआ विशेष अभियान

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर मतदाता सूची में नाम जुडवाने के लिए आज से विशेष अभियान शुरू किया गया। यह विशेष अभियान हर शनिवार व रविवार को आयोजित किया जाएगा।

इसमें सभी मतदान केन्द्रों पर फोटोयुक्त मतदाता सूची प्रदर्शित की गई। इस सूची में मतदाता अपना नाम, या कोई गलती है तो नहीं इसकी जांच कर सकेंगे। साथ ही संशोधन या नाम दर्ज कराने के लिए भी मौके पर आवेदन कर सकेंगे। सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक विशेष रूप से

मतदान केन्द्रों पर बीएलओ की डयूटी लगाई गई। जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम आरके सिंह ने नए मतदाताओं से अपील भी की है वह समय रहते अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराएं या फिर जो संशोधन होना है उसे कराएं। ताकि वह अपना वोट का प्रयोग मतदान वाले दिन कर सकें। नए वोटर कार्ड बनवाने के लिए आवेदका को दो रंगीन साइज पासपोर्ट साइज फोटो, राशनकार्ड की फोटो कॉपी, आधार कार्ड की फोटोकॉपी, उम्र 18वर्ष, घर के किसी सदस्य की वोटर कार्ड की फोटो कॉपी होनी चाहिए। इसके लिए फार्म-6 भरकर आवेदक मौके पर ही बीएलओ को दे सकेंगे जिससे लोकसभा चुनाव तक उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो सके। जिला प्रशासन भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मैं हूं ना अभियान चला रहा है।

नए मतदाता व छूटे हुए मतदाताओं के लिए फार्म-6, निवास परिवर्तन, मतदाता सूची में संशोधन, दिव्यांग मतदाताओं के लिए चिन्हांकन के लिए फार्म-8 भरना होगा।

पांचवीं मंजिल से कूदकर युवक ने आत्महत्या की

नोएडा। बिसरख थाना क्षेत्र की एक सोसाइटी में रहने वाले एक युवक ने इमारत की पांचवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली।

बिसरख थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल राजपूत ने बताया कि राधा स्काई गार्डन सोसाइटी निवासी विकास तिवारी (36) शुक्रवार शाम को इमारत की पांचवीं मंजिल से कूद गया। तिवारी के परिजनों ने उसे एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, थाना सूरजपुर क्षेत्र में रहने वाली महिला ने पंखे से फंदा लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी ने बताया कि सुषमा ने मानसिक तनाव के चलते पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

नौकरी करने गई युवती का अपहरण, अन्य दो लापता

- अलग-अलग मामलों में केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

अलग-अलग स्थान से स्कूल के लिए गए दो छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। इसके अलावा एक युवती भी लापता है।

परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। बताया जाता है कि युवती एक कंपनी में जॉब करने गई थी, जहां से उसका अपहरण कर लिया गया। ग्राम खानपुर निवासी सुशील कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनका 17 वर्षीय

बेटा अभिषेक यादव 31 अक्टूबर की सुबह घर से स्कूल के लिए गया था इसके बाद में वापस घर नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।

पीड़ित की शिकायत पर थाना कासना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। थाना दादरी में कटेहरा गांव निवासी सुनील शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनका बेटा राम शर्मा बीते दिनों स्कूल के लिए गया था इसके बाद वह कुछ देर बाद ही घर वापस आ गया। घर आने के बाद वह ट्यूशन जाने के लिए घर से निकाला इसके बाद वह घर नहीं लौटा। प्रारंभिक जांच को पता चला है कि 13 वर्षीय किशोर पूर्व में भी घर से बहाने बनाकर भाग चुका है। इसके अलावा थाना सेक्टर-39 में सदरपुर कॉलोनी निवासी राकेश काल्पनिक नाम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी बेटी बीते 30 अक्टूबर को घर से ड्यूटी के लिए गई थी देर शाम तक जब वह वापस नहीं लौटी।

पैदल जा रही लड़की पर नुकीली चीज से हमला

गाजियाबाद के थाना मधुबन क्षेत्र से सामने आए एक वीडियो ने उन सभी परिवारों को चिंता में डाल दिया है, जिनके घर की लड़कियां नौकरी या पढ़ाई के लिए जाती हैं और देर रात घर लौटती हैं। मामला थाना मधुबन के गुलधर का है। यहां एक युवती 2 नवंबर ऑफिस से अपने घर जा रही थी। इसी दौरान पहले एक युवक उसके साथ सड़क पर पैदल चलता है, उसके बाद उस पर किसी नुकीली चीज से गर्दन पर वार करके फरार हो जाता है। इसके बाद युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई तो हड़कंप मच गया।

संक्षिप्त समाचार

कौशांबी थाना पुलिस गिरफ्त में शातिर झपटमार।

अलग-अलग स्थानों से पुलिस ने दबोचे तीन स्नेचर

गाजियाबाद। कौशांबी थाना पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर तीन स्नेचरों को गिरफ्तार कर उनके पास से लाखों कीमत के दो मोबाइल व दो बाइक बरामद कर ली। पुलिस ने जिन चेन स्नैचरों को गिरफ्तार किया है उनके नाम समीर, प्रिंस व अयान है। जबकि समीर का साथी आकाश फरार हो गया। डीसीपी ट्रांस हिंडन शुभम पटेल ने बताया कि ये दोनों गैंग दिल्ली.एनसीआर में लूट व स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देते हैं।

हत्या या आत्महत्या के पेच में उलझी पुलिस

गाजियाबाद। मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र अंतर्गत सैक्टर 23 चौकी के इलाके में रहने वाले नवीन नामक का चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उक्त युवक की मौत की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाकर जांच शुरू कर दी थी। नवीन की मौत की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे उसके परिजनों ने उसकी हत्या किये जाने की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस को बताया कि उनका पुत्र आत्महत्या नहीं कर सकता था। एसीपी कविनगर के अनुसार मृतक नवीन दिल्ली का रहने वाला था। उसने लव मैरिज की थी। पुलिस नवीन की मौत की गुत्थी सुलझाने के लिय हर एंगल पर जांच कर रही है।

मोबाइल की दुकान में हुई लाखों की चोरी

गाजियाबाद। इंदिरापुरम पुलिस की निष्क्रियता के चलते इस थाना क्षेत्र में चोरी व झपटमारी जैसी संगीन वारदातों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन घटित होने वाली वारदातों की श्रंखला में एक कड़ी और उस समय जुड़ गई कि जब चोरों ने इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में स्थित सिमरन कंयूनिकेशन नामक मोबाइल शॉप के शटर के कुंडे व ताले काटकर वहां से कई मोबाइल, हार्ड डिस्क व अन्य कीमती सामान चुरा लिया।

अधिकारियों ने सड़क पर उतर कर कराई सफाई

नोएडा। नोएडा में बढ़ते वायु प्रदूषण से निजात दिलाने ग्रेप व एनजीटी के नियमों के अनुपालन के मद्दे नजर नोएडा प्राधिकरण गंभीर है। शनिवार को नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सुबह से ही सड़कों पर उतर गये। अपनी टीम के साथ विभिन्न नोएडा के सेक्टरों, गांवों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया व निर्माण कार्य बंद करवाए। बता दे दिल्ली एनसीआर में ग्रेप.3 स्टेज लागू है। जिसमें सभी तरह के निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई है। नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग के उप महाप्रबंधक एसपी सिंह शनिवार को कई सेक्टरों में पहुंचे। जगह-जगह जाकर सफाई व्यवस्था देखी। जहां कहीं भी गंदगी दिखाई दी, वहीं सफाई निरीक्षकों को सख्त हिदायत भी दी। जन स्वास्थ्य विभाग खंड.1 के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक विजय रावल ने भी सुबह सेक्टर. 50, 51, 52, 30, 31, निठारी समेत 28, 29 समेत कई सेक्टरों तथा गांवों का निरीक्षण किया तथा स्वास्थ्य निरीक्षकों के साथ खड़े होकर सफाई करवाई।

कक्षा में दोस्त से बात करने पर छात्र को बेरहमी से पीटा

गाजियाबाद। गाजियाबाद में मुरादनगर के किसान नेशनल इंटर कॉलेज में शिक्षक ने कक्षा दस के छात्र की बेहरमी से पिटाई कर दी। पिटाई से छात्र के हाथों की दो अंगुली में फैक्चर हो गया है। परिजनों ने शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर हंगामा किया। पुलिस ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन देकर किसी तरह शांत कराया। नूरगंज कॉलोनी निवासी इंतजार यहां परिवार सहित रहते हैं। उनका 15 साल का पुत्र अमन मेन बाजार स्थित किसान नेशनल इंटर कॉलेज में कक्षा दस में पढ़ता है। छात्र कॉलेज गया था। सुबह दस बजे कॉलेज से परिजनों के पास फोन पहुंचा अमन को चोट लग गई और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मुठभेड़ में दो बदमाशों को लगी गोली

- आठ मामलों में थी पुलिस को तलाश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनकी पहचान नितिश और सुमित हुई है। नितिश के ऊपर 28 मुकदमे दर्ज है। वहीं सुमित पर 8 मुकदमे दर्ज है। इनका अन्य आपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है।

डीसीपी विशाल पांडे ने बताया कि ये लोग लूट पाट की घटना को अंजाम देते थे। डीसीपी ने बताया कि मुखबिर से जानकारी मिली कि बदमाश लेबर चौक के आसपास आने वाले है। सेक्टर-58 ने लेबर चौक के पास चेकिंग शुरू की। इस दौरान बाइक सावर दो बदमाश आते दिखे। पुलिस पार्टी ने उन्हें रुकने का इशारा किया। बदमाशों ने बाइक की रफ्तार तेज कर दी। भागने लगे अंतिम वॉर्निंग देने के बाद भी बदमाश नहीं रुके। उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्यवाही में पुलिस ने फायर किया इसमें दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी। वो बाइक से गिर गए।

पुलिस ने दोनों को सेक्टर-62, सदर मालखाना सर्विस रोड के पास से गिरफ्तार किया। डीसीपी ने बताया कि ये लोग राह चलते लोगों या सुनसान इलाकों में तमंचा दिखाकर लोगों से लूटपाट करते थे। दिल्ली और नोएडा में कई वारदातों को अंजाम दे चुके है।

जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए आयोजित तहसील दिवस पर जिलाधिकारी मनीष कुमार। इस दौरान कई शिकायतों का तुरंत निवारण किया गया।

गाजियाबाद में पटाखों की दुकान पर छापा

- भीड़ का फायदा उठाकर दुकानदार फरार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

थाना कोतवाली क्षेत्र में तैनात सब इंस्पेक्टर विनोद सिंह ने एक मुकदमा दर्ज करवाया है। विनोद सिंह थाना में डासना गेट चौकी में तैनात हैं।

इसमें विनोद सिंह ने बताया है कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि प्रदीप कंसल उर्फ मोदी अवैध रूप से चौपला मंदिर स्थित अपनी दुकान पर अवैध पटाखे भर रखे है और उनको बेच रहा है। आपको बता दें कि गाजियाबाद में पटाखे बेचने पर प्रतिबंध है। इसके बाद दरोगा जब अपनी टीम के साथ प्रदीप कंसल उर्फ मोदी की दुकान पर पहुंचे तो मोदी फोन पर बात करते हुए भीड़ का फायदा उठाकर वहां से फरार हो गया। हालांकि पुलिस ने मोदी के गोदाम में रखे पटाखे जब्त कर लिए।

एसीपी कोतवाली निमिष पाटिल ने बताया कि इस रेड को वह लीड कर रहे थे। सूचना पर जब वह मौके पर पहुंचे तो प्रदीप कंसल उर्फ मोदी की दुकान के बारे में सही जानकारी नहीं थी। पुलिस लोगों से पूछ रही थी, इसी दौरान प्रदीप कंसल उर्फ मोदी को शक हुआ और वह वहां से फोन पर बात करता हुआ भीड़ में फरार हो गया। निमिष पाटिल के मुताबिक अवैध पटाखे जब्त कर लिए गए हैं साथ ही आरोपी की तलाश की जा रही है, उसको भी जल्द पकड़ लिया जाएगा। वहीं गाजियाबाद की लोनी बॉर्डर पुलिस ने भी अवैध पटाखों के खिलाफ अभियान चलाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसीपी अंकुर विहार रवि कुमार के मुताबिक पकड़े गए तीनों आरोपियों के नाम रिजवान, अमीर और समीर हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया है कि यह लोग इन पटाखों को आगामी दीपावली त्योहार पर अवैध रूप से बिक्री के लिए लाए थे। लेकिन इससे पहले ये अपने मकसद में सफल हो पाए। पुलिस ने इनको धर दबोचा।

ड्रेस-कोड बदलने की मांग को लेकर छात्राओं का हंगामा

गाजियाबाद। मोदीनगर के गिन्नी देवी मोदी महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने ड्रेस कोड सहित अन्य मांगों को लेकर जमकर हंगामा किया। छात्राओं ने चेतावनी दी है कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो वह कॉलेज परिसर में अनिश्चिकालीन धरना शुरू कर देगी। पुलिस ने छात्राओं को समझा बुझाकर शांत कराया।

दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित गिन्नी देवी महिला महाविद्यालय की छात्राएं सुबह 10 बजे कॉलेज के मुख्य गेट पर एकत्र होनी शुरू हो गई। प्राचार्या वंदना शर्मा ने बताया ड्रेस कोड बदलने की मांग पूरी नहीं की जा सकती है। कॉलेज परिसर में कैंटीन जल्द चालू करवा दी जाएगी।

नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक सात नवंबर को होगी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक सात नवंबर को होने जा रही है। इसके लिए मेयर सुनीता दयाल की ओर से एक पत्र नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक को भेजा गया है। मेयर ने कार्यकारिणी की बैठक बुलाने के लिए कहा है।

इसके साथ ही कार्यकारिणी की बैठक करने के लिए तैयारी भी शुरू हो गई है। नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक अगर सात नवंबर को होती है तो यह नए बोर्ड की तीसरी कार्यकारिणी की बैठक होगी। इससे पहले एक सामान्य और दूसरी विशेष कार्यकारिणी की बैठक हो चुकी है। हालांकि अभी तक बोर्ड की बैठक केवल एक हुई है। कार्यकारिणी की बैठक को लेकर प्रस्ताव तैयार किए जा रहे है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कार्यकारिणी की बैठक में अभी क्या क्या विशेष प्रस्ताव पेश होने जा रहे है।

निगम अधिकारी का कहना है कि मेयर की ओर से सात नवंबर को कार्यकारिणी की बैठक बुलाने का प्रस्ताव मिला है। इसी के बाद ही सभी विभागों से कार्यकारिणी में पेश करने के लिए प्रस्ताव मांगे गए है।

'आईएसटीएमएस कंट्रोल रूम से जोड़ा जाए नोएडा सेक्टर-18 मार्केट'

- व्यापारियों ने प्राधिकरण के सामने 18 मांग रखी, सीईओ बोले सभी का होगा समाधान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

त्योहारों पर सुरक्षा व्यवस्था और सौंदर्यीकरण के लिए नोएडा अथॉरिटी के सीईओ और सेक्टर-18 मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के बीच बैठक सीईओ लाकेश एम के नेतृत्व में नोएडा अथॉरिटी में हुई।

इस बैठक में दुकानों और शोरूम के सीसीटीवी को आईएसटीएमएस कंट्रोल रूम से जोड़ने की बात की गई। जिससे सीधे तौर पर दुकानों की निगरानी की जा सके। साथ ही इसमें यह भी प्रस्ताव रखा गया कि सेक्टर-18 में हर ब्लॉक अलग-अलग रंग का हो। बैठक में सेक्टर-18 के व्यापारियों ने

व्यापारियों के साथ बैठक में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम व अन्य अधिकारी।

अधिकारियों को 18 समस्याओं से अवगत कराया। इस मौके पर अधिकांश पर सहमति बनी। बैठक में तय हुआ कि सेक्टर-18 के हर ब्लॉक का अलग-अलग रंग होगा।

साथ ही यहां सभी साइन बोर्ड एक रंग और साइज के होंगे। इसके अलावा पार्किंग समेत कई मुद्दों पर चर्चा की गई। वहीं, सेफ सिटी के तहत सेक्टर-18 की दुकानों और शो रूम के सीसीटीवी कैमरे आईएसटीएमएस से जोड़े जाएं। जिससे दुकानों की सीधी निगरानी हो सके। मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष एसके जैन ने बताया कि पार्किंग के संबंध में पहले आधे घंटे तक 20 रुपए और उसके बाद के चार घंटे का 50 रुपए सुनिश्चित हुआ था। जिसे पहले आधे घंटे से ज्यादा समय होने पर 50 रुपए चार घंटे का लिया जाना चाहिए था। लेकिन, कॉन्ट्रैक्टर अब आधा घंटे से एक मिनट भी ऊपर होने पर 70 रुपए चार्ज करता है, जो कि गलत है।

इस समस्या का निपटारा किया जाए। पहले सेक्टर-18 में सभी प्रतिष्ठानों पर कार्यरत या मालिकों, पार्टनर सभी को चार पहिया, दो पहिया वाहनों को बहुमंजिला पार्किंग में खड़े करने के लिए 600 और 300 रुपए महीने का पास दिया जाता था, जिसे अब सिर्फ एक प्रतिष्ठान पर एक पास कर दिया गया है, जो कि गलत है।

यह सुविधा सभी को जारी रखनी चाहिए। सभी पार्किंग कर्मियों का व्यवहार जनता के साथ अच्छा हो, वहीं सभी यूनिफॉर्म में एवं पहचान पत्र के साथ हो। बहुमंजिला पार्किंग से बाजार तक आने-जाने के लिए ई रिक्शा पर्याप्त मात्रा में चले, समय-समय पर सेक्टर-18 मार्केट एसोसिएशन नोएडा के प्रतिनिधियों से इनका परिचालन का सत्यापन कराया जाय। नो पार्किंग जोन के वाहनों का चालान करने से पहले पी-सिस्टम लाउडस्पीकर से वार्निंग की घोषणा करनी चाहिये। चालान यातायात कर्मियों द्वारा ही किए जाएं। वाहन पार्किंग की जगह एवं खड़े हो सकने वाले वाहनों की सूची सत्यापन के लिए सेक्टर-18 मार्केट एसोसिएशन नोएडा को उपलब्ध कराई जाए।

नालियों का स्लोप समान न होने के कारण बारिश के दौरान जलभराव होता है, इसे ठीक किया जाय। सेक्टर-18 की सीवर लाइन की सफाई एवं शो रूम के साथ बने सीवर मैनहोल्स को ठीक किया जाय। सेक्टर-18 के विभिन्न स्थानों पर लिंकिंग के साथ मल्टी लेवल पार्किंग से मैट्रो स्टेशन सेक्टर-18 तक एलिवेटेड स्काई वॉकवे बनवाया जाय। मॉल ऑफ इंडिया के सामने डायवर्जन को बार-बार बंद कर देते हैं, जिसको खोला जाय एवं समुचित समाधान हो।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 5 नवंबर, 2023

सिर्फ पर्यावरण अनुकूल वाहन ही चले: गोपाल राय

● केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को लिखा पत्र

दिल्ली-एनसीआर में गहराते प्रदूषण पर पर्यावरण मंत्री ने केंद्र सरकार से किया आग्रह

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को केंद्र सरकार से वाहन जनित प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में केवल सीएनजी, इलेक्ट्रिक और बीएस-6 वाहनों को अनुमति देने का आग्रह किया।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव को लिखे पत्र में राय ने दीपावली और पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने के मद्देनजर आने वाले दिनों दिनों में वायु गुणवत्ता में संभावित गिरावट को लेकर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, इस मुद्दे के समाधान के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) से जुड़े राज्यों के साथ आपातकालीन बैठक बुलाई जानी चाहिए। केंद्र के वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के निर्देशों के अनुसार, एक नवंबर से दिल्ली और एनसीआर में आने वाले हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के शहरों और कस्बों के बीच केवल इलेक्ट्रिक, सीएनजी और बीएस-6 डीजल बसों को संचालित करने की अनुमति है।

राय ने सुझाव दिया कि केंद्र सरकार को पूरे एनसीआर क्षेत्र में बीएस-6 मानदंडों का अनुपालन नहीं करने वाले सभी वाहनों पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। हाल के वर्षों में कई अध्ययनों से पता चला कि राजधानी में पीएम2.5 उत्सर्जन में सड़क पर चलने वाले वाहनों से निकलने वाले धुएं का योगदान नौ से 38 फीसदी तक है। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को लगातार पांचवें दिन जहरीली धुंध छाई रही जिससे बच्चों और बुजुर्गों में सांस और आंख से जुड़ी समस्याओं के बढ़ने को लेकर डॉक्टर चिंतित हैं।

तापमान में धीरे-धीरे गिरावट, प्रदूषण में सहायक शांत हवा की उपस्थिति और पंजाब तथा हरियाणा में कटाई के बाद धान की पराली जलाने की घटनाओं में वृद्धि के कारण पिछले सप्ताह हवा की गुणवत्ता खराब हो गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक, 27 अक्टूबर से तीन नवंबर के बीच दिल्ली की वायु गुणवत्ता सूचकांक में 200 अंकों की वृद्धि हुई है, जिससे शुक्रवार को यह अति गंभीर श्रेणी में पहुंच गया।

धुंध की चादर से लिपटा इंडिया गेट का नजारा।

प्रधानमंत्री से आपात बैठक बुलाने की अपील

नई दिल्ली। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया कि वह राष्ट्रीय राजधानी में गंभीर वायु प्रदूषण के मद्देनजर दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश सरकारों की आपात बैठक बुलाएं। उद्योग निकाय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक 27 अक्टूबर से तीन नवंबर के बीच दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 अंक से अधिक बढ़ गया, जो शुक्रवार को गंभीर से अधिक की श्रेणी में पहुंच गया। सीटीआई के चेयरपर्सन ब्रजेश गोयल ने कहा कि त्योहारी सत्र के बावजूद प्रदूषण के कारण कारोबार में गिरावट आ रही है।

स्मॉग टावर परियोजना रोकने वाले अध्यक्ष को निलंबित करें : मंत्री

नई दिल्ली। *दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर वायु प्रदूषण कम करने के उद्देश्य से दो साल पहले कनॉट प्लेस में लगाए गए एक बड़े स्मॉग टावर के संचालन को मनमाने ढंग से रोकने को लेकर दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी (डीपीसीसी) के अध्यक्ष अश्विनी कुमार को निलंबित करने की मांग की।*

केजरीवाल को लिखे पत्र में, राय ने परियोजना प्रभारी अनवर अली के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की भी मांग की। मंत्री ने अली पर कुमार के दबाव में स्मॉग टावर की प्रभावशीलता पर अपना रुख बदलने का आरोप लगाया। राय ने उल्लेख किया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के बाद दिल्ली में दो स्मॉग टावर लगाए गए - डीपीसीसी के तहत कनॉट प्लेस में और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तहत आनंद विहार में। दिसंबर में डीपीसीसी अध्यक्ष का कार्यभार संभालने वाले कुमार ने सरकार को सूचित किए बिना आईआईटी-मुंबई और परियोजना पर काम कर रही अन्य एजेंसियों को धन जारी करना रोक दिया, जिसे राय ने अदालत की अवमानना माना।

राय ने पत्र में लिखा, मैं माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों की अवमानना करने, मंत्रिपरिषद के फैसले को लागू नहीं करने, मनमाने ढंग से संचालन और रखरखाव भुगतान रोकने, अध्ययन के गुण-दोष के आधार पर निर्णय लेने और उन्हें कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत करने में विफल रहने तथा मानसून के महीनों के बाद स्मॉग टावर को फिर शुरू नहीं करने के लिए डीपीसीसी अध्यक्ष अश्विनी कुमार के खिलाफ निलंबन और अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव करना चाहता हूं। उन्होंने पत्र में लिखा है कि इन कारणों से ऐसे समय में स्वच्छ वायु क्षेत्र बनाने में बाधा उत्पन्न हुई, जब प्रदूषण का स्तर बढ़ने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने 23 अगस्त, 2021 को कनॉट प्लेस में 24 मीटर से अधिक ऊंचे स्मॉग टावर का उद्घाटन किया था। दिल्ली सरकार ने इसके प्रभाव का दो साल के लिए अध्ययन करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई के विशेषज्ञों की एक टीम का गठन किया था।

वायु प्रदूषण के बीच आप-भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप हुआ तेज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में वायु गुणवत्ता संकट के बीच प्रदूषण को लेकर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और विपक्षी भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शनिवार को तेज हो गया। आप ने राष्ट्रीय राजधानी में लोगों के सामने आए संकट के लिए भाजपा शासित हरियाणा को जिम्मेदार ठहराया, जबकि भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लिखे पत्र में कहा कि अब समय आ गया है कि आरोप-प्रत्यारोप का खेल बंद किया जाए और लोगों की सुरक्षा के लिए कदम उठाए जाएं।

उन्होंने आरोप लगाया कि सर्दियों के दौरान शहर में जहरीली वायु गुणवत्ता की वार्षिक समस्या के लिए केजरीवाल सरकार का संवेदनहीन और ओछा रवैया जिम्मेदार है। हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर सरकार पर निशाना साधते हुए आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा, उन्होंने पराली प्रबंधन के लिए कुछ नहीं किया है। अगर खट्टर सरकार चाहे तो हम पंजाब से अपने विशेषज्ञ भेज सकते हैं जो उन्हें मार्गदर्शन दे सकते हैं कि पराली निस्तारण के लिए कहां मशीनों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश के 52 सबसे प्रदूषित जिलों में से 20 हरियाणा में हैं। कक्कड़ ने कहा कि यहां तक कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी शिकायत की कि जब वह गाजियाबाद पहुंचे तो उनकी आंखों में खुजली हो रही थी।

दिल्ली सरकार समस्याओं को सीधे सुलझाने में विश्वास रखती है, यही कारण है कि 40 स्थानों पर निगरानी की जाती है, लेकिन हरियाणा सरकार ऐसा नहीं कर रही है। पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में 50-67 प्रतिशत की कमी आई है, हालांकि राज्य का भौगोलिक क्षेत्र जहां धान उगाया जाता है, हरियाणा की तुलना में दोगुना है। उन्होंने दावा किया, दिल्ली में अधिकांश प्रदूषण हरियाणा से आता है क्योंकि पंजाब में पराली जलाने का केंद्र 500 किलोमीटर दूर है, जबकि हरियाणा के मामले में यह केवल 129 किलोमीटर दूर है।

सुधार का दावा गलत : सचदेवा

नई दिल्ली। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि यह चौंकाने वाली बात है कि दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय प्रदूषण की स्थिति में सुधार का दावा कर रहे हैं, जबकि हर दिल्लीवासी या तो खांसी से त्रस्त है या सिरदर्द और आंखों में जलन की शिकायत कर रहा है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि यह देखकर आश्चर्य होता है कि गोपाल राय ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को पत्र लिखकर दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति को खराब करने वाली दिल्ली सरकार की जवाबदेही से बचाने का प्रयास करते हुऐ प्रदूषण पर उत्तरी राज्यों की बैठक बुलाने का अनुरोध किया है।

आरडब्ल्यूए ने कूड़ा जलाने पर रोक लगाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● जागरूकता लाने को निवासियों से संवाद सत्र का आयोजन

दिल्ली में शनिवार को लगातार पांचवें दिन वायु प्रदूषण के उच्च स्तर और धुंध की जहरीली परत का मुकाबला करने के अभियान में रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) भी आगे आए हैं और कूड़ा जलाने पर रोक लगाने, परामर्श जारी करने तथा संकट के तरीकों से निपटने के लिए चर्चा जैसे उपाय कर रहे हैं।

मॉडल टाउन आरडब्ल्यूए के संजय गुप्ता ने बताया, हमने निवासियों को कूड़ा जलाने से रोकने के लिए एक नोटिस जारी किया है। हमने सुरक्षा गार्ड को भी किसी भी तरह की आग न जलाने का निर्देश दिया है। उत्तरी दिल्ली में एक आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष अशोक भसीन ने कहा, हम संवाद सत्र का आयोजन कर रहे हैं, जहां हम लोगों को जब तक जरूरी न हो, बाहर न जाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

मध्य दिल्ली के करोल बाग में एक आरडब्ल्यूए की अध्यक्ष गीता ने कहा, हवा जहरीली हो गई है और सभी उम्र के लोगों को प्रभावित कर रही है। यूनाइटेड रेजिडेंट्स ऑफ दिल्ली के महासचिव सौरव गांधी ने कहा कि कई आरडब्ल्यूए ने सलाह जारी कर लोगों को बचाव की सलाह दे रहे हैं।

डीटीसी बस ने एक दर्जन वाहनों को मारी टक्कर, एक की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की एक इलेक्ट्रिक बस ने शनिवार को यहां दक्षिणी रोहिणी में एक दर्जन से अधिक वाहनों को टक्कर मार दी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि यह हादसा दोपहर करीब पौने तीन बजे अवंतिका में विश्राम चौक के पास हुआ। बस ने पहले एक कार को टक्कर मारी और फिर एक ई-रिक्शा से टकरा गई। इसके बाद बस ने सड़क किनारे खड़े कई दोपहिया वाहनों को टक्कर मार दी। पुलिस के पास घटना का सीसीटीवी फुटेज है।

पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। इसने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि बस के चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया होगा। पुलिस ने बताया कि घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आप नेताओं पर हो रहे झूठे मुकदमे: आतिशी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



● शिक्षा मंत्री ने कहा, खौफ खायी भाजपा कर रही एजेंसियों का दुरुपयोग

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की बढ़ती लोकप्रियता को रोकने के लिए भाजपा अपनी एजेंसियों का दुरुपयोग करते हुए आम आदमी पार्टी के नेताओं पर झूठे केस-मुकदमे कर रही है। यह आरोप शिक्षा मंत्री आतिशी ने शनिवार को गुजरात में आप विधायक व आदिवासी नेता चैतर वसाबा पर केस दर्ज होने के बाद लगाया।

आतिशी ने कहा कि इसके साथ ही भाजपा की गुजरात सरकार का आदिवासी विरोधी चेहरा सामने आया है। ज्ञात रहे कि विधायक चैतर वसाबा पर मुकदमा दर्ज किया है और उनकी पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आतिशी ने कहा कि, मैंने एक भविष्यवाणी की थी कि आने वाले कुछ दिनों में आम आदमी पार्टी के एक-एक नेता, विधायक, मंत्री, सांसद पर झूठे केस लगाकर कार्रवाई की जाएगी। 2 दिन पहले ही दिल्ली के श्रम मंत्री राजकुमार आनंद जी के घर एक 18 साल पुराने केस में 20 घंटे तक छापा मारा गया।

यौन पीड़िताओं की गर्भ समाप्ति में विलंब पर कोर्ट की आपत्ति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● चिकित्सकों और पुलिस द्वारा निर्देशों का पालन नहीं करने पर उच्च न्यायालय की टिप्पणी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने यौन उत्पीड़न की शिकार महिलाओं के चिकित्सीय गर्भपात को लेकर चिकित्सकों और पुलिस द्वारा उसके निर्देशों का पालन नहीं करने पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की है।

उच्च न्यायालय ने कहा कि अधिकारियों की ऐसी गलतियां नाबालिगों के शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हैं। दुष्कर्म की एक नाबालिग पीड़िता गर्भवती होने और उसके द्वारा अदालत से 25 महीने के अपने गर्भ को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति मांगने के मामले में जनवरी में कुछ दिशा-निर्देश और निर्देश पारित किए थे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मेडिकल बोर्ड गठित करने के लिए अदालत से निर्देश मांगने और उसके बाद प्रक्रिया के लिए आदेश जारी करने की प्रक्रिया में दुष्कर्म पीड़ितों की गर्भावस्था की चिकित्सा समाप्ति के लिए कीमती समय बर्बाद न हो। अदालत ने कहा कि यह निर्देश लेकिन गर्भावस्था की समाप्ति की स्थिति में यह उसके शारीरिक स्वास्थ्य और कल्याण के लिए भी महत्वपूर्ण है।

बवाना स्थित चूड़ी के कारखाने में लगी आग, कोई हताहत नहीं

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के बवाना औद्योगिक क्षेत्र में चूड़ी बनाने के एक कारखाने में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब नौ बजे बवाना के जी. ब्लॉक स्थित कारखाने में आग लगने की सूचना मिली।

उन्होंने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए दमकल की कम से कम 20 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और आग को बुझाने में करीब पांच घंटे लगे।

अधिकारी ने बताया कि तीन मंजिला इमारत के भूतल पर शॉर्ट-सर्किट से आग लगने का संदेह है, जिसके बाद आग पहली और दूसरी मंजिल तक फैल गई। उन्होंने बताया कि आग लगने के बाद सभी श्रमिकों को सुरक्षित निकाल लिया गया था। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। वहीं मामले की जांच जारी है।

सफल केंद्र पर मिल रहा 25 रुपये किलो प्याज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● केंद्रीय भंडार ने भी शुक्रवार से अपने आउटलेट से प्याज की खुदरा आपूर्ति शुरू की

केंद्र ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में मदर डेयरी के सफल बिक्री केंद्र पर 25 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से प्याज मिलना शुरू हो गया है। प्याज की बढ़ती कीमतों से उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए यह कदम उठाया गया है। हैदराबाद कृषि सहकारी संघ तेलंगाना और अन्य दक्षिणी राज्यों में ऐसी ही पहल संचालित कर रही है।

सहकारी निकाय एनसीसीएफ और नेफेड पहले ही केंद्र सरकार की ओर से रियायती दर पर बफर प्याज की खुदरा बिक्री कर रहे हैं। नेफेड ने अब तक 21 राज्यों के 55 शहरों में मोबाइल वैन और स्टेशन आउटलेट सहित 329 खुदरा केंद्र स्थापित किए हैं। दूसरी ओर एनसीसीएफ ने 20 राज्यों के 54 शहरों में 457 खुदरा केंद्र स्थापित किए हैं। केंद्रीय भंडार ने भी तीन नवंबर से दिल्ली-एनसीआर में अपने आउटलेट से प्याज की खुदरा आपूर्ति शुरू कर दी है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सफल मदर डेयरी में इस सप्ताहांत से बफर प्याज की बिक्री शुरू होगी। तेलंगाना और अन्य दक्षिणी राज्यों में उपभोक्ताओं को प्याज की खुदरा बिक्री हैदराबाद कृषि सहकारी संघ (एचएसीए) कर रही है। मंत्रालय ने खरीफ फसल की आवक में देरी के कारण प्याज की कीमतों में हालिया वृद्धि से उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बफर स्टॉक से प्याज की खुदरा बिक्री शुरू की है।

सरकार ने चालू वर्ष के लिए पांच लाख टन प्याज का बफर स्टॉक बनाए रखा है और अतिरिक्त दो लाख टन का बफर बनाने की योजना है। सरकार के इन कदमों से प्याज की थोक कीमतों में गिरावट का रुख दिख रहा है, लेकिन खुदरा बाजारों में इसका असर दिखने में समय लग रहा है।

मंत्रालय ने कहा, खुदरा कीमतों में आने वाले सप्ताह में इसी तरह की गिरावट की उम्मीद है। इसके अलावा सरकार ने आम घरों में दाल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 60 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती कीमत पर भारत दाल पेश की है। भारत दाल को नेफेड, एनसीसीएफ, केंद्रीय भंडार, सफल और तेलंगाना तथा महाराष्ट्र में राज्य नियंत्रित सहकारी समितियों के जरिए उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया जा रहा है।

संक्षिप्त समाचार

एनडीएमसी केंद्र में लगे शिविर में समस्याओं का निस्ताकरण करते कर्मचारी।

पानी बिलों की समस्याओं को लेकर लगाया शिविर

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने सेवा उपयोगकर्ताओं को सूचना, सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने के लिए एनडीसीसी कन्वेन्शन सेंटर एक सुविधा शिविर का आयोजन किया। यह सुविधा शिविर विशेष रूप से बिजली और पानी के बिल से संबंधित मुद्दों जैसे - बिलिंग पूछताछ, बिल सुधार, मीटर रीडिंग और भुगतान व्यवस्था के समाधान पर केंद्रित था। शिविर में विशेषज्ञों की एक समर्पित टीम द्वारा बिलिंग समस्याओं के समाधान के लिए एक विशेष डेस्क स्थापित किया गया था। शिविर में विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए उपस्थित लोगों की सहायता के लिए एक और विशेषज्ञ टीम उपलब्ध थी। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के संबंधित अधिकारियों ने शिविर में जनता से 134 शिकायतें प्राप्त की। पालिका परिषद के 30 विभागों के सौ से अधिक अधिकारी/कर्मचारी शिकायतों के मौके पर निवारण के लिए शिविर में मौके पर मौजूद रहे। विभिन्न विभागों के हेल्प डेस्क की निगरानी उनके विभागाध्यक्ष करते रहे। इन सुविधा शिविरों के आयोजन के अलावा पालिका परिषद क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं के लिए संपर्क रहित शिकायत निवारण तंत्र के रूप में एक जन सुविधा पोर्टल भी लॉन्च किया हुआ है। इस जन सुविधा पोर्टल का लिंक एनडीएमसी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

एआईसीटीई ने शुरू किया प्लेसमेंट पोर्टल

नई दिल्ली। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के तकनीकी कॉलेजों के छात्रों के लिए एआईसीटीई प्लेसमेंट पोर्टल लांच किया है। इसके माध्यम से ग्रामीण, आदिवासी क्षेत्रों के छात्रों को घर बैठे नौकरी और नियोक्ता के बारे में जानकारी मिलेगी। इसके अलावा कंपनियां इन कॉलेजों में कैंपस प्लेसमेंट करेंगी। पोर्टल लांच के कुछ ही घंटों में 2200 से अधिक सरकारी और बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने इसमें पंजीकरण किया है। एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रोफेसर टीजी सीमाराम ने कहा कि ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के कॉलेजों में बड़ी कंपनियां प्लेसमेंट ड्राइव के लिए नहीं जाती हैं। इसके मद्देनजर विशेष एआईसीटीई प्लेसमेंट पोर्टल तैयार किया गया है। पोर्टल के माध्यम से छात्रों को घर बैठे नौकरी के हजारों विकल्प उपलब्ध कराए जाएंगे।

मेट्रो चौथा चरण : जुलाई 2024 से चालू होगा पहला खंड

डीएमआरसी प्रमुख विकास कुमार ने दी जानकारी, जनकपुरी पश्चिम से आरके आश्रम मार्ग को खोला जाएगा

एजेंसी। नई दिल्ली

कोविड-19 महामारी के प्रभाव के कारण दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण की परियोजना के लिए नए लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, जिसके तहत जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम मार्ग के पहले खंड को जुलाई 2024 तक खोलने की योजना है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के प्रमुख विकास कुमार ने यह जानकारी दी।

एक साक्षात्कार में, कुमार ने यह भी कहा कि जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम मार्ग गलियारे के 2.5 से तीन किलोमीटर के एक छोटे खंड को चालू करने के अलावा, पूरे मजलिस पार्क-मौजपुर गलियारे को मार्च 2025 तक खोलने की योजना है। डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक ने कहा कि चौथे चरण का निर्माण देश के लिए कई चीजें पहली बार लेकर आया है और स्तर परतों का पहले से आकलन करने के लिए इस चरण में बीम प्रौद्योगिकी-सक्षम टीबीएम का उपयोग किया जा रहा है ताकि भूमिगत खुदाई (ड्रिलिंग) प्रक्रिया के दौरान कुछ अनापेक्षित न हो।

चौथे चरण पर काम दिसंबर 2019 में शुरू हुआ था लेकिन मार्च 2020 में दिल्ली में कोविड-19 महामारी के प्रकोप के कारण यह प्रभावित हुआ था। वर्तमान में, डीएमआरसी परियोजना के तहत 45 स्टेशनों तक फैले तीन प्राथमिकता वाले गलियारों के 65.2 किमी पर निर्माण कार्य कर रहा है - जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम मार्ग (28.92 किमी), मजलिस पार्क-मौजपुर (12.55 किमी) और एयरोसिटी-तुगलकाबाद (23.62 किमी) जिसे सिल्वर लाइन के रूप में बनाया जा रहा है, जो संबंधित छोर से परिचालित वायलेट लाइन और एयरपोर्ट लाइन को जोड़ती है।

मजलिस पार्क-मौजपुर लाइन पहले से संचालित मेजेंटा लाइन और पिंक लाइन का विस्तार है। कुमार ने बताया, कोविड-19 के कारण, नए लक्ष्य निर्धारित किए गए थे, और हम उन लक्ष्यों के लिए आगे बढ़ रहे हैं। मैं आपको पहला खंड बता सकता हूं जिसे हम खोलने जा रहे हैं - जनकपुरी पश्चिम से कृष्णा पार्क (एक्सटेंशन)। यह एक छोटा सा खंड है, लेकिन हम इसे जुलाई 2024 तक खोलने की योजना बना रहे हैं।

इसकी लंबाई लगभग 2.5 से तीन किलोमीटर है। इसके बाद मार्च 2025 तक मजलिस पार्क-मौजपुर का पूरा खंड खोलने की तैयारी है।

यह पूछे जाने पर कि दिल्ली मेट्रो के इस चरण में कुल कितना प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, डीएमआरसी प्रमुख ने कहा, कुल मिलाकर लगभग 40 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

कारोबारी से एक करोड़ की रंगदारी मांगने वाला धरा

नई दिल्ली। लाडपुर रोहिणी के रहने वाले एक व्यवसायी से एक करोड़ रुपये रंगदारी मांगने वाले कुख्यात गैंगस्टर जितेंद्र उर्फ गोगी गिरोह के एक शूटर को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ पहले से दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। बदमाश के कब्जे से एक लोडेड पिस्टल बरामद की गई है।

विशेष आयुक्त क्राइम ब्रांच रवींद्र सिंह यादव के मुताबिक गिरफ्तार किए गए बदमाश का नाम अमित उर्फ मिट्ठू है। क्राइम ब्रांच ने कुछ माह पहले इसके खिलाफ आर्म्स एक्ट व रंगदारी मांगने की धाराओं में मामला दर्ज किया था। लाडपुर के रहने वाले व्यवसायी ने कंझावला पुलिस से शिकायत कर बताया था कि कुछ बदमाशों ने गांव लाडपुर स्थित उसके घर के मुख्य द्वार के बाहर आकर हवाई फायरिंग की।

पुराने गुरुग्राम में सफाई राम भरोसे, नए में सफाई करवाने में जुटे हैं अधिकारी

सदर बाजार से लेकर हर गली, सड़क पर फैली पड़ी है गंदगी

स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, सब्जी मंडी हर जगह गंदगी का आलम

गुरुग्राम में सदर बाजार क्षेत्र स्थित राजकीय कन्या स्कूल के पास गंदगी का लगा अंबार।

ओल्ड रेलवे रोड पर भीम नगर बस स्टॉप के सामने सड़क पर फैली गंदगी में।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में काफी दिन से अनियमित व नियमित सफाई कर्मियों की हड़ताल चल रही है। पूरा शहर गंदगी से अटा पड़ा है। मुख्य सड़कों से लेकर गलियों में गंदगी ही गंदगी नजर आती है। नगर निगम के अधिकारियों ने बीच का रास्ता निकालकर नए गुरुग्राम में तो सफाई करवाने का दावा किया है, लेकिन पुराने गुरुग्राम को राम भरोसे छोड़ दिया गया है। यहां के प्रमुख सदर बाजार समेत स्कूल, कालेज, अस्पताल, मंदिर समेत अन्य सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी का साम्राज्य बन गया है। लोग कह रहे हैं कि क्या इस बार दीपावली सड़ांध मारती गंदगी के बीच ही मनेगी। नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल कई दिन से जारी है। ऐसे में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। नगर निगम के अधिकारियों ने हड़ताली कर्मचारियों का साथ देने वाले नियमित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने तक की बात कही है। फिर भी नियमित कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं आ रहे। लोगों के बयान जारी करवाकर भी नगर निगम ने हड़ताली कर्मचारियों को काम पर लौटने का आग्रह करवाया, लेकिन बात नहीं बनी। हड़ताली कर्मचारियों व सरकार के बीच ठनी हुई है। कर्मचारी हर हाल में अपनी मांगों को पूरा करने की जिद पर अड़े हैं।

चकाचौंध के त्योहार दीपावली पर हाल बेहाल : हड़ताल लंबी चलती देख नगर निगम गुरुग्राम ने बीच का रास्ता निकालते हुए शहर में अपने स्तर पर सफाई करवाने का काम शुरू किया है। हालांकि पुराने गुरुग्राम में सफाई का यह काम अभी कोसों दूर है। नगर निगम के अधिकारी नए गुरुग्राम में सड़कों से गंदगी उठवाकर सफाई करवा रहे हैं। पुराना गुरुग्राम पूरी तरह से गंदगी से अटा पड़ा है। बाजार हो या मुख्य सड़क या फिर गलियां। यहां से गुजरने वाले वाहन और पैदल चलने वाले लोग गंदगी से होकर ही गुजरते हैं। सदर बाजार तो शहर का मुख्य बाजार है। दीपावली के त्योहार के चलते खरीदारी करने रोजाना यहां हजारों लोग आते हैं। गंदगी से उनका स्वागत होता है। गंदगी के ऊपर से लोगों व वाहनों के कारण गंदगी से निकला लीचेट (पानी) बीमारियों को न्यौता दे रहा है। सड़ांध मारती रहती है। लोगों का यहां से चलना मजबूरी ही क्या, अब तो आदत भी बन गई है। खाने-पीने के सामान पर भिनभिनाती मक्खियां बीमारियों को न्यौता दे रही हैं। फिर भी लोगों को यह सब खरीदना पड़ रहा है। लोग भी यह सवाल कर रहे हैं कि आखिर पुराने गुरुग्राम के लोगों से क्या गलती हो गई जो नगर निगम के अधिकारी यहां सफाई करवाने नहीं आ रहे। वे नए गुरुग्राम पर ही क्यों मेहरबान हैं।

सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने में जुटे निगम अधिकारी : नगर निगम गुरुग्राम की ओर से शनिवार को प्रेस नोट जारी करके जानकारी दी गई कि निगम अधिकारी विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगातार जुटे हुए हैं। संयुक्त आयुक्त विजय यादव ने अपने जोर क्षेत्रों में पहुंचकर सफाई व्यवस्था व कचरा उठान करवाया। साथ ही सफाई शाखा के अधिकारियों व कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे कचरा उठान व सफाई का कार्य लगातार करते रहें, ताकि नागरिकों को परेशानी ना हो। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के कारण नगर निगम गुरुग्राम ने निजी एजेंसियों को अलग-अलग क्षेत्रों में सफाई का जिम्मा सौंपा है। साथ ही आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों, पूर्व पार्षदों, वरिष्ठ नागरिकों सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के सहयोग से सफाई व्यवस्था व कचरा उठान सुनिश्चित करवाया जा रहा है। इसके लिए नगर निगम गुरुग्राम द्वारा अतिरिक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली, मैनपावर व अन्य सफाई संसाधन मुहैया करवाए गए हैं। पुराने गुरुग्राम में सफाई नहीं होने के सवाल पर नगर निगम गुरुग्राम के अधिकारी डा. नरेश कुमार से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।

अनाज मंडी में अतिक्रमण और अवैध कब्जों की भरमार, मार्केट कमेटी प्रशासन हुआ फेल

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

अनाज मंडी के आम रास्ता में सामान रखकर दुकानदारों ने जमाया अवैध कब्जा।

स्थानीय अनाज मंडी के आम रास्तों पर हो रहा अवैध कब्जे करने की छोटें दुकानदारों से लेकर बड़े व्यापारी और आढ़तियों में होड़ मची है। मार्केट कमेटी प्रशासन अपनी आंखें बंद करके बैठा हुआ है। जिससे मार्केट कमेटी प्रशासन पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

अनजा मंडी के खाली परिसर से लेकर आम रास्तों में अवैध कब्जों की भरमार हो रही है। छोटें दुकानदार से लेकर बड़े व्यापारी और आढ़तियों में सामान रखने की होड मची है। इतना ही नहीं मंडी परिसर में से जा रहा एक मात्र गंदे व बरसाती पानी का नाले पर भी अवैध कब्जा करने में कमी नहीं छोड़ रहे हैं। जिसमें प्रदेश की सत्ताधारी पार्टी के कार्यकर्ता भी शामिल है। वहीं मार्केट कमेटी प्रशासनिक अधिकारी अवैध कब्जों को देखकर भी अंदेखा कर रहा है। अधिकारियों के अंदेखी करने से उनकी कार्यशैली पर सवालियां निशान लग रहे हैं।

आम रास्तों, गेट पर सामान रखकर कब्जा : मंडी परिसर में अवैध कब्जाधारियों ने आम रास्तों में दुकान का सामान, लोहे के जाल, दुकान, गोदाम व आढ़त पर बेचा तथा खरीदा गया सामान रखा कर अतिक्रमण किया हुआ है।

इतना नहीं आम सार्वजनिक रास्ते में लोहे के गेट लगाकर निजी संपत्ति बनाया हुआ है। इसके बावजूद मार्केट कमेटी प्रशासन कोई भी कार्रवाही करने में आगे नहीं आ रहा है।

लोगों को परेशानी : आम रास्ते व खाली परिसर में अवैध कब्जों की भरमार होने से लोगों को घूम फिरकर जाना व आना पड़ रहा है। जिससे मंडी में आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में मार्केट कमेटी के अधिकारी मिडिया के सामने आने से बचते हुए कन्नी काट जाते है।

पीजी खोलने के नाम पर दोस्त से ठगे 2 लाख 35 हजार रुपए

सोहना। पीजी के खोलने के नाम पर दोस्त ने दोस्त को 2 लाख 35 हजार रुपये से ठग लिया। पीड़ित ने दोस्त के खिलाफ भोंडसी थाना में शिकायत देते हुए मामला दर्ज कराया। एकता इंक्लेव भोंडसी की कॉलोनी में रहने वाला रामनेब ने पुलिस को बताया कि वह मारुति कुंज कॉलोनी में रेडीमेट कपड़े की दुकान चलाता है। उसका दोस्त शशीकांत निवासी सेक्टर -10ए ने उससे आर्थिक मदद मांगते हुए पीजी खोलने की बात कही। उसने शशीकांत को 8 एसी, 5 वाशिंग मशीन, एक वाटर डिस्पेंसर समेत अन्य सामान फाइनेंश करके दिलवाा दिया। शशीकांत उस खरीदा 2 लाख 35 हजार रुपये के सामान को दिसंबर 2022 से जनवरी 2023 के बीच में उसके घर से एक-एक, दो-दो करके ले गया। लेकिन करीब 25 दिन बाद वह शशीकांत के कमरे पर गुरुग्राम गया तो वहा का ताला लगा हुआ था। कोई सामान नहीं था और शशीकांत भी वहां से गायब मिला। शशीकांत ने उक्त सामान को उसके घर से लाने के बाद बेच दिया।

व्यापारियों को सुरक्षित माहौल देने में पुलिस का अहम रोल: नवीन गोयल

डीसीपी क्राइम विजय प्रताप का आभार व्यक्त करते खांडसा रोड व्यापार मंडल व होलसेल एसोसिएशन के सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

खांडसा रोड व्यापार मंडल व होलसेल एसोसिएशन ने पुलिस को दिया धन्यवाद

व्यापारी को धमकी देकर फिरौती मांगने के आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने पर शनिवार को खांडसा रोड व्यापार मंडल व होलसेल एसोसिएशन की ओर से डीसीपी क्राइम विजय प्रताप व एसीपी वरुण दहिया व उनकी पूरी टीम का धन्यवाद समारोह आयोजित किया गया। व्यापारियों के साथ पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने भी पुलिस अधिकारियों का आभार जताया।

इस अवसर पर नवीन गोयल ने पुलिस प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा में यह बहुत बड़ी बात है कि धमकी देने के आरोपियों को इतने समय में गिरफ्तार करके सलाखों के पीछे भेजा। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम पुलिस अपराध पर लगाम लगाने में तत्परता से काम करती है। व्यापारियों, दुकानदारों को काम का बेहतर माहौल देने में पुलिस का अहम रोल होता है। जब भी जरूरत पड़ी है, गुरुग्राम पुलिस हमेशा व्यापारियों के साथ खड़ी मिली है।

डीसीपी क्राइम विजय प्रताप ने कहा कि व्यापारियों समेत आम जनता की सुरक्षा में पुलिस सदा सक्रिय रहती है। अपराध होने पर ही नहीं, अपराध होने से पहले ही अपराधियों को पकड़ने में भी पुलिस कामयाब होती है। उन्होंने कहा कि व्यापारी भाई सचेत रहें।

खांडसा रोड व्यापार मंडल व होलसेल एसोसिएशन की ओर से डीसीपी क्राइम विजय प्रताप व एसीपी वरुण दहिया व उनकी टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा और हितों के लिए पुलिस भविष्य में भी साथ खड़ी रहेगी, यही उम्मीद है। इस अवसर पर अजय अग्रवाल, ईश्वर मित्तल, अजय गोयल, होलसेल एसोसिएशन के प्रधान सुरेश मंगला, वेदपाल राघव, पवन सतनाली, विजय गर्ग, रोहित राघव, अनिल गोयल जय गुरुदेव, अमित, श्याम सुंदर, विपिन मंगला उपस्थित रहे।

रेडक्रॉस सोसायटी में लगाया गया पंजीकरण शिविर

गुरुग्राम। जिला रेड क्रॉस सोसायटी की ओर से सोहना व पटौदी में लगाए गए शिविरों में जो दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिक पंजीकरण करने के लिए नहीं पहुंच पाए, उन्होंने शनिवार को रेड क्रॉस सोसायटी में पहुंचकर अपना पंजीकरण कराया।

सोसायटी सचिव विकास कुमार ने बताया कि इस शिविर में 100 लोगों ने पंजीकरण कराया। दिव्यांगों को व्हील चेयर, कान की मशीन, तिपहिया साइकिल, बैसाखी आदि उपकरण नि:शुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। शिविर का संचालन अतुल कुमार पराशर ने किया। कविता सरकार, सुषमा, वनीता पीटर, अजय आदि का विशेष सहयोग रहा। सचिव विकास कुमार ने कहा कि किसी भी तरह की शारीरिक दिव्यांगता पर सोसायटी की ओर से दिव्यांगों के लिए कृत्रिम उपकरण दिए जाते हैं।

पर्यावरण अनुकूल दीपावली मनाने के लिए बांटें जाएंगे मिट्टी के दीये

6 नवंबर को सुबह जिला बार से शुरू होगा अभियान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम में मिट्टी के दीये बांटने को लेकर बैठक लेते नवीन गोयल।

पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनाने के लिए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल दीपावली की राम-राम व मिट्टी के दीये बांटने का अभियान चलाएंगे। सोमवार 6 नवंबर को सुबह 11:30 बजे से जिला बार से इस अभियान की शुरुआत की जाएगी।

माधव सेवा केंद्र कार्यालय में समाजसेवी शिवचंद गुप्ता की अध्यक्षता में जिला बार के अधिवक्ता साथियों से नवीन गोयल ने विस्तृत चर्चा की। सभी से निवेदन किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में साथी समय देकर इस ड्राइव को कामयाब करवायें। बैठक में इस बात पर चर्चा की गई कि पर्यावरण प्रदूषण को देखते हुए इस दीपावली को पर्यावरण अनुकूल मनाने के लिए आमजन को जागरूक करना हम सबकी जिम्मेदारी है। सभी सदस्यों ने इस पर सहमति भी दी। नवीन गोयल ने कहा कि पिछले दो दिनों में ही गुरुग्राम में पर्यावरण का एक्यूआई स्तर 500 से भी अधिक हो गया। यह बहुत गंभीर बात है। दीपावली का त्योहार निकट है और अभी से पर्यावरण में इतनी खराबी हमारी सेहत को बिगाड़ सकती है। इसलिए हम सबको मिलकर सुरक्षित, पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनाने की शुरुआत जिला बार से करके समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया जाएगा।

लायंस पब्लिक स्कूल में अंतर्विद्यालयी प्रतियोगिताएं

लायंस पब्लिक स्कूल सेक्टर-10 परिसर में शनिवार को स्वप्निल रंग-2023 सर्वोत्तम आहार कार्यक्रम में विजेता बच्चों को पुरस्कृत करते अतिथि।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

लायंस पब्लिक स्कूल सेक्टर-10 परिसर में शनिवार को स्वप्निल रंग-2023 सर्वोत्तम आहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने व तराशने के लिए विभिन्न अंतर्विद्यालयी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विभिन्न स्तरों पर आयोजित की जाने वाली इन प्रतियोगिताओं में गुरुग्राम के 24 प्रसिद्ध स्कूलों के 243 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत से किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपिंदर कौर ने प्रतियोगिता में आए सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताएं बच्चों को जिंदगी में अपना लक्ष्य निर्धारित करने में सहायता प्रदान करती है। छात्रों में एकत्रित ज्ञान और कौशल को प्रदर्शित करने के लिए विद्यालय के संस्थापक चेयरमैन स्वर्गीय लायन केसी वाधवा की स्मृति में हमारा विद्यालय बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक शानदार मंच प्रदान करता है। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन लायन केएस ढाका ने बच्चों की प्रतिभा को सराहा।

छात्रों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा में जो भी बच्चे भाग ले रहे थे, वे सभी अपन-अपने क्षेत्र में कुशलता का परिचय दे रहे थे। उन्होंने सभी बच्चों व अध्यापिकाओं को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व चेयरमैन लायन डीवी तनेजा, पूर्व चेयरमैन लायन एसी गोयल, सरोज वाधवा, ट्रस्टी लायन एनके आनंद, ट्रेजरार लायन तरुण वाधवा, सेक्रेटरी लायन डॉ. सुनील सिंगला मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

पुलिस ने बदमाश को अवैध हथियार समेत दबोचा

सोहना। सोहना अपराध शाखा सोहना पांच पुलिस ने बदमाश को अवैध हथियार व जिनंदा कारतूश समेत गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ शहर थाना सोहना में मामला दर्ज कराया है। अपराध शाखा पांच सोहना में तैनात एएसआई हरपाल अपनी टीम के साथ शुक्रवार की रात को शहर की चूंगी नंबर एक के निकट गश्त कर रहा था। उसी समय सूचना मिली कि भोंडसी थाना का गांव हरियाहेड़ा निवासी बदमाश अनीश अवैध हथियार लेकर चूंगी नंबर एक के पास ही खड़ा है। पुलिस ने टीम ने अनीश को मौके पर पहुंच दबोच लिया। जिसके पास से तलाशी के दौरान अवैध हथियार और जिंदा कारतूश बरामद कर लिया।

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय नैक के सर्वोच्च ग्रेड का हकदार : प्रोफेसर बंसल

फरीदाबाद। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एसपी बंसल ने शनिवार को श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में नैक की तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की उत्कृष्टताओं के लिए कुलपति डॉ. राज नेहरू को बधाई दी। प्रोफेसर एसपी बंसल ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने कुलपति डॉ. राज नेहरू के नेतृत्व में जिस तरीके से अनोखा कार्य किया है, उसके आधार पर नैक द्वारा इस विश्वविद्यालय को ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने की आशा है। प्रोफेसर एसपी बंसल ने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का दौरा भी किया। उन्होंने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं की प्रशंसा की। राज नेहरू ने इस मौके पर कहा कि देश का पहला राजकीय कौशल होने के नाते हमने एक नई परिपाटी विकसित की है। हालांकि यह चुनौतीपूर्ण था, लेकिन कठिन पुरुषार्थ से सब संभव हो जाता है। नैक की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। इस बैठक में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी के निदेशक प्रोफेसर दिनेश कुमार और जेसी बॉस यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर संदीप ग्रोवर ने भी नैक से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर ज्योति राणा ने अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। नैक की कोऑर्डिनेटर डिप्टी रजिस्ट्रार चंचल भारद्वाज ने नैक की तैयारियों को लेकर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक में डीन प्रोफेसर आशीष श्रीवास्तव, प्रोफेसर प्रिया सोमैया, प्रोफेसर निर्मल सिंह प्रोफेसर ऋषिपाल, प्रोफेसर सुरेश कुमार, प्रोफेसर जॉय कुरियाकोजे व विभिन्न विभागाध्यक्ष तथा प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

सभी कार्य दक्ष होना चाहिए, ताकि वह आत्मनिर्भर बन सके

फरीदाबाद। राजकीय कन्या विद्यालय एनआईटी-2 की छात्राओं का एक दल डीएलएफ कार्यरत भारतीय वाल्व्स प्राइवेट लिमिटेड में भ्रमण के लिए आया। दल भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को हरियाणा कौशल विकास विभाग द्वारा संचालित स्ट्राइव योजना के विषय में जानकारी प्रदान करना और उन्हें आत्मनिर्भर होने के प्रति जागरूक करना था। इस मौके पर डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (जोकि स्ट्राइव योजना में कौशल विभाग का भागीदार है) के प्रधान जेपी मल्होत्रा ने उपस्थित छात्राओं को प्रोत्साहित करते कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन में शिक्षा का अहम योगदान है और शिक्षा ही उसे आत्मनिर्भर बनाने हेतु सहायक है। श्री मल्होत्रा ने छात्राओं को बताया कि वर्तमान में सभी कार्य दक्ष होना चाहिए, ताकि वह आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने हरियाणा सरकार के कौशल विकास विभाग की स्ट्राइव योजना के संबंध में जानकारी प्रदान करते कहा कि इस योजना से कोई छात्र और छात्रा 12वीं पास के उपरांत लाभ उठा सकता है। श्री मल्होत्रा ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत छात्र अपनी रुचि अनुसार किसी भी ट्रेड कार्य दक्ष हो सकता है। एसोसिएशन द्वारा संचालित सेंटर में छात्राएं टेलर, कंप्यूटर ऑपरेटर, सीएनसी ऑपरेटर और क्वालिटी कंट्रोल की ट्रेनिंग लेने के उपरांत कार्य दक्ष हो सकते हैं। इस योजना में कोई सरकार द्वारा उपरोक्त ट्रेड हेतु डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन को भागीदार के रूप में चयनित किया गया है, ताकि इस योजना के लाभ युवा पीढ़ी को प्राप्त हो सके।

बजाज कैपिटल सर्वेक्षण में रिटायरमेंट प्लानिंग के प्रति युवाओं की बढ़ती प्रवृत्ति पर डाला प्रकाश

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

भारत के प्रमुख निवेश समूह, बजाज कैपिटल ने हाल ही में भारत में युवा वयस्कों के बीच रिटायरमेंट प्लानिंग के बारे में जागरूकता के स्तर का मूल्यांकन करने के लिए एक व्यापक ऑनलाइन सर्वेक्षण आयोजित किया। इस सर्वेक्षण के नतीजे एक उल्लेखनीय प्रवृत्ति पर प्रकाश डालते हैं। टियर.1 और टियर.2 दोनों शहरों में युवा वयस्क अपनी रिटायरमेंट के लिए प्लानिंग बनाने के महत्व को तेजी से पहचान रहे हैं।

बजाज कैपिटल लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राजीव बजाज ने टिप्पणी की , महामारी का प्रकोप कई मायनों में हम सभी के लिए एक चेतावनी है , और इसमें रिटायरमेंट प्लानिंग भी शामिल है। अप्रत्याशित परिस्थितियां किसी भी समय आ सकती हैं। इसलिए , हमें शांतिपूर्ण रिटायरमेंट के लिए पहले से प्लानिंग बनाने की जरूरत है। मुझे खुशी है कि इस सर्वेक्षण की मदद से यह बताया गया है कि टियर.1 और टियर.2 शहरों में रहने वाले युवाओं की धारणा बदल रही है।

बजाज कैपिटल लिमिटेड में रिटायरमेंट व्यवसाय के सीईओ जय बजाज ने कहा, रिटायरमेंट एक जीवन लक्ष्य है जिसके लिए पहले से प्लानिंग बनाने की आवश्यकता होती है। बहुत से लोग कुशलतापूर्वक प्लानिंग नहीं बना सकते हैं और इसलिए हम हमेशा चिंता के लिए सर्वोत्तम प्लानिंग, पेश करके उनकी मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नि:शुल्क रिटायरमेंट । यह सर्वेक्षण इस तथ्य का प्रमाण है कि इस क्षेत्र में हमारे प्रयास फलदायी रहे हैं। इन दिनों, जीवन प्रत्याशा 100 वर्ष तक पहुंच गई है , और एक सेवानिवृत्त व्यक्ति को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसका पैसा उससे अधिक समय तक चले।

अक्टूबर के महीने में, बजाजकैपिटल ने यह ज्ञानवर्धक सर्वेक्षण आयोजित किया , जिसमें पूरे भारत में 5500 वयस्कों तक पहुंच बनाई गई, जो सभी 35.60 वर्ष के आयु वर्ग के अंतर्गत आते थे। परिणामों से युवा वयस्कों की मानसिकता में एक महत्वपूर्ण बदलाव का पता चलाए जिसमें उनके वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने पर जोर दिया गया।

मुख्य निष्कर्ष : मिलेनियल्स कार्यभार संभाल रहे हैं , सर्वेक्षण से पता चला कि 35-60 आयु वर्ग के 5500 उत्तरदाताओं में से प्रभावशाली 32 प्रतिशत ने पहले ही अपनी रिटायरमेंट प्लानिंग यात्रा शुरू कर दी है। यह निष्कर्ष दर्शाता है कि सहस्त्राब्दी पीढ़ी सक्रिय रूप से रिटायरमेंट के लिए अपनी वित्तीय प्लानिंग शुरू कर रही है। कोविड 19 महामारी ने रिटायरमेंट प्लानिंग के संबंध में जागरूकता स्तर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

पार्षद पद के उपचुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां पहुंचीं मतदान केंद्र पर, चुनाव आज

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

सोहना एसडीएम कार्यालय मे पोलिंग पार्टियों को चुनाव संबंधी प्रशिक्षण देते हुए।

रविवार को नगर के वार्ड-15 में पार्षद पद के लिए होने वाले उपचुनाव को लेकर शनिवार को पोलिंग पार्टियों ने मतदान केंद्र का कार्य भार संभाल लिया है। मतदान केन्द्रों पर पुलिस बल तैनात करते हुए पोलिंग पार्टी, मतदान केंद्र और चुनाव में उपयोग होने वाली ईवीएम मशीन की सुरक्षा को संभाल लिया है।

शनिवार को एसडीएम कार्यालय में रविवार को होने वाले पार्षद पद के उपचुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों को जिम्मेदारियां सौंप दी। पोलिंग पार्टियों को शनिवार को पहले एसडीएम कार्यालय में ईवीएम मशीन का प्रशिक्षण के साथ चुनाव प्रक्रिया कराने की जानकारी दी गई। पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण नायब तहसीलदार लछीराम के नेतृत्व में मास्टर कृष्ण पाल और रोहताश सिंह ने दिया। जिसमें पोलिंग पार्टियों ईवीएम मशीन से लेकर कर चुनाव प्रक्रियाओं को बारिकी से समझाया। यह प्रशिक्षण करीब एक घंटा तक चला। उसके बाद पोलिंग पार्टियों को सामान सौंपा गया। सामान लेने के बाद पोलिंग पार्टियां मतदान केन्द्र तक पहुंचाई।

पुलिस तैनात : शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में बने दो मतदान केंद्र नंबर 30 व 31 पर पोलिंग पार्टियां ने पहुंचकर कार्यभार संभाल लिया। पोलिंग पार्टियां पहुंचने के साथ ही पुलिस की बल भी मौके पर पहुंच गया। शहर चौकी प्रभारी एसआई राजबीर सिंह ने बताया कि देर रात से नाकाबंदी कर दी जाएगी।

> **चुनाव** को पूरे नियम कानून से कराया जाएगा। चुनाव में किसी प्रकार की कमी व लापरवाही नहीं बरतने दी जाएगी। चुनाव शांति व कड़ी सुरक्षा के बीच कराया जाएगा।
>
> **(प्रदीप सिह-एसडीएम)**

सामाजिक कार्य के लिए काउंसलिंग महत्पूर्ण संसाधन : डॉ. कीर्ति आर्य

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग ने समाज कार्य के स्नातक विद्यार्थियों के लिए परामर्श कौशल पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया। विशेषज्ञ व्याख्यान डॉ. कीर्ति आर्य, चिकित्सा समाज कल्याण अधिकारी, अखिल भारतीय आयुर्वेविज्ञान संस्थान नई दिल्ली द्वारा दिया गया। उन्हें रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड 2021 भी मिला है। संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने अतिथि को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया।

समाज कार्य के स्नातक प्रथम सेमेस्टर, तृतीय सेमेस्टर और पांचवें सेमेस्टर के छात्रों ने इस विशेषज्ञ व्याख्यान में भाग लिया। मुख्य वक्ता डॉ. कीर्ति आर्य ने अपने संबोधन में परामर्श प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परामर्श कई प्रकार का होता है, जिसमें व्यक्तिगत, युगल,

पारिवारिक एवं समूह चिकित्सा शामिल है। यह मानसिक और भावनात्मक रूप से अच्छा, व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देने और संवर्धन के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है। काउंसलिंग के लिए एक विशेष स्थान एवं वातावरण होना चाहिए। परामर्श प्रक्रिया के लिए अनुकूल स्थिति -परिस्थिति बनाना आवश्यक है। एक आरामदायक माहौल में परामर्श प्रक्रिया बेहतर तरीके से संभव हो पाती है।

सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में छात्रों और डॉ. कीर्ति आर्य के बीच प्रश्नोत्तर सत्र हुआ। इस विशेष व्याख्यान में वक्ता द्वारा ज्ञान रुपी आशीर्वाद देकर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए समाज कार्य तृतीय सेमेस्टर के छात्रों द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सत्र संपन्न हुआ।

सरकार हर वर्ग की भलाई के लिए कर रही योजनाओं का क्रियान्वयन

मंत्री ने बुजुर्ग की पेंशन न बनाने पर क्लर्क को किया सस्पेंड

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा सरकार के सहकारिता एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि सरकार गरीब के साथ है और हर वर्ग की भलाई के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रही है। सरकार ने प्रदेश और देश में पिछले नौ वर्षों में व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है।

सहकारिता एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल शनिवार को फरीदाबाद जिला में पृथला विधानसभा क्षेत्र के गांव अटाली, हीरापुर, जवां और सागरपुर गांव में जन संवाद कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बुजुर्ग पेंशन न बनाने पर एक क्लर्क को सस्पेंड कर दिया।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य व शिक्षा सहित बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्प है। इसी कड़ी में सरकार के नुमाइंदे जनता के बीच जाकर जन संवाद कार्यक्रमों के जरिये लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार के मंत्री, सांसद गण, विधायक गण प्रदेश के सभी गावों और शहरों के वार्डों में पहुंच कर वहां पर जन संवाद कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों की समस्याओं को सुन रहे हैं और मांगो और सुझावों को सांझा कर उनका मौके पर निवारण करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक वर्ग की भलाई के लिए लगातार कार्य कर रही है और प्रदेश के लोगों को हर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने लोगों की भलाई के लिए आयुष्मान योजना का विस्तार करते हुए प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चिरायु योजना को क्रियान्वित किया है। इसका उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजना का लाभ देना है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना को क्रियान्वित करके गरीब परिवारों को पांच लाख रुपये की धनराशि तक मुफ्त में इलाज करवाया जा रहा है। वहीं प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की मौजूदगी में चिरायु योजना के दूसरे चरण का आरंभ किया गया है, जिसके तहत 14 लाख परिवारों को जोड़ा गया है। इस योजना के तहत कोई भी लाभार्थी परिवार एक वर्ष में पांच लाख तक का इलाज मुफ्त में करवा सकता है। सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने जन संवाद कार्यक्रमों में के लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों को समाधान के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि आने वाला समय भाजपा पार्टी की सरकार का है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनता की भलाई के लिए किए गए कार्यों को लेकर देश के लोग एकमत हैं। देश की तरह ही हरियाणा में भी मनोहर लाल की सरकार ने हमेशा प्रदेश के लोगों की भलाई को सबसे पहले रखा है और लोगों को हर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए काम किया है। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की नीति को क्रियान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश से भाई भतीजावाद को खत्म करने का काम किया है। मेरिट के आधार पर योग्य युवाओं को सरकारी नौकरियां मिल रही है। जन संवाद कार्यक्रमों में एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, डीसीपी राजेश कुमार, बीजेपी प्रवक्ता बिजेंद्र नेहरा, मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ, तहसीलदार भूमिका लांबा, बीडीपीओ अजीत सिंह, चेयरमैन पंचायत समिति चंद्रपाल, सरपंच नफे सिंह, सरपंच प्रीति रानी सहित सभी विभागों के अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मिठाइयों के अवैध कारखाने पर सीएम फ्लाइंग की रेड

फरीदाबाद। आने वाले दीपावली त्योहार के मौके पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ता मुस्तैद नजर आ रहा है। सीएम फ्लाइंग ने गांव बड़खल में मिष्ठान भंडार पर रेड की तो 400 किलो डोडा बर्फी, 600 किलो बीकानेरी बर्फी व 300 किलो पेठा मिठाई तैयार मिली।

इस प्रकार मौका पर करीब 13 क्विंटल मिठाई तैयार मिली। जिसके खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने तीन अलग-अलग सेंपल लेकर जांच के लिए लैब भेज दिए। सीएम फ्लाइंग टीम को सूचना मिली कि गांव बड़खल में मारवल अस्पताल के पास जितेंद्र उर्फ लोकेश द्वारा मिठाइयां बनाने का एक कारखाना लगाया हुआ है। जहां पर त्योहारों को देखते हुए मिलावटी मिठाइयां तैयार की जा रही हैं। यदि खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ संयुक्त रूप से रेड की जाए तो सच्चाई सामने आ सकती है।

मिली सूचना के आधार पर मनीष सहगल डीएसपी के नेतृत्व में सतबीर सिंह, शिव कुमार व प्रभुदयाल द्वारा डॉक्टर सचिन शर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी फरीदाबाद तथा स्थानीय पुलिस चौकी अनखीर के कर्मचारियों सहित गांव बड़खल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गांव बड़खल में मारवल अस्पताल के नजदीक मकान के प्रथम तल व बेसमेंट में बीकानेर मिष्ठान की दुकानों के लिए मिठाइयां बनाई जा रही थीं। मौके पर जितेंद्र सिंह हाजिर मिला। जिसने पूछताछ पर बताया कि यह मकान उसने करीब दो साल से किराए पर लिया हुआ है। त्योहार के सीजन को देखते हुए मिठाइयां बनाने का कार्य किया जा रहा है, जिन्हें आसपास की दुकानों पर डिमांड अनुसार सप्लाई किया जाता है। इस दौरान जितेंद्र सिंह कारखाने का लाइसेंस नहीं दिखा पाया।

संक्षिप्त समाचार

छात्रों को आपदा प्रबंधन में बचाव की जानकारी दी

फरीदाबाद। शनिवार को डॉ. एमपी सिंह के नेतृत्व में एनडीआरएफ सातवीं बटालियन भटिंडा द्वारा बाढ़, भूकंप, आग आपदा पर प्रशिक्षण तथा डेमो दिया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य जय प्रकाश तथा स्कूल आपदा टीम के मुखिया नरेंद्र कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत करते हुए एमपी सिंह की जिलास्तरीय मॉक-ड्रिल के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ऊंचा गांव को जिला उपायुक्त द्वारा चुना गया। कार्यक्रम में विभिन्न अस्पतालों की टीम, अग्निशमन की टीम व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। खंड शिक्षा अधिकारी ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी अधिकारियों का आभार प्रकट करते हैं कि इस प्रकार के कार्यक्रम के लिए हमारे खंड के स्कूल को चुना। कार्यक्रम का मंच संचालन नरेंद्र कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का धन्यवाद कर कहा कि छात्र इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से सीखकर समाज के लिए कार्य करते हैं। छात्रों को आपदा प्रबंधन के निर्देशों की जानकारी प्रदान की गई।

सीही सरकारी स्कूल की बेटियां हर क्षेत्र में अव्वलः प्राचार्य

फरीदाबाद। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-8 सीही में दिवाली मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि महिला थाना बल्लभगढ़ एसएचओ गीता ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर और रिबन काटकर किया। मुख्य अतिथि का स्कूल के प्राचार्य जयप्रकाश वैष्णव व जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद के प्रधान संतसिंह ने पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनंदन व स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसएचओ गीता ने कहा कि इस तरह के आयोजन करने से विद्यार्थियों की प्रतिभा निखरकर सामने आती है। सरकारी स्कूल में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है। छात्राओं को पोक्सो एक्ट, साइबर अपराध, गुड टच व बैड टच के बारे में भी जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्राचार्य जयप्रकाश वैष्णव ने कहा कि सभी छात्राओं ने एक से बढ़कर एक कलाकृति बनाई है। हमारे स्कूल की बेटियां पढ़ाई में ही नहीं, पेंटिंग व सांस्कृतिक, खेलकूद, योग में भी माहिर हैं। मंच संचालन कर रहे जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद के प्रधान संत सिंह हुड्डा ने कहा कि बेटियां भी बेटों से कम नहीं है। यह मिसाल सीही सरकारी स्कूल की बेटियों ने साबित कर दी है। कार्यक्रम में चुनी गई छात्राओं को मुख्य अतिथि व प्राचार्य एवं जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद के प्रधान ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। दिवाली मेले को सफल बनाने में जावेद कला अध्यापक व देविना प्रवक्ता ने अहम भूमिका निभाई।

शिक्षाविद डॉ. मानव शर्मा हरियाणा रत्न अवार्ड से सम्मानित

फरीदाबाद। डिस्कवरी फाउंडेशन के बैनर तले हरियाणा रत्न अवार्ड से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं के प्रमुखों को नवाजा गया। इसी कड़ी में फरीदाबाद के जाने-माने शिक्षाविद् डॉ. मानव शर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डिस्कवरी फाउंडेशन के अध्यक्ष मामेंद्र शर्मा, निशा के अध्यक्ष डॉ. कुलभूषण शर्मा, अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेंद्र शर्मा बबली ने सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बड़खल क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा, एनआईटी क्षेत्र के विधायक नीरज शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री मनोहरलाल के मीडिया एडवाइजर राजीव जेटली, राष्ट्रीय कवि दिनेश रघुवंशी, शिक्षाविद् भारत भूषण शर्मा, डॉ. अमित जैन मौजूद रहे। इस समारोह की अध्यक्षता जीवा स्कूल के चेयरमैन डॉ. ऋषिपाल चौहान ने की। मंच संचालन शिवानी भारद्वाज व संजू सांवरिया ने किया। वहीं जीवा स्कूल, सोनी स्कूल, जैन स्कूल तथा जागृति कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

गांव वासियों को घरेलू हिंसा के प्रति जागरूक किया

फरीदाबाद। लिंग्याज विद्यापीठ डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला तिलोरी में घरेलू हिंसा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए निशुल्क विधिक सहायता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। हेड ऑफ द स्कूल प्रोफेसर एवं डॉ. मोनिका रस्तोगी ने बताया कि यह कार्यक्रम यूनिवर्सिटी चांसलर डॉ. पिचेश्वर गडे, प्रो. चांसलर प्रोफेसर एवं डॉ. एमके सोनी के दिशा निर्देशन में करवाया गया। इस अवसर पर विभाग के छात्र एवं छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से घरेलू हिंसा के बारे में लोगों को जागरूक किया तथा घरेलू हिंसा अधिनियम के प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। इससे संबंधित कौन से उपचार न्यालालय से प्राप्त किए जा सकते है, इसके विषय में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यदि किसी महिला के साथ घरेलू हिंसा हो रही है तो वह घरेलू हिंसा आधिकारी के हेल्प लाइन नंबर 1091, 1291 पर त्वरित सहायता प्राप्त कर सकती है। साथ ही इस अवसर पर ग्रामवासियों की कानून से संबंधित समस्याओं का भी समाधान किया गया। इस शिविर में उपस्थित लोगों को घरेलू हिंसा को रोकने की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम की सफलता पर रजिस्ट्रार प्रेम कुमार सालवान और डीन प्रोफेसर एवं डॉ. सीमा बुशरा ने विभाग के सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। इस मौके पर रुचि कौशिक, शिल्पा शर्मा, डॉ. सुरेश नागर, शिवेंद्र कुमार, विवेक गुप्ता, डॉ. अंजली दीक्षित, मोहिनी तनेजा, दुर्गेंद्र सिंह राजपूत एवं स्वेक्षा भदौरिया मौजूद रहे।

मतदाता सूची के ड्राफ्ट के लिए पैंडिंग फार्मों को पूरा करें

फरीदाबाद। एडीसी कम सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के हिदायतों का मतदाता सूची के ड्राफ्ट के लिए पेंडिंग फार्मों को पूरा पालन करना सुनिश्चित करें। एडीसी कम सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि जिला फरीदाबाद में फरीदाबाद, बड़खल, एनआईटी, तिगांव, बल्लभगढ़ और पृथला सहित सभी छह विधान सभा क्षेत्रों, लगभग 33500 फार्मों की पेडिंग को पूरा करना सुनिश्चित करें। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार चार व पांच नवंबर को सभी बूथों पर स्पेशल कैंप लगाए जा रहे हैं। एडीसी आनंद शर्मा को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में निर्देश दिए।

केसीएम ओम इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

रसूलपुर रोड पर स्थित केसीएम ओम इंटरनेशनल स्कूल में कविता वाचन, रोल प्ले, जीके क्विज आदि इंटर हाउस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के द्वारा बच्चे कई महत्वपूर्ण चीजें अनजाने ही सीख जाते हैं।

जब बच्चे खेलते हैं तो वे कुछ मौलिक संज्ञानात्मक, सामाजिक, भावनात्मक और शारीरिक कौशल विकसित करते हैं। उनकी खेल की अपनी एक अलग दुनिया होती है, जिसमें वह कुछ भी बन सकते हैं और कुछ भी कर सकते हैं। उनका यह खेल बड़ों के चेहरे पर भले ही मुस्कान ले आता हो, लेकिन रोल प्ले मस्ती से कहीं ज्यादा है। यह सीखने का एक महत्वपूर्ण तत्व है। बच्चे अनुभव से सीखते हैं, उनके आस-पास क्या होता है, वे जो देखते हैं, सुनते हैं और उसे समझते हैं। अपने काल्पनिक खेल में वह अपने उन अनुभवों को सांझा करते हैं। साथ ही दूसरे बच्चों से भी कुछ चीजें सीखते व समझते हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास करना था। इसमें ग्रेड-3 से ग्रेड-5 के सभी विद्यार्थियों को भाग लेने का अवसर प्रदान किया गया। जीके क्विज में आर्यभट्ट हाउस ने सफलता प्राप्त की। रोल प्ले में रमन हाउस ने सफलता प्राप्त की। हिंदी कविता वाचन में आइंस्टीन हाउस ने सफलता प्राप्त की। सीनियर विंग (6-8) में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कक्षा-छठी में 3डी दीया बनाने की गतिविधि, कक्षा-सातवीं मे दीया बनाने की गतिविधि, कक्षा-आठवीं में गणेश निर्माण गतिविधि का आयोजन किया गया।

नौ को सर्विस कैंप का आयोजन : सीजेएम सुकीर्ति

फरीदाबाद। सीजेएम कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकिर्ती गोयल ने कहा कि नौ नवंबर को राष्ट्रीय लीगल सर्विस द्वारा मेगा सर्विस कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेगा सर्विस कैंप एनआईटी-5 के राजकीय ब्याज सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर में आयोजित किया जाएगा। बता दें कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश वाईएस राठौर के दिशा-निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कम सीजेएम सुकीर्ति गोयल के मार्गदर्शन में नौ नवंबर को मेघा सर्विस कैंप का आयोजन किया जाएगा। सीजेएम ने कहा कि मेगा सर्विस कैंप में जिला लीगल सेवा प्राधिकरण द्वारा सरकार की हिदायतों के अनुसार लोगों के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं का आम जनता को लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि मेगा सर्विस कैंप में प्रशासन द्वारा जिन विभागों को जो भी दायित्व मिला है, उसे वह बखूबी निभाएंगे, जिससे अच्छा कार्य हो।

बेटियां मुस्कुराने का मौका देती हैं, इन्हें संवारे : राजेश नागर

फरीदाबाद। विधायक राजेश नागर ने पैरा एशियन गेम्स में सिल्वर मेडल जीतकर लौटी ऑर्चरी खिलाड़ी सरिता अधाना को उनके घर पहुंचकर आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बेटियां मुस्कुराने का मौका देती हैं। इन्हें संवारने में कोई कमी न आने दें। सरिता तिगांव की निवासी हैं। उनकी जीत के बाद तिगांव में हर्ष का माहौल है।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि बेटी सरिता अधाना ने अपने परिवारए क्षेत्र, प्रदेश और देश का नाम अंतर्राष्ट्रीय मंच पर ऊंचा किया है। इसके लिए वह बधाई की पात्र है, लेकिन हमें उसे आशीर्वाद और सहयोग भी देना होगा, जिससे वह और ऊंचाई प्राप्त कर सके। श्री नागर ने कहा कि हरियाणा की सरकार खिलाड़ियों को हर क्षेत्र में सहयोग कर रही है। हमारा प्रयास होगा कि बिटिया को शासन प्रशासन का भी सहयोग मिल सके। विधायक ने कहा कि आज आप किसी भी राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के डेटा उठाकर देख लें।

आपको सभी जगहों में मेडल तालिकाओं में हरियाणा के खिलाड़ियों की संख्या सबसे ऊपर मिलेगी। इसके लिए हरियाणा सरकार की खेल नीति को श्रेय दिया जाना चाहिए। श्री नागर ने सरिता के परिजनों को भी शुभकामनाएं और बधाई दी कि उनकी बेटी दुनिया में उनका नाम रोशन कर रही है। सरिता इसी वर्ष यूरोप में हुए वर्ल्ड चैंपियनशिप में एक गोल्ड व एक ब्रौंज मेडल के साथ साथ तीन विश्व रिकॉर्ड भी स्थापित कर चुकी हैं। वह राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी एक दो सिल्वर और एक ब्रौंज मेडल जीत चुकी हैं।

वरिष्ठ नागरिक सम्मान पुरस्कार के लिए करें आवेदन

फरीदाबाद। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक सम्मान पुरस्कार, श्रेष्ठ ग्राम पंचायत व श्रेष्ठ स्वैच्छिक संगठन पुरस्कार के लिए आवेदन करें। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिक सम्मान पुरस्कार, श्रेष्ठ ग्राम पंचायत व श्रेष्ठ स्वैच्छिक संगठन पुरस्कार अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में वरिष्ठ नागरिकों व संस्थाओं से आवेदन आर्मंत्रित किए हैं। डीसी ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली पर आवेदन अपलोड करने की अंतिम तिथि 10 नवंबर है। उन्होंने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इन पुरस्कारों के लिए पात्र वरिष्ठ नागरिक या संस्था अपनी उपलब्धियों के विवरण व प्रमाण पत्रों के साथ विभाग के पोर्टल पर 10 नवंबर तक अपना आवेदन कर सकते हैं। डीसी ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक सम्मान पुरस्कार (2023-24) के तहत शतवर्षीय पुरस्कार, श्रेष्ठ माता पुरस्कार, शौर्य और बहादुरी पुरस्कार, आजीवन उपलब्धि पुरस्कार, वरिष्ठ पेंटर पुरस्कार, वरिष्ठ मूर्तिकला पुरस्कार, वरिष्ठ अभ्यासरत संगीत कार या गायक पुरस्कार, वरिष्ठ नृत्य अभ्यासरत पुरस्कार तथा वरिष्ठ अभ्यासरत खिलाड़ी पुरस्कार के लिए प्रथम विजेता को 50 हजार, द्वितीय विजेता को 30 हजार तथा तृतीय विजेता को 20 हजार रुपये की राशि दी जाएगी।

विद्यार्थियों ने धूमधाम से मनाया दिवाली मिलन समारोह

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एमवीएन विश्वविद्यालय पलवल में चार नवंबर को दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली इत्यादि के विभिन्न स्कूलों, विद्यालयों, महाविद्यालयों के अध्यापक, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और विभिन्न एनजीओ के लोग शामिल हुए।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अरुण गर्ग, उप कुलपति डॉक्टर एनपी सिंह, कुलसचिव डॉक्टर राजीव रतन, प्रोफेसर शाहिद अंसारी, प्रोफेसर नरेंद्र विवेक आहूजा ने द्वीप प्रज्ज्वलित करके सरस्वती वंदना के साथ किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अरुण गर्ग ने कहा कि दिवाली का त्योहार प्राचीन समय से आपसी भाईचारे को बढ़ाने के लिए मनाया जाता है, इसलिए उसी को कायम रखने के लिए हमें दिवाली समारोह का आयोजन किया है। इसके साथ साथ उन्होंने कहा कि एमवीएन स्कूल की तर्ज पर एमवीएन विश्वविद्यालय का नाम भी बढ़ाता है और इसके लिए हम बहुत मेहनत कर रहे हैं।

विश्वविद्यालय के उप कुलपति डॉक्टर एनपी सिंह ने कहा कि इस समारोह का मुख्य उद्देश्य एमवीएन विश्वविद्यालय और क्षेत्र के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के बीच पुल बनाना है, ताकि क्षेत्र के शिक्षा स्तर को उठाया जा सके। इस कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के छात्र और छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के मंच संचालन का कार्य देवेश भटनागर और स्वाति गौतम ने किया। विश्वविद्यालय के प्रबंधक संचालक कांता शर्मा, कुलाधिपति वरुण शर्मा ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं। कुलपति डॉक्टर अरुण गर्ग ने इसका श्रेय डॉक्टर राहुल वार्ष्णेय, डॉक्टर योगेंद्र सिंह, डॉक्टर तरुण विरमानी, डॉक्टर मयंक चतुर्वेदी, डॉक्टर कुलदीप, विक्रम मनचंदा और समस्त शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक गन को दिया और उन्होंने आने वाले सभी मेहमानों का धन्यवाद भी किया।

उड़ीसा में होगा भारतीय सिविल सेवा हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि पुरूष एवं महिलाओं के लिए अखिल भारतीय सिविल सेवा हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 15 नवंबर से 24 नवंबर 2023 तक उड़ीसा के राउरकेला में स्थित बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य की ओर से भाग लेने वाले हॉकी खिलाडियों के लिए छह नवंबर को पुरूष व महिला खिलाड़ियों का चयन ताऊ देवीलाल स्टेडियम पंचकूला में किया जाएगा। इसलिए उन्होंने इच्छुक अधिकारी अथवा कर्मचारियों से इस चयन स्पर्धा में सुबह नौ बजे तक निर्धारित स्थान पर पहुंचने का आह्वान किया है। जिला खेल अधिकारी अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि चयन के लिए जिला पलवल के सभी विभागों में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी इस चयन स्पर्धा में दर्शाई गई तिथि व समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारियों अथवा कर्मचारियों को अपने विभाग से यह प्रमाण पत्र देना होगा कि वे अमुक विभाग के कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी हैं तथा इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जाने व वापिस आने का किराया संबंधित विभाग के खिलाड़ी द्वारा वहन किया जाएगा।

भ्रष्टाचार के खिलाफ डीएम की एक और कार्रवाई

मनरेगा घोटाले में शामिल लोगों पर एफआईआर के दिये आदेश

गोंडा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा का भ्रष्टाचार के खिलाफजीरो टॉलरेंस की नीति के तहत जिले में भ्रष्टाचारियों के प्रति कठोर कार्यवाही का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना (मनरेगा) घोटाला में संलिप्त पाए गए ग्राम पंचायत अधिकारी, तकनीकी सहायक और प्रधान के खिलाफ एफ्आईआर दर्ज कराने के आदेश जारी किए गए हैं। आरोपियों से 5 लाख 83 हजार 798 रुपये की रिकवरी भी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बीती 12 जून को गोंडा की कमान संभाली है। तभी से लगातार भ्रष्टाचार के खिलाफजीरो टॉलरेंस की नीति पर काम किया जा रहा है। ताजा मामला इटियाथोक विकास खण्ड की दुल्हमपुर ग्राम पंचायत का है। ग्राम समदा निवासी मनोज कुमार यादव की तरफ से शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर ग्राम पंचायत दुल्हमपुर के प्रधान व सचिव द्वारा कराए गए कार्यों की जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही किए जाने का अनुरोध किया गया था। प्रधान व सचिव पर कागजों में काम करा भुगतान किए जाने के आरोप लगाए गए थे। इसके आधार पर बीती 15 मई 2023 को उपायुक्त स्वत: रोजगार व सहायक अभियंता लघु सिंचाई को जांच के लिए नामित किया गया। 28 जून को प्रस्तुत रिपोर्ट में ग्राम प्रधान और सचिव को दोषी पाया गया। इसके आधार पर आरोपियों को अपना पक्ष रखने का भी अवसर दिया गया। तीन महीने का समय मिलने के बाद भी आरोपियों द्वारा कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं उपलब्ध कराया गया। वहीं उपायुक्त स्वत: रोजगार व सहायक अभियंता लघु सिंचाई की जांच में सामने आया कि महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत दुल्हमपुर, विकासखण्ड इटियाथोक में बड़का के घर से प्राथमिक विद्यालय दुल्हमपुर तक खण्डजा कार्य और नान्हे पुत्र राम प्रसाद का पशु शेड निर्माण कार्य सिर्फ कागजों में ही दिखाकर सरकारी धन की बंदरबांट कर ली गई। खण्डजा कार्य का स्थनीय सत्यापन करने पहुंची टीम को कार्य की पत्रवली तक उपलब्ध नहीं कराई गई। यहां तक की कार्य स्थल भी नहीं दिखाया जा सका।

इनसे होगी वसूली

गोंडा। तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी पंकज कुमार मौर्या, तत्कालीन तकनीकी सहायक दिनेश दत्त शुक्ल और तत्कालीन ग्राम प्रधान ऊषा देवी को दोषी पाए जाने पर इनसे वसूली किए जाने के आदेश दिए गए हैं। इन सभी से 1 लाख 94 हजार 599 रुपये यानी कुल 5 लाख 83 हजार 798 रुपये की वसूली की जाएगी। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी इटियाथोक को इनके खिलाफप्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के भी आदेश दिए हैं।

गुणवत्तापूर्ण व समय से निस्तारित हों जनशिकायतें

गोंडा। शासन की मंशानुरूप जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलो में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर में डीएम व एसपी की मौजूदगी में आयोजित हुआ। जिसमे अफसरों ने फरियादियों की समस्याओं को सुना व शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 168 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। जिसमें 04 प्रार्थना पत्र का मौके पर ही हुआ निस्तारण एवं शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर गोण्डा को निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाए तथा टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। साथ ही संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें। अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल, प्रभागीय वनाधिकारी पंकज कुमार शुक्ल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रश्मि वर्मा, उपजिलाधिकारी सदर गोण्डा, पुलिस क्षेत्राधिकारी विनय कुमार सिंह एवं शिल्पा वर्मा, तहसीलदार सदर गोण्डा, उपनिदेशक कृषि प्रेम ठाकुर, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रशेखर, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, जिला पूर्ति अधिकारी सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

शहरवासियों को मिलेगी कूड़े के ढेर से निजात: नेहा शर्मा

डीएम की पहल पर जिले का पहला लीगेसी वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट शुरु

गोंडा। शहरवासियों को जल्द ही प्रदूषण और गंदगी के ढेर से निजात मिलने वाली है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा की पहल पर जनपद के पहले लीगेसी वेस्ट ट्रिटमेंट प्लांट की शुरुआत हो गई है। यहां अब नगर पालिका क्षेत्र गोंडा से इकट्ठा होने वाले कूड़े का निस्तारण सुनिश्चित किया जा सकेगा। यह जानकारी देते हुए डीएम नेहा शर्मा ने बताया कि घरों, दुकानों, बाजारों और औद्योगिक संस्थानों आदि से निकलने वाले गीला या जैविक कूड़े से खाद तैयार की जाएगी। वहीं, लोहा, प्लास्टिक जैसे सूखे कूड़े को अलग-अलग कर इंडस्ट्रीज को भेजा जाएगा। यहां इसे रिसाइकिल किया जाएगा। हररोज 75 टन तक कूड़ा नगर पालिका परिषद गोंडा के क्षेत्र में प्रतिदिन 65 से 75 टन कूड़ा निकलता है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया कि अभी तक पूरे शहर से निकलने वाला कूड़ा कचरा के झंझरी के पूरे शिवा बख्तावर क्षेत्र में डाला जा रहा है। लेकिन कूड़े कचरे का निस्तारण नहीं होने से यहां पर कचरे के ढेर लग गए हैं। वर्तमान में झंझरी के पूरे शिवा बख्तावर क्षेत्र में करीब 60 हजार टन कूड़ा मौजूद है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी ने कूड़े के निस्तारण के प्रकरण को बेहद गंभीरता से लिया गया। उनके प्रयासों से प्लांट की शुरुआत हो सकी है। उन्होंने बताया कि इस प्लांट की क्षमता प्रतिदिन 1000 टन कूड़ा निस्तारण की है। कूड़ा यहां वहां न फेंके अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया कि नगर पालिका के स्तर पर कूड़े के समूचित निस्तारण की व्यवस्था की गई है लेकिन, शहरवासियों के पूर्ण सहयोग के बिना यह संभव नहीं हो पाएगा। घरों में सूखे और गीले कूड़े को अलग-अलग इकट्ठा करें। नगर पालिका द्वारा कूड़े के इधर-उधर फेंकने या गंदगी फैलाने पर जुर्माने की भी व्यवस्था की गई है।

धान क्रय केंद्र का निरीक्षण

गोंडा। शनिवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने तहसील सदर गोण्डा के अंतर्गत खाद्य विभाग द्वारा संचालित राजकीय धान क्रय केंद्र पंडरीकृपाल का औचक निरीक्षण कर ली जानकारी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वहां पर बाटमाप की जानकारी, स्टॉक रजिस्टर, खरीद रजिस्टर, किसान पंजीकरण रजिस्टर, तथा अन्य सारी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। धान क्रय केंद्र पर निरीक्षण के दौरान मौके पर 22 कुंतल 40 किलो धन खरीद पाया गया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने केंद्र प्रभारी को निर्देश दिए हैं कि किसानों से मुलाकात कर अधिक से अधिक धान खरीद करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित संबंधित धान क्रय केंद्र के केंद्र प्रभारी एवं अन्य अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा है कि धान क्रय केंद्रों पर आने वाले किसानों को किसी भी दशा में वापस ना किया जाए तथा केंद्र पर उनके बैठने की व्यवस्था, पानी पीने की व्यवस्था, लाइट की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, साफसफाई सहित अन्य सारी व्यवस्थाएं तैयार रखें, ताकि धान विक्रय करने वाले किसानों को क्रय केंद्र पर किसी भी प्रकार की कोई समस्या न होने पाए। इसके साथ उन्होंने कहा कि किसानों के द्वारा विक्रय किए गए धानों का भुगतान 48 घंटे के अंदर करना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा वहां पर उपस्थित केंद्र प्रभारी को निर्देश दिए हैं कि निर्धारित लक्ष्य से अधिक धान खरीद करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा, यूपी पीसीयू प्रबंधक जितेंद्र वर्मा, केंद्र प्रभारी मनोज कुमार दुबे संबंधित सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठनों की संयुक्त बैठक

गाजीपुर। छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित महानाट्य जाणता राजा का वाराणसी के काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के एमपीथियेटर मैदान मे 21नवम्बर से 26 नवम्बर तक होने वाले महामंचन तथा 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि लोकार्पण कार्यक्रम में जनभागीदारी कैसे सुनिश्चित हो इसको लेकर शास्त्री नगर स्थित हरिहर पैलेस में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आनुषांगिक संगठनों की संयुक्त बैठक तीन सत्रों में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जौनपुर विभाग प्रचारक अजीत जी ने बताया कि 26 नवंबर को गाजीपुर जनपद के लोग भारी संख्या में निर्धारित शुल्क के प्रवेशिका साथ राष्ट्र भावना को प्रेरणा प्रदान करने वाला कार्यक्रम ज्ञाड़ता राजाष् के महामंचन को देखेंगे। उन्होंने कहा कि जाड़ता राजा की जीवंत प्रस्तुति मे भारतीय सभ्यता और संस्कृति कि भावना पुर्ण संस्कृति समाहित है। भारतीय जन मानष के आस्था से जुड़ा अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर के लोकार्पण से पुर्व जन जन कि भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए अन्य तमाम जन जागरण एवं धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम आयोजित किया गया है।आज जाड़ता राजा नाट्य मंचन दर्शन हेतु विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचलए जिलापंचायत अध्यक्ष सपना सिंहए संतोष यादव ने टिकट खरीदा। संचालन अभिषेक शौडिक ने किया। बैठक में विभाग संघ चालक सच्चिदानंद रायएसह विभाग प्रचारक दीपकए जिला संघ चालक जय प्रकाश वर्माए सैदपुर जिला संघ चालक फैलूए जिला कार्यवाह नागेंद्रए जिला प्रचारक गौरवए डॉ संतोष यादवए सत्येंद्रए सुजीत यादवए भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंहएससरोज कुशवाहाए आदि उपस्थित रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में 34 मामले निपटे

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन में जनपद में जन समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमे 99 शिकायतध्प्रार्थना प्राप्त हुए और मौके पर 05 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातो तहसीलो की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 386 शिकायतध्प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 34 शिकायतध्प्रार्थना पत्रो का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में तहसील जखनियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 59 शिकायतध्प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 04 का मौके पर निस्तारण किया। तहसील जमानियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 27 शिकायतध्प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से 05 का मौके पर निस्तारण किया गया। मोहम्मदाबाद तहसील में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 59 शिकायतध्प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके 10 का निस्तारण किया गया। तहसील कासिमाबाद में अपर जिलाधिकारी भू0ध्ा0 की अध्यक्षता में 55 शिकायतध्प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से 05 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सेवराई में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 57 शिकायतध्प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 03 का निस्तारण किया गया एवं तहसील सैदपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 30 शिकायतध्प्रार्थना प्राप्त 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतध्प्रार्थना पत्रो का सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अविलम्ब मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करायी जाय।

शिकायतों के निस्तारण उदासीनता न बरतें अधिकारी-डीएम

संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में खलीलाबाद तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा जनपद में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था से सम्बधित प्राप्त जन शिकायतों की सुनवाई की गयी। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रकरणों/शिकायतों को अधिकारीगण सम्बधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जा कर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विवाद के मामलों में शिकायत का निस्तारण होने की दशा में सहमति पत्र पर दोनो पक्षों का हस्ताक्षर होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के प्रति सरकार बेहद संवेदनशील हैं, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही न किया जाये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन में भूमि विवाद/अतिक्रमण की शिकायतों पर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व निरीक्षक, लेखपाल खलीलाबाद तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 50 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिलाधिकारी द्वारा शिकायतों/प्रार्थना पत्रों का निस्तारण का निर्देश दिये। इसी क्रम में मेंहदावल तहसील एवं धनघटा तहसील में फरियादियों की जनसमस्याओं को सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुना गया।

महाप्रबंधक ने किया आठवें सर्तकता बुलेटिन का विमोचन

रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में सतर्कता जागरूकता सप्ताह. 2023 के अवसर पर सतर्कता जागरूकता तथा भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों जैसे.प्रतिज्ञा शपथए सेमिनारए प्रश्नोत्तरीए निबंध लेखन प्रतियोगिताए पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में आज महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा और मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं एसडीजीएम श्री अकमल वदूद ने ष्भ्रष्टाचार का विरोध करेंए राष्ट्र के प्रति समर्पित रहेंष् थीम पर आधारित 8वें सतर्कता बुलेटिन का विमोचन किया। इस बुलेटिन में उच्च अधिकारियों ने अपने सतर्कता से जुडे अनुभवों को लेखों के माध्यम से लेखनीबद्ध कर साझा किया है। इसके साथ सतर्कता एंगिलए ई मेजरमेण्टए दीर्ध एवं लघु शास्तियों की कार्यवाहीए सर्तकता केस स्टडीए महत्वपूर्ण रेलवे बोर्ड प्रपत्र आदि सतर्कता बुलेटिन के मुख्य अकर्षण हैं। महाप्रबंधक महोदय ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्टोरए मेकनिकलए विद्युतए आदि विभागों द्वारा विभाग स्तर पर सतर्कता बुलेटिन जारी किया जाए जिससे लोगों को करने और न करने वाले कार्यों की जानकारी हो सके रेलवे प्रक्रिया संहिता का सरल भाषा में पुर्नलेखन किया जाए जिससे सभी स्तर के अधिकारी एवं कर्मचारी नियमों को समझ सकें और उनका पालन कर सकें। आगे उन्होने कहा कि हेल्प लाइन नम्बरए केस रिड्रेशल सिस्टमए वेण्डर अदालत आदि की व्यवस्था की जाए जिससे लोगों को तत्काल लाभ मिल सकेए केवल स्वयं ही नहीं बल्कि आपके अधीनस्त कर्मियों की कार्यशैली को बेहतर बनाने के प्रयास होने चाहिए। इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री एसएस कलसीए मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री संजय कुमार कटियारएए प्रधान मुख्य विधुत अभियंता श्री हरीश चन्द्रए प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री हरीश खण्डेलवालए प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री रूपेश श्रीवास्तवए मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं एसडीजीएम श्री अकमल वदूदए प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री महेश कुमार शकरवाल सहित उच्च अधिकारियों ने सहभागिता की एवं विचार व्यक्त किए।

एक-एक दीये से बनेगा विश्व रिकार्ड

दीपोत्सव प्रबंधन के क्षेत्र की एक बड़ी मिशाल: जिलाधिकारी
स्वयंसेवक रहें अनुशासित: एडीएम सिटी
दीपोत्सव आईकार्ड सोशल मीडिया पर शेयर करने से बचे: दीपोत्सव की भव्यता के लिए विवि में प्रशिक्षण कार्यशाला

संवाददाता। अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दीपोत्सव की सफलता के लिए शनिवार को स्वामी विवेकानंद सभागार में घाट समन्वयकोंए घाट प्रभारी एवं स्वयंसेवकों हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने कहा कि एक एक दीए जलाकर दीपोत्सव में विश्व रिकार्ड बनायेंगे। हम सभी को गर्व है कि विश्वविद्यालय फिर से स्वयंसेवकों की मदद से विश्व कीर्तिमान स्थापित करने जा रहा है। उन्होंने बताया कि अयोध्या का दीपोत्सव विश्व का एक बड़ा आयोजन बना गया है। 21 लाख से अधिक दीए 25 हजार से स्वयंसेवक अनुशासन में रहते हुए दीए प्रज्वलित करेंगे। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय 2017 से दीपोत्सव का विचार निकाला जो आज पूरे विश्व फ्लक पर दीपोत्सव की चर्चा का केन्द विन्दु है। इसे सभी के सहयोग से पुन: दीपोत्सव में विश्व रिकार्ड बनेगा।जिलाधिकारी अयोध्या नितीश कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के स्वयंसेवक प्रत्येक वर्ष दीपोत्सव में इतिहास बना रहे है। प्रबंधन के क्षेत्र में इसकी बड़ी उपयोगिता है। अनुशासन में रहकर स्वयंसेवक दीए प्रज्वलित करेंगे। उत्साह के साथ दीपोत्सव में सहभागिता करनी है पौराणिक नगरी अयोध्या सजधज रही है। इसमें सभी नगरवासियों का विशेष सहयोग रहा है। उन्होंने कहा कि विवि के स्वयंसेवकों ने अयोध्या के दीपोत्सव को अन्तरराट्रीय पहचान दिलाई है। उन्होंने बताया कि अयोध्या के दीपोत्सव में राम की पैड़ी विश्व का सबसे बड़ा स्क्रीन लगाया गया है। इससे दर्शक साउंड एवं लाइट का आनंद ले सकेंगे। सातवें दीपोत्सव में 21 लाख का दीए गए लक्ष्य आसानी से प्राप्त करेंगे। कार्यशाला में एडीएम सिटी सलिल पटेल ने कहा कि विवि के स्वयंसेवक लगातार दीपोत्सव में विश्व रिकार्ड बना रहे है। यह सब आपके बिना संभव नही है। उन्होंने स्वयंसेवकों को अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि सावधानी पूर्वक दीए में तेल व बाती लगाये एवं दिए गए समय पर ही दीप प्रज्वलित करे। जिला प्रशासन द्वारा स्वयंसवकों के लिए बसों का इंतजाम किया जा रहा है। उम्मीद है कि 21 लाख से अधिक दीए प्रज्वलित कर विश्व रिकार्ड बनायेंगे। कार्यशाला में एसपी सिटी अयोध्या मधूसुदन सिंह ने स्वयंसेवकों से कहा कि आपके सही दीए प्रज्वलित करने से ही विश्व रिकार्ड बनेगा। सभी अपने जोश को दीपोत्सव तक बनाये रखे। उन्होंने कहा कि सभी स्वयंसेवकों को दीपोत्सव के दिन अपने परिधानों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। घाटों पर पुलिस प्रशासन आप सभी के सहयोग के लिए तैनात रहेंगे। दुपहियां वाहनों मंत्रार्थ मंडप में पार्किंग के लिए नियत किया गया है। उन्होंने कहा कि कोई स्वयंसेवक अपने दीपोत्सव आई कार्ड सोशल मीडिया पर साझा न करें। इसके अतिरिक्त अन्य को अपना पहचान पत्र न सौपे। ऐसा करने से सुरक्षा संबंधित समस्याएं बढ सकती है। उन्होंने कहा कि दीपोत्सव स्थल पर किसी करीबी को बिना वैध पास के न लेकर आये। इसके उन्होंने स्वयंसेवक अपने साथ पिट्ठू बैग लाने से बचे। इससे सुरक्षा कर्मियों को जॉच करने में कठिनाई होती है। घाटों पर पुलिस प्रशासन की डयूटी लगा जा रही है। इनका सहयोग स्वयंसेवकों से अपेक्षित है। कार्यशाला में दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 एसएस मिश्र ने बताया कि सातवें दीपोत्सव की तैयारियां तेजी के साथ की जा रही है। दीपोत्सव से संबंधित सामग्री घाट के स्टोर में आ चुकी है। दीपोत्सव एक आध्यात्मिक एवं पौराणिक पर्व है। इसका इतिहास सदियों पुराना रहा है। उन्होंने कहा कि त्रेतायुग का दीपोत्सव 2017 से हम सभी को जीवन्त कर रहे है। इस वर्ष 21 लाख के सापेक्ष 24 लाख दीए बिछाये एवं जलाये जायेंगे। जिला प्रशासन की तरफ से सहयोग मिल रहा है। उन्होंने बताया कि 07 नवम्बर से घाटों पर दीए पहुँचने लगेंगे। 08 नवम्बर से स्वयंसेवकों द्वारा 51 घाटों पर दीए सजाने का कार्य शुरू होगा। 11 नवम्बर को तेलए बाती के साथ देर शाम कार्यक्रम अनुसार दीए प्रज्वजित किए जायेंगे।

पुलिस ने कच्ची शराब कारोबारियों पर कसा शिकंजा, सात दबोचे गए

उच्चाधिकारियों के निर्देशन में पुलिस ने चलाया अभियान

गुरसहायगंज (कन्नौज)। उच्चाधिकारियों के निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा दीपावली त्यौहार से पूर्व कच्ची शराब का कारोबार करने वाले लोगों के विरुद्ध अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर जहां एक ओर भारी मात्रा में कच्ची शराब बरामद की गई तो वही दूसरी ओर सैकड़ो लीटर लहन नष्ट कर सात आरोपियों पर कार्रवाई की गई।बीती देररात पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में कोतवाली निरीक्षक जेपी शर्मा के नेतृत्व में सराय प्रयाग चौकी प्रभारी आनंद कुमार मिश्रा, रामाश्रम चौकी प्रभारी चंद्रभान सिंह, उप निरीक्षक नीलम सिंह, जेपी सिंह ने मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम के साथ हरिराम वर्मा के खेत के पास तालाब किनारें छापेमारी कर रंगे हाथ अवैध कच्ची शराब बनाते समय उपकरण सहित राकेश कुमार, अमन, दिनेश सिंह, अजब सिंह, किशनपाल, जसोदा निवासीगण ग्राम नबादा को हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा मौके से 70 लीटर कच्ची शराब एवं चार भट्टी बरामद करते हुए 200 लीटर लहन नष्ट की गई। उधर ग्राम खाडेदेवर गिहार वस्ती में संतोषी माता मंदिर के पास तालाब किनारे छापेमारी कर सुशील कुमार के पास से 10 लीटर कच्ची शराब एवं बनाने के उपकरण बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। साथ ही मौके पर सैकड़ो लीटर लहन नष्ट किया गया। इस दौरान पुलिस टीम में नीरज कुमार, मोनू कुमार, आदेश कुमार, अमन कुमार सिंह, रत्नेश उत्तम, चौ. राजेंद्र सिंह, अभिषेक चौधरी, श्यामलाल कौशल, बिहारी, महिला कांस्टेवल राधा व राखी मौजूद रहे। कोतवाली पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया।

महिला से मारपीट कर दी धमकी

गुरसहायगंज (कन्नौज)। घरेलू विवाद के चलते महिला के साथ दो लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई मांग की है।

भाजपा सरकार लोकतंत्र और संविधान के लिए बन चुकी है खतरा: कुशवाहा

गाजीपुर। शनिवार को समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय समता भवन पर आयोजित हुई। इस बैठक में बूथों के गठन तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के विशेष अभियान पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। इस बैठक में मतदाता सूची में नाम बढ़ाने और फर्जी नाम कटवाने पर कार्यकर्ताओं से गंभीर होने की हिदायत दी गई और बूथ कमेटी के गठन की मानिटरिंग हेतु जिलाध्यक्ष द्वारा बूथ स्तर पर नेताओं की तैनाती की गयी। बैठक में जनसमस्याओं को लेकर भी गंभीर चर्चा की गयी। इस बैठक में उपस्थित निर्वाचन कार्यों के प्रदेश प्रभारी राधेश्याम यादव ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को गंभीरता से लेने का निर्देश देते हुए तमाम तकनीकी सुझाव दिये। पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने सांगठनिक कार्यों को गंभीरता से लेने की हिदायत दिया और कहा कि सांगठनिक कार्यों में लापरवाही कत्तई बर्दाश्त नहीं की जायेंगी। उन्होंने भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियोंएतानाशाही मंसूबों और साम्प्रदायिक सोच की चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार लगातार बढ़ती मंहगाई एबेरोज़गारीए भ्रष्टाचार और ध्वस्त कानून व्यवस्था के चलते बढ़ते जनाक्रोश और गिरती साख से जनता का ध्यान हटाने के लिए विरोधी दलों के नेताओं पर फर्जी मुकदमे दर्ज करा रही हैं। उन्होंने कहा कि जितना वक्त यह सरकार विरोधी दलों के नेताओं को तंग करने और उनसे बदला लेने में लगा रही है उतना वक्त जनसमस्याओं को हल करने में लगाती तो देश और समाज का बहुत कुछ भला हो जाता। उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा आजम खां साहब और पार्टी के तमाम नेताओं के खिलाफलगातार की जा रही उत्पीड़न की कार्रवाई पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि ब्रिटानी हुकूमत रही होएचाहे इंदिरा जी की तानाशाही हुकूमतएचाहे मोदी जी का दमनपूर्ण शासन समाजवादी न किसी के सामने झुके हैं और न झुकेंगे।

बच्चों की मूलभूत साक्षरता और संख्या और ज्ञान को लेकर अभियान

चंदौली। बच्चों में मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से निपुण भारत मिशन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के चंदौली और भदोही जिलों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन द्वारा किया गया है, जो समाज में बच्चों की मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता दक्षता के क्षेत्र में काम करने वाली एक सामाजिक संस्था है। एलएलएफका लक्ष्य बच्चों की प्राथमिक शिक्षा में भाषाए साक्षरताए आलोचनात्मक सोच और तार्किक कौशल के विकास को बढ़ावा देना है। इन विशेष कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य जिला.स्तर पर बेहतर शिक्षा प्रदान करने की रुपरेखा तैयार करना है। एलएलएफधीर झिंगरन द्वारा 2015 में स्थापित की गई सामाजिक शिक्षा संस्था हैए जो वर्त्तमान में सात राज्यों में काम करती है और इसने 2024 तक 30 मिलियन बच्चों के सीखने के परिणामों में संभावित सुधार करने के लिए शिक्षकों और शिक्षक प्रशिक्षकों की शिक्षण प्रणाली को प्रभावित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया हैं। यह सरकारी स्कूलों में कक्षा 1.3 के सभी बच्चों में से लगभग 46: का प्रतिनिधित्व करता हैए जिन्हें मूलभूत कौशल हासिल नहीं करने का खतरा है। एलएलएफके संस्थापक धीर झिंगरन ने कहा कि भदोही और चंदौली में ये आयोजन भारत में बच्चों के मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक दक्षता के परिदृश्य को बदलने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मजबूत कर ली पैठ

सिंह साहब बहुत व्याकुल हैं। कैसे एक बार उत्तर प्रदेश सरकार में पुन: मंत्री बन जाए। हर जगह पर एड़ी चोटी का जोर लगा रखा है। पिछली भगवा सरकार में पहले राज्य मंत्री फिर प्रमोशन पाकर कैबिनेट मंत्री बने सिंह साहब को जल शक्ति की जिम्मेदारी दी गई थी। उस दौरान सिंह साहब ने अपने हिसाब से काफी मेहनत से काम किया, दुर्भाग्य था, जो वे आरोपों के घेरे में आ गए। फिर क्या था, जब दोबारा भगवा सरकार बनी, तो बेचारे सिंह साहब किनारे कर दिए गए। वह दिन है और आज का दिन है, तब से यह बेचारे सिंह साहब मंत्री बनने की लालसा में हाईकमान से लेकर बड़े महाराज की चौखट पर नतमस्तक दिखाई पड़ते हैं। फिलहाल सिंह साहब ने हाईकमान पर अपनी पैठ मजबूत कर ली हैं, बस बड़े महाराज की सहमति बाकी है। बस एक बार बड़े महाराज का आशीर्वाद मिल जाए तो सिंह साहब मानो जग जीत लेंगे।

लेडी सिंघम भी फेल

शहर की लेडी सिंघम के आदेश पर नगर निगम ने अपनी सफाई व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने का कार्य शुरू किया। लेडी सिंघम के आदेश का अक्षरश: पालन नगर निगम ने किया। सख्त लहजे में मैडम की नसीहत पर नगर आयुक्त द्वारा जोनल अधिकारियों को सभी आठों जोनों में सफाई पर विशेष बल देने के आदेश जारी किए लेकिन वर्षों से भ्रष्टाचार की बीमारी दूर करने में लेडी सिंघम भी फेल हो गईं। प्रत्येक वर्ष करोड़ों खर्च करने के बाद भी कूड़े के ढेर बाजार से लेकर चौराहों तक मिल जाते हैं। आए दिन दौरे के दौरान सफाई कर्मियों को लेडी सिंघम ने सफाई आदतों में सुधार लाने की चेतावनी देकर एक माहौल तो जरूरी बनाया, लेकिन स्थाई रूप से सुधार नहीं आया। लंबे अर्से से सफाई पर एक वर्ग का आधिपत्य है, जहां बच्चे से लेकर बूढ़े तक सफाई के कार्य पर अपना अधिकार मानते हैं, लेकिन कागज में नाम किसी का काम किसी का, करने के रिवाज में कोई परिवर्तन नहीं आया है। लेडी सिंघम ने इस रवैये में तब्दीली करे का प्रयास किया, लेकिन डेढ वर्ष बीतने के बाद भी सफाई की हालत बदस्तूर जारी है। आलम यह है कि कागज में सफाई कर्मियों का आंकड़ा काफी मजबूत दिखता हैं, जो जमीनी हकीकत पर आते आते दम तोड़ देता है।



घर का भेदी...

बुंदेलों की धरती वाले जिलें में तैनात खनन महकमे के अधिकारी पिछले काफी समय से परेशान चल रहे थे। उनकी इस परेशानी की वजह यह थी कि कलेक्टर साहब लगातार उन पर अवैध खनन पर अंकुश लगाने का दबाव बनाए हुए हैं। अधिकारी भी पूरी तत्परता के साथ जांच-पड़ताल करने में जुट हुए थे लेकिन उनके हाथ कुछ भी नहीं लग पा रहा था। अवैध खनन पकड़ने के लिए अधिकारियों के मौके पर पहुंचने से पहले ही सब कुछ अदृश्य हो जाता था। न अवैध खनन कराने वाले पकड़ में आ रहे थे और नहीं ही प्रयुक्त हो रही गाड़ियां। फिर भी खान अधिकारी लगातार प्रयास में जुटे रहे। एक दिन खान अधिकारी अवैध खनन की जांच के लिए जा रहे थे कि तभी उन्हें आभास हुआ कि कोई उनका पीछा कर रहा है। फिर क्या था, उन्होंने चुपके से फोन करके पुलिस को बुला लिया। जिस गाड़ी से उनका पीछा हो रहा था उसे रोका गया तो उस पर कलेक्टर साहब का ही ड्राइवर और गांव के प्रधान का पति बैठा था। अधिकारियों को सारा माजरा समझते देर नहीं लगी। यहां तो वही कहावत चरितार्थ हो रही थी कि घर का भेदी लंका ढाए। फिर क्या था दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के साथ ही कलेक्टर ने अपने ड्राइवर को निलंबित कर दिया।

बात आई-गई हो गई

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के दौर में गुरुजी की मौजूदगी दर्ज करने के लिए जो मशीन लगाई गई थी, वह काम तो कर रही है लेकिन उद्देश्य को पूरा करने में असफल साबित हो रही है। शुरू-शुरू में जब यह मशीन लगी थी तो गुरुजी ने काफी विरोध किया था। यहां तक कहा गया कि हम पर विश्वास नहीं है संस्थान को। जैसे तैसे गुरुजी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराना शुरू किया तो मामला ठंडा पड़ गया। अब गुरुजी हाजिरी तो लगाते हैं पर महीना पूरा होता है या नही इसकी जानकारी बाहर नही आई है क्योंकि अभी तक किसी की तनख्वाह नहीं कटी है। ऐसे में यही समझ जा सकता है कि बात आई और गई हो गई। नहीं तो पहले यही मशीन गुरुजी का बीपी बढ़ा रही थी। बायोमीट्रिक उपस्थिति दर्ज करने की इस मशीन को देखकर उन्हें पसीने छूट रहे थे। यह सिर्फ विवि ही नहीं एडेड डिग्री कालेजों में भी लगी है। इस पर शिक्षक संघों का तर्क है कि इससे नवाचार और शोध थम जाएगा। यह प्रबंधकों व प्राचार्यों की गहरी साजिश है।

कब्जामुक्त कराएंगे दबंगों से जमीन, आवास भी बनवाएंगे: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 300 लोगों की समस्याएं

गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान जमीन कब्जा किए जाने से जुड़ी शिकायतों पर उन्होंने अफसरों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जाने वाले दबंगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। ऐसी ही एक शिकायत लेकर पहुंची महिला को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि उनकी जमीन को कब्जामुक्त कराने के साथ ही आवास भी बनवाया जाएगा। शनिवार सुबह मुख्यमंत्री योगी गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में जुटे करीब 300 लोगों से मिले। उन्होंने मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद जाकर उनकी समस्याएं सुनीं और पास में मौजूद अधिकारियों को समस्या निस्तारण के लिए त्वरित कार्यवाही का निर्देश दिया। उन्होंने सभी लोगों को भरोसा दिया कि सबकी समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा। जिन्हें आवास की समस्या है उन्हें सरकारी योजना से आवास दिलाया जाएगा। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए पर्याप्त आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। किसी की जमीन पर अवैध कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। भूमाफिया के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

जनता दर्शन में एक महिला ने मुख्यमंत्री को बताया कि आर्थिक स्थिति ठीक न होने से उसके पास पक्का आवास नहीं है, साथ ही जमीन पर दबंग ने कब्जा कर लिया है। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जल्द से जल्द जमीन कब्जा से मुक्त कराकर महिला को वापस दिलाने का आदेश दिया। सीएम योगी ने महिला से कहाए परेशान मत हों। जमीन खाली कराकर वापस तो दिलाएंगे हीए उस पर प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री आवास योजना से पक्का आवास भी बनवाएंगे। जमीन पर कब्जा संबंधी सभी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दबंगों व भू माफिया को करारा कानूनी सबक सिखाकर जमीनों को कब्जे से मुक्त कराएं।

हर बार की तरह शनिवार को भी कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि इलाज में मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से भरपूर मदद मिलेगी। इसे लेकर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित की इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कर शासन में भेजें। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को उन्होंने दुलारा और आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दिया।

योगी ने 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' को 5 साल बढ़ाने के निर्णय पर जताया हर्ष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पीएम मोदी ने देश के 80 करोड़ गरीब लोगों को शनिवार को दिवाली का तोहफा दे दिया। उन्होंने केंद्र सरकार की फ्री राशन योजना 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' को 5 साल के लिए बढ़ाने का ऐलान किया। पीएम मोदी की इस घोषणा पर सीएम योगी ने हर्ष जताते हुए इस लोक कल्याणकारी निर्णय के प्रति आभार जताया है। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर नीति और हर कार्य में 'अंत्योदय' का संकल्प, 'गरीब कल्याण' का विजन अंतर्निहित होता है'। 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' के तहत आगामी 5 वर्षों तक 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन प्रदान करने की उनकी घोषणा इसी भावना का प्रतीक है। इस लोक-कल्याणकारी निर्णय के लिए आपका हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी। उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत देश के करोड़ों गरीब लोगों को सरकार की ओर से मुफ्त राशन मुहैया कराया जाता है। योजना के विस्तार का ऐलान ऐसे समय किया गया हैए जब एक सप्ताह बाद दिवाली का त्योहार है। ऐसे में इसे देश के गरीब लोगों के लिए दीपावली के उपहार के तौर पर देखा जा रहा है।

देश में भ्रष्टाचार की जनक है कांग्रेस पार्टी: भूपेन्द्र सिंह चौधरी

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने सत्ता में रहकर सट्टे का बड़ा खेल खेला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भारत वर्ष में भ्रष्टाचार की जनक कांग्रेस पार्टी है। आजादी के बाद से दशकों तक सत्ता पर बनी रहने वाली कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के नित नए कीर्तिमान स्थापित किए।

शनिवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कांग्रेस पार्टी व छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल पर जबरदस्त निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हर कांग्रेस शासित राज्य अपने पूर्ववर्ती सरकारों व नेताओं से आगे निकलकर भ्रष्टाचार के नए तरीके और क्षेत्र इजाद कर रहे है। भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि भ्रष्टाचार की जो संस्कृति कांग्रेसियों को विरासत में मिली उसको आगे बढ़ाते हुए अब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नाम सामने आया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 'महादेव वैटिंग एप स्कैंडल' कांग्रेस के भ्रष्टाचार की यात्रा की एक नई नजीर बनकर सबके सामने है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने सत्ता में रहकर सट्टा का बड़ा खेल खेला। सत्ता में रहते हुए सट्टा कारोबार में रहना छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हकीकत है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को भूपेश बघेल के खिलाफ कुछ चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। ईडी की जांच में खुलासा हुआ कि वैटिंग एप के प्रोमोटर्स ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को नियमित भुगतान किया और अब तक कुल 508 करोड़ रुपये दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि 2 नवंबर 2023 को ईडी को खुफिया जानकारी मिली कि 7 और 17 नवंबर 2023 को होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर महादेव ऐप के प्रमोटरों द्वारा छत्तीसगढ़ में बड़ी मात्रा में नकदी ले जाई जा रही है। ईडी ने होटल ट्राइटन और एक अन्य स्थान पर तलाशी ली। भिलाई और सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के चुनावी खर्चों के लिए बड़ी मात्रा में नकदी पहुंचाने के लिए खास तौर पर संयुक्त अरब अमीरात से भेजे गए एक कैश कूरियर असीम दास को डिटेन किया गया। उन्होंने कहा कि ईडी ने 5.39 करोड़ रुपये की नकद राशि असीम दास की कार और उनके आवास से बरामद की है। असीम दास ने स्वीकार किया है कि जब्त की गई धनराशि महादेव ऐप प्रमोटरों द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में आगामी चुनाव खर्चों के लिए एक राजनेता (बघेल) को देने की व्यवस्था की गई थी।

उन्होंने बताया कि ईडी ने महादेव ऐप के कुछ बेनामी बैंक खातों का भी पता लगाया है जिनमें 15ण्59 करोड़ रुपये की शेष राशि फ्रीज कर दी गई है। ईडी ने असीम दास को गिरफ्तार कर लिया है। इस सट्टेबाजी सिंडीकेट के प्रमोटर्स विदेश में बैठे हैं और अपने दोस्तों और सहयोगियों की मदद से भारत भर में हजारों पैनल चला रहे हैंए जो खासकर छत्तीसगढ़ से हैं और उन्होंने इससे हजारों करोड़ रुपये कमाए हैं। उन्होंने कहा कि ईडी ने पहले ही 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और 450 करोड़ रुपये से अधिक की अपराधिक आय जब्त कर ली है। इस मामले में 14 आरोपी व्यक्तियों के खिलाफमामला दर्ज किया गया है।

बीते अक्टूबर माह में यूपी को मिला 15041.46 करोड़ रुपए का राजस्व

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2023-24 के अक्टूबर माह में कुल 15041.46 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है जबकि वर्ष 2022-23 के अक्टूबर माह में 13911.84 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार अक्टूबर 2022 के सापेक्ष अक्टूबर 2023 में प्रदेश के मुख्य कर.करेत्तर राजस्व वाले मदो में 1129.62 करोड़ रूपए अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। वित्त मंत्री ने बताया कि कर राजस्व के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में माह अक्टूबरए 2023 तक राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य 145355.12 करोड़ रूपए के सापेक्ष 104397.42 करोड़ रूपए की प्राप्ति हुई है जो माह अक्टूबर 2023 तक निर्धारित लक्ष्य का 71.8 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि करेत्तर राजस्व के अंतर्गत माह अक्टूबर 2023 तक 5454.43 करोड़ रूपए की प्राप्ति हुयी है। वित्त मंत्री ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर राजस्व वाले मद जीएसटी एवं वैट में माह अक्टूबर 2023 में राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य 11888.14 करोड़ रुपए के सापेक्ष 8557.21 करोड़ की प्राप्ति हुई है जो निर्धारित लक्ष्य का 72 प्रतिशत है। इस प्रकार जीएसटी एवं वैट के अंतर्गत अक्टूबरए 2022 की तुलना में अक्टूबरए 2023 में 467.64 करोड़ रूपए अधिक प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि जीएसटी के अन्तर्गत माह अक्टूबर 2023 में कुल 6266.95 करोड़ रूपए की राजस्व प्राप्ति हुई है जबकि गत वर्ष अक्टूबर 2022 के माह में प्राप्ति 6044.88 करोड़ थी। वैट के अन्तर्गत माह अक्टूबरए 2023 में 2290.26 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष माह अक्टूबर 2022 में प्राप्ति 2044.69 करोड़ थी। सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि आबकारी मद के अंतर्गत माह अक्टूबर 2023 में निर्धारित लक्ष्य 4800 करोड़ के सापेक्ष 3326.16 करोड़ की प्राप्ति हुई है जो 69.3 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि स्टाम्प तथा निबन्धन के अन्तर्गत माह अक्टूबरए 2023 की राजस्व प्राप्ति 2026.28 करोड़ है जबकि गत् वर्ष माह अक्टूबर, 2022 में प्राप्ति 1714.41 करोड़ थी। वित्त मंत्री ने बताया कि परिवहन के अन्तर्गत माह अक्टूबर 2023 की राजस्व प्राप्ति 856.28 करोड़ है। जबकि गत् वर्ष माह अक्टूबर 2022 में प्राप्ति 884.14 करोड़ थी। उन्होंने बताया कि कर राजस्व के अंतर्गत माह अक्टूबर, 2023 में राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य 21535.45 करोड़ के सापेक्ष 15358.34 करोड़ की प्राप्ति हुई है।

बिना जातीय जनगणना के अधूरा है सामाजिक न्याय

- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में संपन्न हुआ अपना दल कमेरावादी का स्थापना दिवस समारोह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों में आई जागरूकता और उनकी बढ़ती ताकत के सामने सामाजिक न्याय विरोधी ताकतें भी अब झुकने को मजबूर हैं। समाजवादी और कमेरावादी लंबे समय से जातीय जनगणना की मांग कर रहे हैं। सामाजिक न्याय विरोधी ताकते जातीय जनगणना का विरोध कर रही थी, लेकिन अब वह भी अपनी नीति बदलने पर मजबूर हैं, अब वह भी कह रही हैं जातीय जनगणना का विरोध नहीं करेंगे। अखिलेश यादव ने यह बात शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में अपना दल कमेरावादी के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही। समारोह को कृष्णा पटेल ने भी सम्बोधित किया। अखिलेश यादव ने कहा कि बिना जातीय जनगणना के सामाजिक न्याय अधूरा है। जातीय जनगणना होने से समाज में सभी जातियों की संख्या का पता चलेगा। जिससे उन्हें आबादी के अनुपात में हक और सम्मान मिल सकेगा।

उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव और अपना दल के संस्थापक डॉक्टर सोनेलाल पटेल ने समाज के गरीब, दलित, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों को जगाने का काम किया। उनके लिए संघर्ष किया। दोनों नेताओं ने संघर्ष का जो रास्ता दिखाया है उसे पर आगे चलना है। अखिलेश यादव ने कहा कि हम लोग साथ आए हैं अगर इसी तरह से गठबंधन बना रहेगा तो आने वाले समय में परिवर्तन होना तय है। उन्होंने कहा कि हमें जो विरासत में मिला है हमारी जिम्मेदारी है कि हम आने वाली पीढ़ी को उसे और अच्छी तरह से मजबूत बनाकर दें। दोनों दलों का लक्ष्य एक है। अखिलेश यादव ने खुद को स्थापना दिवस में आमंत्रित करने के लिए अपना दल कमेरावादी नेताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि हम लोग 2024 का लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ेंगे और आप लोग जिस भरोसे के साथ आए हैं हम पूरा सम्मान देंगे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की स्थापना 4 नवम्बर 1992 में हुई थी जबकि अपना दल कमेरावादी की स्थापना 4 नवम्बर 1995 में हुई।

यादव ने कहा कि आज यहां से संकल्प लेकर जाएं जो कि सामाजिक न्याय की जो लड़ाई डॉक्टर सोनेलाल पटेल ने शुरू की थी उसे और आगे बढ़ाना है। यादव ने कहा आज जो ताकत में है उन्हें पीडीए की ताकत का पता नहीं है। खुद उनको पता चलेगा भी नहीं। 2022 के विधानसभा चुनाव में हारी भाजपा को सत्ता मिल गई। हमारे साथ बेईमानी हुई थी। डॉ. पल्लवी पटेल ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि अपना दल को व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई को तेजी से आगे बढ़ाने की जरूरत है।

प्रदेश की 44 हजार से ज्यादा सड़कों को किया गया गड्ढामुक्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- पीडब्ल्यूडी समेत विभिन्न विभागों ने दिया योगदान

उत्तर प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर को नई दिशा दे रही योगी सरकार हाईवे ही नहीं, बल्कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की रोड्स के कायाकल्प पर भी गंभीरता से काम कर रही है। इसी क्रम में सरकार ने 2023-24 में अब तक 44 हजार से ज्यादा रोड्स को गड्ढामुक्त बनाने में सफलता अर्जित की है। रोड्स को गड्ढामुक्त करने के लिए गड्ढामुक्ति अभियान के साथ ही नवीनीकरण और रीस्टोरेशन के कार्य को अंजाम दिया गया है। इनमें लोकनिर्माण विभाग के साथ-साथ राष्ट्रीय मार्गए मंडी परिषद, नगर विकास, ग्राम्य विकास विभाग समेत कुल 10 विभागों ने अपनी भूमिका का निर्वहन किया है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी ने रोड इंफ्रास्ट्रक्चर को प्रदेश की तरक्की का मंत्र मानकर इस दिशा में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं। इसमें रोड्स के रखरखाव और उन्हें गड्ढामुक्त बनाने के लिए प्रदेश सरकार अभियान के तहत तेजी से लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ रही है। प्रदेश सरकार ने 2023-24 के लिए 51 हजार से ज्यादा रोड्स को गड्ढामुक्त किए जाने का लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही करीब 34 हजार रोड्स के नवीनीकरण या रीस्टोरेशन का भी लक्ष्य है। लक्ष्य के सापेक्ष सरकार ने 15 अक्टूबर तक कुल 44 हजार से ज्यादा रोड्स को गड्ढामुक्त करने में सफलता पाई है। इसमें 24 हजार से ज्यादा सड़कों को गड्ढामुक्ति के द्वारा तो करीब 20 हजार से ज्यादा को नवीनीकरण या रीस्टोरेशन के द्वारा गड्ढामुक्त किया गया है। इस तरह से गड्ढामुक्ति के कार्यों का प्रतिशत 48 प्रतिशत तो नवीनीकरण एवं रीस्टोरेशन का प्रतिशत 57 प्रतिशत से ज्यादा रहा है। विभागीय स्तर पर की गई कार्यवाही को देखें तो लोक निर्माण विभाग ने सर्वाधिक करीब 39 हजार रोड्स को गड्ढामुक्त किया है। इनमें केवल गड्ढामुक्ति द्वारा करीब 21 हजार (लक्ष्य का करीब 47 प्रतिशत) तो नवीनीकरण एवं रीस्टोरेशन के द्वारा करीब 18 हजार (लक्ष्य का 63 प्रतिशत) रोड्स का कायाकल्प किया गया। इसी तरह राष्ट्रीय मार्ग के तहत कुल 768 रोड्स को गड्ढामुक्त किया गया है। इसमें 604 रोड्स (लक्ष्य के 77 प्रतिशत से ज्यादा) का गड्ढामुक्ति के तहत तो 164 रोड्स (लक्ष्य के 86 प्रतिशत से ज्यादा) का कायाकल्प करने में सफलता प्राप्त की है। मंडी परिषद ने कुल 377 (369 गड्ढामुक्ति द्वारा और 8 नवीनीकरण एवं रीस्टोरेशन द्वारा) रोड्स को गड्ढामुक्त बनाने में सफलता हासिल की है। इसी तरह पंचायती राज विभाग ने 274 (128 गड्ढामुक्ति द्वारा और 146 नवीनीकरण एवं रीस्टोरेशन द्वारा), सिंचाई विभाग ने 58 (26 गड्ढामुक्ति द्वारा और 32 नवीनीकरण एवं रीस्टोरेशन द्वारा) ग्राम्य विकास ने 183 (सभी 183 गड्ढामुक्ति द्वारा), नगर विकास ने 2137 (1315 गड्ढामुक्ति द्वारा और 822 नवीनीकरण एवं रीस्टोरेशन द्वारा), आवास एवं शहरी नियोजन ने 25 (9 गड्ढामुक्ति द्वारा और 16 नवीनीकरण एवं रीस्टोरेशन द्वारा) और अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास ने 1343 (1060 गड्ढामुक्ति द्वारा और 283 नवीनीकरण एवं रीस्टोरेशन द्वारा) रोड्स को गड्ढामुक्त किया गया है।

एक्सप्रेस-वे के किनारे बनेंगे नए औद्योगिक नगर

यूपी में शहरीकरण को नई दिशा और रफ्तार देंगे उद्योग और एक्सप्रेस-वे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

एक समय था जब शहरों की बसावट नदियों के इर्द गिर्द हुआ करती थीए लेकिन उद्योगों की बढ़ती मांग और तेजी से होते विस्तार के चलते नए दौर में औद्योगिक शहरों का चलन बढ़ा है। ऐसे में योगी सरकार ने एक्सप्रेस-वे के किनारे नए औद्योगिक नगरों को बसाने का संकल्प लिया है। नोएडा की तर्ज पर बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के करीब नए औद्योगिक शहर को बसाने का ऐलान किया जा चुका है, जबकि आने वाले समय में कई और एक्सप्रेस-वे के समीप नए औद्योगिक नगरों को बसाने का ऐलान होने की संभावना है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक एक्सप्रेस-वे वाला राज्य है। प्रदेश में अभी 6 एक्सप्रेसवे संचालित हैं जबकि 7 निर्माणाधीन हैं। इन तेज रफ्तार वाले मार्गों के किनारे नये-नये नगरों को डेवलप करने से विकास की रफ्तार कई गुना बढ़ जाएगी। नोएडा की तर्ज पर बनने वाले इन औद्योगिक नगरों में सरकार हर प्रकार के आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप करेगी। प्रत्येक एक्सप्रेस-वे के किनारे अलग-अलग औद्योगिक पार्कों को स्थापित करके जहां एक तरफप्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का प्रयास होगा वहीं मौजूदा नगरों पर बढ़ते बोझ को भी कम करने में मदद मिलेगी। उत्तर प्रदेश में अभी कई एक्सप्रेसवे का निर्माण तेज गति से चल रहा है। सरकार इनके किनारे विभिन्न इंडस्ट्रियल पार्क का निर्माण करने के साथ ही नये नगरों को डेवलप करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा की तर्ज पर झांसी के पास लगभग 14 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में नये औद्योगिक नगर को स्थापित करने की घोषणा की है। इसके अलावा ललितपुर में उत्तर प्रदेश का पहला फार्मास्युटिकल पार्क भी बनाया जाएगा। इसी तरह यमुना एक्सप्रेसवे पर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ ही फिल्म सिटी, टॉय पार्क, लॉजिस्टिक पार्क समेत विभिन्न कॉमर्शियल और रेजीडेंशियल स्कीम्स के माध्यम से औद्योगिक नगर की तरह बसाया जा रहा है। आने वाले दिनों में अन्य एक्सप्रेसवेज के किनारे इसी तरह की गतिविधियों को गति दिए जाने की संभावना है।

इंडस्ट्रियल प्रदेश के रूप में आकार ले रहा यूपी

उत्तर प्रदेश को 2027 तक वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला प्रदेश बनाने में जुटी योगी सरकार का संकल्प राज्य को इंडस्ट्रियल हब बनाने के साथ ही पूरा होगा। इसके लिए बड़े पैमाने पर लैंड बैंक तैयार हो रहे हैं। राजस्व और चकबंदी के लंबित मामलों के निस्तारण में अप्रत्याशित तेजी के रूप में इसे महसूस किया जा सकता है। 2018 के यूपी इन्वेस्टर्स समिट के जरिए 4.28 लाख करोड़ से अधिक के निवेश धरातल पर उतरने लगे हैं। वहीं 2023 के यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 38 लाख करोड़ के ऐतिहासिक निवेश प्रस्तावों को भी धरातल पर उतारने में सरकार जी जान से जुटी हुई है। एक्सप्रेसवे के किनारे विभिन्न इंडस्ट्रियल पार्कों के जरिए नये उद्योगों की स्थापना की जाएगी। इनसे जहां रोजगार के अवसर बनेंगे, युवाओं का पलायन रुकेगा वहीं नये नगरों को विकसित करते हुए पुराने शहरों पर बढ़ते बोझ को भी कम किया जा सकेगा। उत्तर प्रदेश में जिन बड़े निर्माणाधीन औद्योगिक गतिविधियों की चर्चा हो रही है उनमें हरदोई में रिवॉल्वर फैक्ट्री, कानपुर देहात में प्लास्टिक फैक्ट्री और स्टील रोलिंग मिलए बरेली में मेगा फूड पार्क, ललितपुर में बल्क ड्रग पार्कए नोएडा और गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क, वाराणसी और गोरखपुर में चारकोल प्लांट, आगरा, गोरखपुर और कानपुर में फ्लैटेड फैक्ट्री का निर्माण, लखनऊ में ग्रीन कॉरीडोर के जरिए इंडस्ट्रियल कॉरीडोर का विकास, खुर्जा में पॉटरी कॉम्प्लेक्सए नोएडा में इंटरनेशनल फिल्म सिटी, यीडा क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क, लखनऊ हरदोई सीमा पर टेक्सटाइल पार्क का निर्माण, पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे के पास पेप्सिको प्लांट, गोरखपुर में ग्रीन अमोनिया प्लांट, गोरखपुर में एथनॉल और डिस्टिलरी प्लांटए वाराणसी में अमूल प्लांट, कन्नौज में देश का पहला परफ्यूम पार्क बड़ी परियोजनाएं हैं, जो तेजी के साथ आकार ले रही हैं।

एलपीएस के छात्र-छात्राओं ने बिखेरी अद्भुत छटा

संवाददाता। सीतापुर

लखनऊ पब्लिक स्कूल सीतापुर का प्रांगण शनिवार सुबह से लेकर देर रात तक संगीतमयी धुन, आकर्षक गीतों और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। मौका था विद्यालय के 14वें वार्षिकोत्सव का जिसमें छात्र-छात्राओं की दमदार और मनमोहक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। दो पालियो में आयोजित हुए वार्षिकोत्सव की दूसरी पाली में कक्षा 6 से 12वीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं ने नाटक मंचन, गायन, नृत्य आदि की अति विशिष्ट प्रस्तुतियों ने अतिथियों का मनमोह लिया। दूसरी पाली की मुख्य अतिथि जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल ने दीप प्रज्ज्वलित कर वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देते हुए छात्र-छात्राओं के नाटक

- दूसरी पाली में 6 से 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने दी दमदार प्रस्तुतियां
- गायन, नृत्य, नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने अतिथियों का मोहा मन
- जागरूकता परक नाटक मंचन कर छात्र-छात्राओं ने सभी को सोचने पर किया दिया मजबूर
- नुक्कड़ नाटक, भांगड़ा, महापुरूषों को श्रद्धांजलि देते हुए दी गयी मनमोहक प्रस्तुति
- हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 47 छात्र-छात्राएं व अभिभावक हुए सम्मानित

मंचन ने दर्शकों को सोंचने पर मजबूर कर दिया। भारत के झंडे के तीन रंगो के महत्व को दर्शाते हुए बेहतरीन प्रस्तुति दी गयी। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमो में देशभक्ति अनेकता में एकता की झलक वात्सल्य, मानवता आदि की झलक देखने को मिली। माई मैक्ट, कथक और लावनी की बेहद सुंदर प्रस्तुति ने दर्शको को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। रवीन्द्र नाथ टैगोर सहित अन्य महापुरूषों की स्मृति में छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गयी।

अंग्रेजी नाटक सेवेन एजेस ऑफ मैन में मनुष्य की सात अवस्थाओं को प्रदर्शित किया गया। नुक्कड़ नाटक और भांगड़ा की जोशीली प्रस्तुतियों ने विद्यालय प्रांगण का माहौल जोश से भर दिया। धूम्रपान निषेध पर दी गयी जागरूकता परक प्रस्तुति ने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। समाज में महिलाओं की भूमिका को दर्शाते आकर्षक नाटक मंचन ने सभी को भाव विभोर कर दिया। मुख्य अतिथि प्रिया पटेल व विद्यालय के प्रबंधक एसपी सिंह ने हाईस्कूल की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 47 छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल ने वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं द्वारा दी गयी प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने और अच्छे कार्य करके अपने विद्यालय व देश का नाम ऊंचा करने की सलाह दी। प्रबंधक एसपी सिंह ने छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को शिक्षा के प्रति अपने दृष्टिकोण व भविष्य के उन उद्देश्यों का जिक्र किया जिनकी प्राप्ति के लिए वह निरंतर कार्यरत हैं।

उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं के जीवन में अभिभावकों का सहयोग सबसे अधिक है जो उनके सुनहरे भविष्य की मजबूत नींव तैयार करता है। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं द्वारा एक साथ एलपीएस थीम स्वांग गाया गया। वार्षिकोत्सव में डा. अनामिका श्रीवास्तव, डायरेक्टर नेहा सिंह, डिप्टी डायरेक्टर मीना टांगड़ी, प्रधानाचार्या नीलम सिंह, प्रेरणा गुप्ता, अंकित शुक्ला, जेपी सिंह, माधवी बाजपेई, आरती शर्मा, प्रशांत सिंह, इन्द्रेश सिंह आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

मतदाता जागरूकता की तहसील से निकाली गयी साइकिल रैली

- मतदाता जागरूकता रैली को उपजिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई रैली तहसील में हुई समाप्त

मोहम्मदी। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता मतदाता पुनरीक्षण के कार्यक्रम के तहत आज सुब आठ बजे तहसील से मतदाता जागरूकता रैली निकली गई, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यालयों के छात्र और छात्राएं शामिल हुई ,रैली को उप जिलाधिकारी डॉक्टर अवनीश कुमार ने हरी झंडी रवाना किया,मतदाता जागरूकता की साइकिल रैली तहसील से बरबर रोड से बाजार गज से नाथू चौराहा चौराहा से पीडी कालेज से अशोक चौराहा से हनुमान मंदिर होते हुऐ तहसील मे समाप्त हुई,रैली मे लगभग दस विद्यालय के छात्र और छात्राऐ शामिल हुई,रैली को समबोन्धित करते हुऐ उपजिलाधिकारी अवनीश कुमार ने सभी का आभार जताते हुऐ कहा कि इस रैली का मकसद कि आम जन मानस मे जागरूकता लाना है,जो छात्र और छात्राऐ जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयू पूरी कर चुके है वो अपना वोट बनवा ले,हर बूथ पर बीएलओ शनिवार और रविवार बैठेंगे, इस कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से जेपी प्रधानाचार्य के मनोज खरे,राजवीर सिह,मो.दिलशाद ,हरी नन्द,पीडी कालेज,मोहम्मदी महाविद्यालय, कृष्णा महाविद्यालय,राजकीय कालेज सहित अन्य कालेज शामिल रहे कार्यक्रम मे विशेष रुप से क्राइम इंस्पेक्टर अश्विनी विश्वकर्मा ,सब इंस्पेक्टर राजवीर सिंह , नगर पुलिस मौजद रही, वही तहसील से सीआरसी पुनीत अवस्थी ,धर्मेंद्र कुमार, अर्पित कुमार का विशेष योगदान रहा।

महाविद्यालय में 250 छात्र-छात्राओं को विधायक ने वितरित किए स्मार्टफोन

संवाददाता। निघासन खीरी

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी स्मार्टफोन वितरण योजना के तहत

आज निघासन नगर पंचायत के रकेहटी कस्बे में

में स्थित में शिव मुन्नी देवी गया सिंह संजना सिंह गायत्री महाविद्यालय में 250 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। इस दौरान स्मार्ट फोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक पटेल शशांक वर्मा ने छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन वितिरत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सपना है कि उत्तर प्रदेश का युवा समग्र रूप में सक्षम हों। आज के इस तकनीकी युग में प्रदेश में वितरित किये जा रहे स्मार्टफोन से युवा अपनी पढ़ाई व रोजगार को आगे बढ़ाने में सफल होंगे। इस मौके पर कालेज के प्रबन्धन विनोद कुमार सिंह, संतोष राज, अखिलेश चतुर्वेदी, दिनेश चंद्र जोशी, पियूष बाजपेई, सहित समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

बगैर जीएसटी व एनओसी काटी जा रही हैं गाड़ियां

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ (खीरी)

गोला गोकर्ण नाथ में लखीमपुर मार्ग निकट भूतनाथ मार्ग मोड़ पर स्थित स्क्रेप व्यवसाई ग्लोबल अल्ट्रासेक के नाम से बोर्ड लगाकर कबाड़ की आंड में चौपहिया वाहनों को काटता है इसके अलावा भी नगर के मोहम्मदी मार्ग, रेलवे क्रासिंग अलीगंज मार्ग, खुटारोड, बांकेगंज मार्ग आदि पर गाडियां काटकर स्क्रेप लोहा, प्लास्टिक को अलग कर दूसरे प्रदेश में गाड़ी भरकर भेजकर मोटी रकम क्या रहे है। उपरोक्त स्क्रेप/कबाड़ी व्यवसायियों के पास चौपहिया दुपैहिया वाहनों के काटने व स्क्रेप को बाहर भेजने के लिए न तो कोई रजिस्ट्रेशन है,न ही कोई एनओसी है इस लिए इसकी जांच कर इन अवैध कबाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया जाए।

भारत सरकार ने 15 साल से अधिक पुराने चौपहिया वाहनों को बंद करने का निर्देश दिया है और इन वाहनों की खरीदने व काटने के लिए परिवहन विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया सुनिश्चित करनी है पर अभी तक कोई टेंडर प्रक्रिया नहीं अपनाई गई है।

दूसरे जनपद के ग्राम विशुनपुर तहसील विलासपुर (रामपुर) का नाम अंकित कर बाकायदा बोर्ड लगाकर गाड़ियों को काटा जा रहा है इस संबंध में बोर्ड पर पड़े मोबाइल नंबर ग्राम विशुनपुर के मालिक से बातचीत की तब उसने जवाब दिया कि मालिक वीरेंद्र दीप सिंह नेजोकि विशुनपुर तहसील विलासपुर (रामपुर) निवासी हैं उन्होंने कहा है कि यह फर्जी व जालसाजी, धोखाधड़ी किया जा रहा है इसकी पहले भी शिकायत एसओजीपुलिस व आरटीओ के पास कर चुके हैं अब इसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। गौरतलब होकि नगर में यह पहली घटना नहीं है मोहम्मदी मार्ग, रेलवे क्रासिंग अलीगंज मार्ग, पंजाबी कालोनी, खुटार रोड़, बांकेगंज मार्ग संसारपुर, अलीगंज में चौपहिया दुपैहिया वाहनों को काटने का गोरखधंधा बेरोकटोक जारी है पर अगर इन काबाडियों की जांच गोला पुलिस ने कराकर लखीमपुर के किसी भी थाने व पुलिस क्षेत्राधिकारी से जांच कराई जाए तब गोला पुलिस के पास कोई जवाब नहीं होगा।

क्विक न्यूज

नेशनल पब्लिक स्कूल में संपन्न हुई परख परीक्षा

ओयल खीरी। छात्रों ने दी परख परीक्षा सरकार द्वारा आयोजित परख परीक्षा में नेशनल पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा कार्यक्रम आयोजक की उपस्थिति में परीक्षा दी गई। यह परीक्षा छात्रों की गुणवत्ता, परख शिक्षा, शारीरिक, मानसिक शैक्षणिक आदि विभिन्न स्तरों का आकलन करने हेतु कराई जाती है। नेशनल पब्लिक स्कूल की प्रबंधिका दीपाली गुप्ता ने सरकार द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास के आकलन हेतु आयोजित इस परख परीक्षा पर प्रकाश डालते हुए इसके महत्व के बारे में सभी छात्रों को अवगत कराया। राज्य शैक्षिक उपलब्धि सर्वेक्षण परीक्षा में छात्रों ने बहुत ही उत्साह के साथ शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराई।

पुलिस उपाधीक्षक ने प्लेटफॉर्म, वेटिंग हाल,ओवरब्रीज पर चेकिंग की

शाहजहांपुर । पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग लखनऊ ने पुलिस उपाधीक्षक रेलवे, शाहजहाँपुर ह्रषीकेश यादव ने जीआरपी थाना शाहजहाँपुर का अर्धवार्षिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया , पुलिस उपाधीक्षक ने थाने में पंजीकृत अभियोगो में विवेचकों द्वारा की जा रही लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की । थाने पर मौजूद अभिलेखों आदि का अवलोकन कर मालखाना, शस्त्रागार, भोजनालय व महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण करने के पश्चात आगामी त्यौहार दीपावली पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत उपाधीक्षक ने ट्रेन में स्कॉर्ट व सुरक्षा को लेकर समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मीटिंग भी की गई व सभी की समस्याओं को सुना व समस्याओं का निस्तारण भी किया । पुलिस उपाधीक्षक ने प्लेटफॉर्म, वेटिंग हाल,ओवरब्रीज पर चेकिंग कर पुलिस कर्मियों को सतर्क होकर ड्यूटी करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया ।

ट्रैक्टर ने ऑटो को मारी टक्कर महिला की मौत कई घायल

बरेली । तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने आगे चल रहे टेंपो को टक्कर मार दी जिससे टेंपो में सवार एक महिला की मौके पर मौत हो गई और टेंपो में सवार कई बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया इस दौरान वहां मौजूद भीड़ ने काफी हंगामा किया और जाम लगा दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा कर मामला शांत कराया ।सुभाष नगर के करवैना निवासी 40 वर्षीय शांति देवी कि आज सुबह बारादरी थाना क्षेत्र में तुलसी नगर के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई उसके घर वालों ने बताया कि अपने परिवार के साथ टेंपो में बैठकर कही जा रही थी इस दौरान तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने पीलीभीत बाईपास स्थित तुलसी नगर के सामने आटो को टक्कर मार दी दुर्घटना में ऑटो में सवार महिला शांति देवी की मौके पर ही मौत हो गई और ऑटो में सवार कई बच्चे घायल हो गए दुर्घटना के बाद लोगों की भीड़ मौके पर लग गई और नारेबाजी करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाया और महिला के शव को पोस्टमार्टम भेज दिया और घायल बच्चों को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया और टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर उसके चालक की तलाश शुरू कर दी ।

एटीएम गार्ड ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बरेली । रात के समय नशे की हालत में घर आए एटीएम पर तैनात एक गार्ड में पत्नी से हुए विवाद के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जाच शुरू कर दी ।बिथरी चौनपुर थाने की हरुनगला स्थित शिव शक्ति कॉलोनी निवासी 40 वर्षीय दिलीप कुमार पुत्र जगराज सिंह ने बीती रात घर में कमरे की छत से लगे कुंड से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि दिलीप सिंह एक बैंक के एटीएम पर गार्ड के तौर पर काम करता था लेकिन वह शराब का आदि था जिसके चलते उसका अपने घरवालों से अक्सर विवाद होता था कल शाम को भी वह नशे की हालत में घर पहुंचा उसका अपनी पत्नी मीना देवी से विवाद हो गया इसके कुछ देर बाद ही रात में उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घर वालों ने उसकी लाश को फांसी पर लटके देखा और उसे फांसी से उतर कर जिला अस्पताल लाये जहां पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया मृतक तो बच्चों का पिता था।

पाक कला को लेकर मुहिम

लखनऊ। मास्टरशेफइंडिया ने पाककला का अगला जीनियस खोजने के लिये धड़कनों को बढ़ा देने वाली प्रतियोगिता शुरू कर दी है। इसी के साथ अब पूरे माहौल में कड़ाही की आवाज और मसालों की सुगंध फैल चुकी है। मंच पर घरेलू रसोइये अपनी पाक कला का प्रदर्शन कर रहे हैं और सर्वश्रेष्ठ मास्टरशेफके रूप में उभरने के लिए सामान्य मानकों को चुनौती दे रहे हैं। इस शो को प्रमोट करने के लिए आज शेफविकास खन्ना घरेलू रसोइया निधि शर्मा और नंबी जेसिका एस मारक के साथ लखनऊ में मौजूद थे। सोलनए हिमाचल प्रदेश की 35 वर्षीय निधि शर्माए यूको बैंक में लंबे समय से चले आ रहे करियर और एक बच्चे के पालन.पोषण के बीच संतुलन बनाते हुए इंस्टाग्राम पर एक खाद्य सामग्री निर्माता के रूप में चमक रही हैं। नाम्बी जेसिका एस मराकए मेघालय की 30 वर्षीय गतिशील महिलाए पूर्वोत्तर व्यंजनों के प्रति अपने जुनून से प्रेरित है। वह अपने क्षेत्र की समृद्ध पाक परंपराओं को भव्य मंच पर प्रदर्शित करते हुए मास्टरशेफइंडिया पर अपनी छाप छोड़ना चाहती है।

सतर्कता जागरूकता अभियान का समापन

बरेली । इफ्को आंवला इकाई में चल रहे सतर्कता जागरूकता अभियान के समापन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक श्री राकेश पुरी जी ने पुरस्कृत किया । आंवला इकाई के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक श्री राकेश पुरी ने बच्चों और इफ्को परिवार के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन बहुत जरूरी है। यदि यह अपने दैनिक कार्यों में इसे अपनाएं तो हम न केवल अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं बल्कि हम पारदर्शिता से भ्रष्ट मुक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। वेंडर्स मीट में बड़ी संख्या में हिस्सा लेने पहुंचे संविदाकार को ऑन लाइन के जरिये कार्य करने पर जोर दिया गया। सर्तकता अधिकारी उपमहाप्रबंधक श्री डीकेशर्मा और उनकी टीम को कार्यक्रम के की सफलता पर इकाई प्रमुख ने बधाई दी। सतर्कता जागरुकता कार्यक्रम के समापन पर वरिष्ठ महाप्रबंधक श्री एस.सी गुप्ता जी ,महाप्रबंधक श्री वेंकट .एस. के महाप्रबंधक श्री पी.वी.के.शास्त्री जी, महाप्रबंधक श्री सत्यजीत प्रधान,महाप्रबंधक श्री प्रदीप शर्मा , संयुक्त महाप्रबंधक श्री मुकेश खेतान, संयुक्त महाप्रबंधक श्री हीरालाल, संयुक्त महाप्रबंधक श्री अमित गुप्ता इफ्को ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री शिशिर कुमार यादव जी ट्रेनिंग विभाग के प्रमुख श्री हरीश रावत सहित इफ्को के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे । कार्यक्रम के आयोजन श्री डीके शर्मा जी एवं मंच का संचालन आनंद मणि रतूड़ी जी ने किया ।

समाजवादी की मासिक बैठक

शाहजहांपुर। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मासिक बैठक सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 2024 के लोकसभा के चुनाव के मद्दे

नजर जनपद शाहजहांपुर के प्रत्येक बूथ स्तर पर वोट बढ़ाने एवं गलत नामो को सही करने को लेकर चर्चा की गई...! इस मौके पर सपा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक पदाधिकारी, कार्यकर्ता,बूथ प्रभारी,सेक्टर प्रभारी,जोनल प्रभारी अपनी अपनी विधानसभा के बूथों पर जाकर वोट बड़वाने और गलत नामो को सही करवाने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से लग जाएंगे तो 2024 लोकसभा के चुनाव का पार्टी हित में नतीजा बहुत ही अच्छा होगा उन्होंने विधानसभा अध्यक्षों व नगर अध्यक्षों व ब्लॉक अध्यक्षों से वोट बढ़ाने के कार्य के लिए बूथ प्रभारी एवं सेक्टर प्रभारी का भरपूर सहयोग करने को कहा है।

मंत्री ने किया निर्माणाधीन बहुउद्देशीय सामुदायिक केन्द्र का गहन निरीक्षण

संवाददाता। शाहजहांपुर

मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य सुरेष कुमार खन्ना ने आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत नगर क्षेत्र के रेती रोड पर रुपये लगभग 3 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन बहुउद्देषीय सामुदायिक केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय निर्माण कार्य की स्थिति को देखा । निर्माणाधीन बहुउद्देषीय सामुदायिक केन्द्र का निर्माण कार्य कार्यदायी सस्था लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है। मंत्री ने मौके पर उपस्थित लोक निर्माण विभाग के अधिषासी अभियंता को निर्माणाधीन सामुदायिक केन्द्र के निर्माण कार्य हेतु आवष्यक दिषा-निर्देष दिये गये।

निरीक्षण के समय मुख्य अभियन्ता (सिविल) एस0के0 आम्बेडकर, लोक निर्माण विभाग के अधिषासी अभियंता, पूर्व उपाध्यक्ष कैन्टोमेण्ट बोर्ड अवधेष दीक्षित के अतिरिक्त अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील कलान में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

संवाददाता। शाहजहांपुर

- शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील कलान में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना व उनका गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। तहसील कलान में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 128 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 20 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को प्रेषित कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्यत: राजस्व, पुलिस, समाज कल्याण, उद्यान, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, आपूर्ति आदि विभागों से संबंधित प्रकरण प्राप्त हुए।

तहसील समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर प्रभावी समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनता की शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से करना सुनिश्चित करें। उन्होने निर्देश दिए कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जाकर जांच कर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करायें, यदि संज्ञान में आया कि निस्तारण में लापरवाही बरती गयी है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान प्राप्त होने वाली शिकायतों में पहले से कमी आयी है। समाधान दिवस को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयावधि में हो यह सुनिश्चित किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अशोक कुमार मीणा ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनकर उनके प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया।

पति ने शराब पीने से रोका तो पत्नी ने की आत्महत्या

बरेली। पत्नी के शराब पीने के बाद उसका पति से विवाद हो गया इसके बाद महिला ने कमरे में फासी लगाकर जान दे दी पुलिस ने मौके से शराब बरामद की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।किला थाना क्षेत्र के गुलाबनगर चौधरी मोहल्ला निवासी गोपाल कश्यप ने बताया उनका विवाहअलीगंज के गांव गैनी निवासी राधा से 13 साल पहले हुआ था उनका एक बेटा है, जबकि 11 साल की बीमार बेटी मानसी का दिल्ली से इलाज चलता है उन्होंने बताया कि पत्नी कभी कभी शराब पी लेती थी शुक्रवार रात भी राधा ने चोरी छिपे शराब पी ली इसका पता चलते ही उन्होंने विरोध किया तो झगड़ा हो गया गुस्से में राधा अंदर वाले कमरे में चली गई,जबकि वह दोनों बच्चों के साथ बाहर वाले कमरे में सो गए देर रात राधा ने दुपट्टे का फंदा बनाकर पंखे के सहारे लटक कर फांसी लगा ली सुबह बेटी जब मां को बुलाने कमरे में गई तो उसने मां की लाश को फांसी पर लटके देखा जिससे उसकी चीख निकल गई गोपाल ने फौरन पुलिस को सूचना देकर शव को नीचे उतार लिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया दोपहर तक मृतका के मायके वाले पोस्टमार्टम हाउस नहीं पहुंचे थे इंस्पेक्टर हरेंद्र कुमार ने बताया कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि मृतका शराब पी लेती थी मौके से एक पौव्वा बरामद हुआ है जिसमें आधी शराब थी

दहेजलोभियों ने की महिला की हत्या, लाश छोड़कर फरार

संवाददाता। बरेली

दहेज के लोभी पति और ससुरालियों ने गर्भवती को पीटकर व जहर देकर मौत के घाट उतार दिया और उसके मायके वालों को गुमराह करते रहे ।जब मायके वालों को घटना का पता चला तब तक आरोपी उसके शव को अस्पताल में छोड़ कर फरार हो चुके थे घटना किसी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार्रवाई शुरू कर दी ।बिथरी चौनपुर थाने के रहने वाले वीरेंद्र सिंह ने बताया की 24 वर्षीय भतीजी प्रियंका का विवाह इसी साल फरवरी में बिथरी चौनपुर के गांव कंथरिया के रहने वाले ठेकेदार कृष्णा पटेल से की थी प्रियंका के परिवार वालों नहीं विवाह में लगभग 35 लख रुपए खर्च किए थे लेकिन उसके बाद भी कृष्ण पटेल व उसके परिवार वाले आए दिन प्रियंका को काम दहेज लाने की बात कह कर प्रताड़ित करते रहते थे शुक्रवार को पति और ससुराल वालों ने प्रियंका को बुरी तरह पीटा और उसके बाद उसे जहर दे दिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई तब घरवालों को लगा कि उसको बचाना मुश्किल है उन्होंने मायके वालों को सूचना दी कि वह प्रियंका को अस्पताल ले जा रहे हैं जब प्रियंका घर वाले अस्पताल जाने लगे तो उन्हें कई बार अलग-अलग अस्पतालों में जाने की जानकारी देकर भ्रमित किया गया जब वह एक निजी अस्पताल पहुंचे तो आरोपी प्रियंका के शव को अस्पताल में छोड़ कर फरार हो चुके थे उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को देते हुए हत्या का आरोप लगाया पुलिस शव को जिला अस्पताल लायी और वहां से उसे पोस्टमार्टम के भेज दिया और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी मृतका पांच माह की गर्भवती थी ।

ट्रपलिंग कर स्टंटबाजों ने बनाई रील, वीडियो वायरल

बरेली। मोटरसाइकिल सवार स्टंटबाजों ने ट्रपलिंग कर रील बनाई लहरती बाइक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया मामले की शिकायत एक्स ट्यूटर पर की गई तब पुलिस और ट्रैफिक पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए गए ।यातायात माह की शुरूआत होते ही जहां एक तरफ पुलिस लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक कर रही है औ चालान की कार्रवाई कर रही है वहीं दूसरी तरफ स्टंटबाज अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे वह नियमों की धज्जियां उड़ा रहे रहे हैं ऐसा ही एक मामला बारादरी क्षेत्र मे सामने आया जिसकी एक्स ट्वीटर पर ट्वीट कर शिकायत की गई शिकायतकर्ता ने बरेली पुलिस को टैग कर एक वीडियो साझा किया बताया जाता है कि वीडियो श्यामगंज पुल के पास का है इसमें ट्रपलिंग कर रहे युवा लापरवाही से बाइक चलाते दिख रहे है उनकी बाइक लहर रही है बीच में बैठा युवक चलती बाइक पर लेटा हुआ था जिसे पीछे वाले उसके साथी ने पकड़ रखा था ठीक पीछे चल रहे बाइक सबार वीडियो बना रहा था 15 सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है इस मामले में यातायात व स्थानीय पुलिस को जांचकर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया

गणतंत्र दिवस चयन शिविर के लिए छात्राओं का चयन

संवाददाता। शाहजहांपुर

जी एफ कालेज राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रा सृष्टि आर शर्मा का पूर्व गणतंत्र दिवस चयन शिविर 2023-24 में प्रतिभाग के लिए चयन हुआ है। जी एफ कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना की तीन स्वयंसेविकाएं महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली गईं थीं जहाँ पूर्व गणतंत्र दिवस चयन शिविर के लिए छात्राओं का चयन किया गया, जिसमे सृष्टि आर शर्मा का चयन हो गया ।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मोहम्मद तारिक ने सृष्टि आर शर्मा के चयन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूर्व गणतंत्र दिवस चयन शिविर के लिए चयनित होना महाविद्यालय और जनपद के लिए गर्व की बात है ।सृष्टि के चयन से अन्य विद्यार्थी प्रेरित होंगे ।सृष्टि दस दिवसीय 20 से 29 नवंबर 2023 तक देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार उत्तराखंड में आयोजित होने वाले पूर्व गणतंत्र

दिवस चयन शिविर में भाग लेंगी,जिसमें सभी चयनित प्रतिभागी प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा को निखारेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ कहकशां बेगम,डॉ मोहम्मद शोएब व डॉ कौसर जमाल डॉ शबाना साजिद आदि ने सृष्टि को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अधिकारी प्राप्त शिकायतों का समय अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण : जिलाधिकारी

● जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने तहसील सिकंदरा में लोगों की सुनी समस्याएं

संवाददाता। कानपुर देहात

जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी आलोक सिंह व पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति द्वारा तहसील सिकंदरा में लोगों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्णए संतुष्टिपरकए त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 188 शिकायतें प्राप्त हुईए जिनमें पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ।

तहसील समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों की शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष लोगों द्वारा रखी गईए जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराकरए निस्तारण आख्या से जिला प्रशासन को अवगत कराने के निर्देश दिये। भूमि विवाद से संबंधित शिकायत के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करेंगे इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा भी पुलिस से संबंधित शिकायतों को सुनकर निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी सिकंदराए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एके सिंहए डीएफ्ओ एके द्विवेदीए तहसीलदार आदि जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

रूरा कोतवाल ने बैंको का किया निरीक्षण, अराजकतत्वों में मची खलबली

संवाददाता। रूरा, कानपुर देहात

प्रभारी निरीक्षक रूरा कोतवाल कपिल दुबे ने शनिवार को कस्बे की बैंकों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण से अराजकतत्वों में खलबली फैल गयी।

चर्चित रूरा एसओ कपिल दुबे ने भारतीय स्टेट बैंक, बैंक आफ बडौदा, बडौदा पूर्वी ग्रामीण बैंक आदि बैंकों का निरीक्षण किया, संदिग्ध नजर आये लोगों से पूँछतॉछ की, उन्होंने ग्राहकों से आग्रह किया कि वह अपने खाते से सम्बन्धित कोई भी जानकारी अज्ञात व्यक्ति से शेयर न करें, ग्राहकों से टप्पेबाजों से सावधान रहने को कहा, उनके लालच व प्रलोभन से बचने की सलाह दी। औचक निरीक्षण के दौरान अराजकतत्वों में खलबली मच गयी। निरीक्षण के दौरान रूरा थाना पुलिस का स्टाफमौजूद रहा।

मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने नेहरू इंटर कॉलेज रसधान में पहुंच किया निरीक्षण

संवाददाता। कानपुर देहात

कानपुर मंडल मंडलायुक्त अमित गुप्ता व जिलाधिकारी आलोक सिंह द्वारा सामान्य निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का विधानसभा क्षेत्र सिकंदरा अंतर्गत नेहरू इंटर कॉलेज रसधान में निरीक्षण किया तथा अभियान को पूरी पारदर्शिता से चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करेंए इस कार्य में कोई लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा किसी भी मतदेय स्थल पर फार्म 06ए07ए08 और 08 ए की कमी नहीं होनी चाहिए। सुपरवाइजर मतदेय स्थलों का निरंतर स्थलीय निरीक्षण करेंए यदि कहीं भी बूथ पर फार्म की कमी हो तो संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारीध्उप जिलाधिकारी एवं जिला कार्यालय से समन्वय कर पूरा कराएं। सुपरवाइजर पहली बार निर्वाचक नामावली का कार्य करने वाले बीएलओ के कार्यों पर विशेष ध्यान रखे। इस दौरान उन्होंने बूथ लेबल ऑफिसर के कार्यप्रणाली को भी देखा तथा पुनरीक्षण अभियान के तहत नए मतदाताओं को शत प्रतिशत वोटर लिस्ट में जोड़नेए साथ ही जो मतदाता स्थान परिवर्तित करके नए स्थानों से जुड़े हैं उनके नाम को भी जोड़ा अथवा हटाया जाए। उन्होंने पुनरीक्षण अभियान में संलग्न कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दिन प्रतिदिन की रिपोर्ट अपने संबंधित अधिकारी को प्रेषित करेंए बूथ पर आने वाले मतदाताओं का संबंधित फार्म अवश्य भराये तथा लोगों को इस अभियान के संबंध में जागरूक भी करेंए जिससे ज्यादा से ज्यादा मतदाता वोटर लिस्ट में शामिल हो सकें। उन्होंने एसडीएम सिकंदरा को स्कूलों कॉलेज व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अभियान का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के भी निर्देश दिए।

इस मौके पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्तिए उप जिलाधिकारी सिकंदरा आदि उपस्थित रहे।

'इच्छुक सेवाप्रदाता फर्म, इंटरप्राइजेज सेवा मित्र पोर्टल से जुड़कर उठाएं लाभ'

संवाददाता। कानपुर देहात

● आर्किटेक्ट, इलेक्ट्रीकल, वर्क्स, कारपेन्टर वर्क्स, टेन्ट सर्विस की सेवाऐं एक क्लिक पर उपलब्ध हो सकेगी।

कौशल को काम, जन सामान्य को आराम के तहत कौशल प्रदेश के कुशल पेशेवरों को स्व:रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए श्रम एवं सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश ने सेवा मित्र पोर्टल एवं एप लॉच किया हैं। इसके द्वारा नागरिकों को उतम सेवाऐं उचित दर पर उनके द्वार पर ही उपलब्ध हो जायेगी। विभिन्न कार्य जैसे इलेक्ट्रिक रिपेयरिंग, एसी0 सर्विस, करपेन्टर, साफ सफाई, आरो सर्विस, पलम्बर,ब्यूटिशियन डे.वर्क के साथ.साथ प्रोजेक्ट वर्क के स्टार्टअप टैक्सी सर्विस, निर्माण कार्य, कैटिरिंग सर्विस, पेन्टिंग सर्विस, इन्टीरियर डिजायन ध् आर्किटेक्ट, इलेक्ट्रीकल, वर्क्स, कारपेन्टर वर्क्स, टेन्ट सर्विस की सेवाऐं एक क्लिक पर उपलब्ध हो सकेगी। जिला रोजगार सहायता अधिकारी शशि तिवारी ने जानकारी दी की यह ऑल.इन.वन प्लेट फॉम हैं। इस कार्य के लिए कॉल सेन्टर नंबर 155330 जारी कर दिया गया हैं, एवं एक पूर्णत: समर्पित कॉल सेन्टर बनाया गया। जनपद में उपरोक्त सेवा प्रदान करने वाले फर्म इंटर प्राइजेस, सेवाप्रदाता सेवायोजन कार्यालय कानपुर देहात से सर्म्पक कर सेवामित्र से जुड़ सकते एवं जनपद भर के नागरिकों को सेवाप्रदान कर अपना व्यवसाय कई गुणा बढ़ा सकते है । यह एक सरल प्रक्रिया हैं, जिसमें विभाग द्वारा मदद की जाती है। जनपद के सेवाप्रदाता के लिए नागरिकों के बीच अपनी पहुँच बढ़ाने का यह एक अच्छा अवसर है। अधिक जानकारी के लिए मो0न0.9956904586 पर संपर्क करें।

अवैध शराब पीने से जा सकती है जान- संयुक्त आबकारी आयुक्त

कानपुर देहात। संयुक्त आबकारी आयुक्त राजेश मणि त्रिपाठी ने बताया कि अवैध स्थानों ध् अड्डों से खरीदी गयी शराब में मिथाइल अल्कोहल भी मिला हो सकता हैए जो घातक विष है और इसकी थोड़ी सी मात्रा पीने से ही व्यक्ति के आंखों की रोशनी जा सकती है अथवा उसकी जान भी जा सकती है। किसी भी दशा में अवैध स्थानों ध् अड्डों से खरीद कर शराब का सेवन कदापि न करें तथा सस्ते के चक्कर में अपनी जान जोखिम में न डालकर अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सरकारी दुकानों से क्यू0आर0 कोड लगा एवं सीलबन्द गुणवत्तापूर्ण एवं मानक शराब की बोतल ही खरीदें। पाउच वाली अथवा अवैध अड्डों पर बेची जाने वाली किसी भी प्रकार की शराब का सेवन न करेंए क्योकि यह पूर्णतया नकली एवं जानलेवा हो सकती है। अतएव सरकारी दुकानों से इतर अवैध अड्डों से बिकने वाली शराब बिक्री निर्माण ध् तस्करी कर लाई जाने वाली अवैध शराब के सम्बन्ध में जानकारी ध् सूचना निम्नलिखित अधिकारियों के मोबाइल नम्बर पर एवं मुख्यालयए प्रयागराज में कार्यरत टोल फ्री नम्बर ध् व्हाट्सअप नम्बर पर दी जा सकती है। जिसके लिए कानपुर देहात में मोबाइल नंबर 94544 65671 या टोल फ्री नंबर 14405 या व्हाट्सएप नंबर 94544 66019 पर संपर्क कर सुझावध्शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम एवं पता गोपनीय रखा जायेगा।

अल्प समय में पिछड़े क्षेत्र के हरिमोहन सिंह इंटर कॉलेज ने प्रदेश में बनाई विशिष्ट पहचान : मंत्री रामकेश निषाद

संवाददाता। चित्रकूट

श्री हरि मोहन सिंह इंटर कॉलेज बछरन का 11वां वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लाष के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद एवं बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव,जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व पूजन के साथ किया गया। इस मौके पर कॉलेज की बालिकाओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत की प्रस्तुति मनमोहक नृत्य के साथ कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में हाई स्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के में यूपी की मेरिट में स्थान पाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि 11 वर्षों में यह अत्यंत पिछड़े क्षेत्र वाले इंटर कॉलेज ने अपनी उपलब्धियां के बदौलत प्रदेश में सर्वोच्च स्थान हासिल कर चित्रकूट जिले का नाम रोशन किया है। निश्चित रूप से इस विद्यालय का प्रबंधन तंत्र और शिक्षक गण बधाई के पात्र हैं। जिन्होंने अधिक परिश्रम से अल्प समय में उत्तर प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी स्थान हासिल किया। इस विद्यालय को आगे बढ़ाने में यहां के शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों व क्षेत्र वासियों के योगदान की भी उन्होने सराहना की। आगे कहा कि इस विद्यालय में अध्यनरत बच्चों को सभी शिक्षक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर उनमें लीडरशिप पैदा करें। बच्चों को इतनी अच्छी शिक्षा दे कि वह आगे चलकर इंजीनियर,डॉक्टर, आईएएस और आईपीएस बनाकर क्षेत्र का नाम रोशन करें।

वहीं बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि विद्यालय के संस्थापक श्री हरि मोहन सिंह अपनी योग्यता और इच्छा शक्ति के बदौलत इस विद्यालय को शिक्षा के उत्कृष्ट केंद्र के रूप में स्थापित किया और उनके धीरेंद्र सिंह और जितेंद्र सिंह जैसे कर्मठ और लगनशील बच्चों ने इस विद्यालय को ऊंचाइयों तक पहुंचाने का बहुत ही सराहनीय कार्य किया। कहा कि शिक्षा एक दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा और जो नहीं पिएगा वह बिल्ली की तरह घर में दुबक कर रह जायेगा।

साड़ी प्रकरण: अदालत में पेश हुए पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति

संवाददाता। फतेहपुर

समाजवादी पार्टी के नेता व पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति को लखनऊ पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिले की एमपी/एमएलए अदालत में पेश किया। पेशी पर आये गायत्री कचहेरी में दो घंटे से अधिक समय रहे लेकिन स्थानीय प्रशासन व पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी, क्योंकि कचहेरी परिसर में जिले कोई भी पुलिस या प्रशासनिक मुलाजिम नजर नहीं आया। बहुचर्चित सपा नेता की भनक कतिपय खबरनवीसों को लगी तो वह उसके पास जा धमके और सवाल-दर-सवाल दागे, लेकिन सपा नेता ने अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी।

गौरतलब है कि साल दो हज़ार सत्रह के विधानसभा चुनाव के दौरान गायत्री प्रजापति सहित उनके चालक व दो अन्य सहयोगियों के खिलाफ हुसैनगंज थाना पुलिस ने आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज करते हुये 24 बंडल साडियां व साड़ी लाने वाले वाहन को जब्त किया था। इस दौरान वाहन चालक व क्लीनर को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया था। तत्कालीन उपनिरीक्षक मो. कामिल द्वारा लिखाये गये मुकदमा के अनुसार 11 जनवरी दो हज़ार सत्रह को वह हमराही सिपाहियों के साथ असनी गंगा पुलिस के समीप दिन के करीब ढाई बजे वाहनों की चेकिंग कर रहे थे, तभी एक टाटा- चार सौ सात वहां आ पहुंची। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो वाहन में 42 बंडल रखे दिखे। पुलिस ने एक बंडल को सभी के सामने खुलवा कर देखा तो उसके अंदर एक सौ छः साडियां मिलीं, जो कानपुर से अमेठी गायत्री प्रसाद के यहां ले जाई जा रहीं थीं।

मुकदमे की तहरीर में यह भी उल्लेख है सभी 42 बंडलों में कुल 4452 साडियां थीं, जो मतदाताओं को लुभाने के लिये गायत्री प्रसाद के यहां जा रहीं थीं।

बीएसए ने नशेबाज शिक्षक को किया निलंबित, दूसरे का खंड शिक्षा अधिकारी ने निलंबन की कार्यवाही की संस्तुति की

संवाददाता। हमीरपुर

हमीरपुर जिले के मौदहा क्षेत्र के परिषदीय व्द्यालय के शिक्षक द्वारा नशे में विद्यालय जाकर अभिभावकों से अभद्रता करने के आरोप में बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) ने शनिवार को निलंबित कर दिया है। वही क्षेत्र के दूसरे नशेबाज हेडमास्टर को खंड शिक्षा अधिकारी ने ने निलंबति करने की संस्तुति कर उसका चार्ज सहायक अध्यापक को दे दिया है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने शनिवार को बताया कि क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गलिहामऊ में नियुक्त धीरेंद्र कुमार शुक्रवार को नशे में धुत होकर विद्यालय में जाकर बैठ गया और बच्चों से अभद्रता करने लगातभी बच्चों ने अभिभावकों को मामले की जानकारी दी। अभिभावकों ने नशेबाज शिक्षक की बीडियों बनाकर वायरल कर दिया, मामले की बीएसए ने जांज करायी जिसमे मामला सही पाया,बीएसए ने शिक्षक को शनिवार को निंलबित कर जांच खंड शिक्षा अधिकारी सरीला को दे दी है। वही खंड शिक्षा अधिकारी मौदहा रामगोपाल ने आज बताया कि प्राथमिक विद्यालय सिजवाही का हेडमास्टर अमरेंद्र सिंह कभी कभार आता है, एक सप्ताह से एमड़ीएम नही बन रहा है यही नही शिक्षक जब भी आता है नशे में रहता है कई मर्तवा बेतन रोका जा चुका है, कार्यवाही करने के बाद कोई सुधार नही हो पा रहा है इसलिये इसका बेतन रोकने की संस्तुति कर बीएसए को पत्र लिख दिया गया है,वही हेडमास्टर का चार्ज हटाकर सहायक अध्यापक अमित कुमार को दे दिया गया है।

खंड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल ने बताया कि शिक्षक अमरेंद्र सिंह जांच के दौरान कोई जवाब नही दे रहा है जिससे उसकी जांच पूर्ण नही हो पा रही है इसलिये उसका बेतन नही निकल पा रह है। इधर परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की शिकायते रोजाना आ रही है। जिसे उच्चाधिकारियों ने गंभीरता से लिया है। वही शिक्षक अमरेंद्र सिंह का कहना है कि उसे सितम्बर माह से बेतन नही मिल रहा है इसलिये उसका मानसिक संतुलन ठीक नही रहता है जिससे डियूटी में मन नही लग रहा हैं।

सजायाफ्ता अशोक चंदेल के दोनो पुत्रों को शस्त्र लाइसेंस निरस्त

हमीरपुर। जिला मजिस्ट्रेट की अदालत ने सजायाफ्ता पूर्व विधायक अशोक चंदेल के दोनो लड़के अभयराज व अजय राज चंदेल के चार शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर पुलिस को जब्त कर मालखाने में जमा कराने के आदेश कर दिये है। पुलिस के मुताबिक पिछले दस जुलाई 2004 को सुंदरलाल यादव भूतपूर्व सैनिक निवासी कानपुर के ऊपर एक राय होकर जान से मारने की नियत से फायरिंग की थी। जिससे शस्त्र लाइसेंस का दुरुपयोग किया था इसकी आरोप पत्र भी दाखिल किया गया था। हालाकि इस मामले में आरोपियों ने अपनी सफाई देते हुए नोटिस निरस्त करने को कहा था। मगर जिलाधिकारी अदालत ने सभी तर्को को निरस्त करते हुये साफ कहा कि आरोपी अपराधी किस्म के व्यक्ति है जिससे कभी भी शस्त्रों का दुरुपयोग किया जा सकता है।

दहेज को लेकर प्रताड़ित विवाहिता की मौत, मचा कोहराम

संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद

दहेज को लेकर प्रताड़ित विवाहिता की मौत हो गई। मौत पर कोहराम मच गया। विवाहिता की पांच साल पहले कासगंज क्षेत्र मे शादी हुई थी। विवाहिता की गला दबाने से नशे ब्लाक हो गई थी। उसका इलाज चल रहा था। मौत की जानकारी पर कोतवाली पुलिस व तहसील प्रशासन ने मौके पर पहुंच कर जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

नगर के मोहल्ला पाठक निवासी शिवानी शर्मा की शादी 19 नवंबर 2018 को जनपद कासगंजं के मिशन चौराहा निवासी एक युवक से हुई थी। शादी में सामर्थ के अनुसार दान दहेज दिया था। विवाह के बाद दहेज में ससुरालवाले एक लाख रुपए नकद व बाइक की मांग कर दहेज को लेकर शारीरिक व मानसिक प्रताड़ित करने लगे। पति शराब पीकर मारता पीटता था। उसके दो पुत्रिया दृष्टि व सृष्टि हुई। 26 जून को अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर दोनो पुत्रियों को छीन कर पति व ससुरालीजनों ने एक राय होकर उसका गला दबाया और मारपीट की। घटना के बाद शिवानी से पुलिस को सूचना दी थी। उस वक्त कासगंज में ही उसका मेडिकल परीक्षण पुलिस ने कराया था। उसके बाद पिता उसे मायके ले आए थे। उसके बाद ससुरालीजन मायके आ गए और दहेज की मांग की। शिवानी से सादे कागज पर हस्ताक्षर कराए। उसके ऊपर लाईसेंसी रिवाल्वर तान कर धमकाया।

मतदाता चेतना अभियान चला भाजपाईयों ने मतदाताओं के जुड़वाए नाम

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी के चल रहे मतदाता चेतना अभियान के तहत सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों में बीएलओ से मिलकर नये मतदाताओं के साथ-साथ छूटे हुए मतदाताओं को जुड़वाने की पहल की गई। इस कार्य में जिम्मेदार पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपनी सहभागिता निभाई। शहर के लाल बहादुर शास्त्री बालिका इंटर कॉलेज पनी में भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने मतदाता चेतना अभियान के अंतर्गत सदर विधानसभा में बूथ लाल बहादुर शास्त्री जूनियर हाई स्कूल पनी में पहुंच कर सभी बीएलओ से मिलकर नए मतदाता बनाने एवं छूटे हुए मतदाताओं को जोड़ने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान पवन मिश्रा, शैलेंद्र शरन सिंपल, अभिषेक शुक्ला, विवेक श्रीवास्तव, धीरू, पवन साहू आदि मौजूद रहे। उधर युवा भाजपा नेता अजय सिंह रिंकू लोहारी ने बूथ शक्ति केंद्र संयोजक यश शर्मा व युवा नगर अध्यक्ष किशन शुक्ला के साथ 55 प्राथमिक विद्यालय मसवानी द्वितीय में बैठकर बीएलओ रामरती, मंजू तिवारी, सुनीता देवी की उपस्थिति में कई नाम बढ़ाये जाने एवं मृतकों के नाम हटाये जाने की कार्रवाई की गई। जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह रिंकू लोहारी ने बताया कि इस अभियान में जो जिम्मेदारी संगठन द्वारा दी गई है इसके अंतर्गत प्राची गुप्ता पत्नी सुनील गुप्ता, श्याम बाबू पुत्र मुन्नू, दिव्या पुत्री हिमांशु कुमार, नमिता वर्मा पत्नी हिमांशु वर्मा जैसे पचास नाम बढ़ाये गये।

पेज एक का शेष

गरीबों को...

अगर गरीब सशक्त हो जाएंगे तो उनकी झूठ की दुकानें बंद हो जाएंगी। उन्होंने आपस में लड़ाई कराने का नया खेल शुरू कर दिया है। मोदी ने कहा कि राजनीतिक दल गरीबों को बांटने और जातिवाद का जहर फैलाने के लिए नई-नई साजिशें रच रहे हैं। उन्होंने कहा, हमें गरीबों की एकता को तोड़ने वाली हर साजिश को नाकाम करना है। कांग्रेस गरीब से नफरत करती है। कांग्रेस हमेशा चाहती है गरीब हाथ फैलाए उसके सामने खड़ा रहे, इसलिए वह गरीब को गरीब बनाए रखना चाहती है। अन्य पिछड़ा वर्ग के हित में केंद्र के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस एक ओबीसी प्रधानमंत्री को गाली देती है। वे गाली देते हुए कहते हैं कि एक ओबीसी कैसे प्रधानमंत्री बन सकता है। चाहे वे मोदी को कितनी भी गाली दें, मेरे देश की माताओं और भगवान का आशीर्वाद मोदी की रक्षा करेगा। लेकिन उन्हें ओबीसी को गाली देना बंद करना चाहिए। अगर मोदी ओबीसी हैं तो पूरे समुदाय की क्या गलती ? वे साहू (छत्तीसगढ़ में एक प्रभावशाली ओबीसी समुदाय) को चोर क्यों कहते हैं ? एक कांग्रेस नेता (राहुल गांधी का जिक्र करते हुए) मोदी को गाली देने के नाम पर ओबीसी को गाली देते हैं। कोर्ट ने उन्हें सज़ा दी। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें माफ नहीं किया है, बस जेल जाने का मौका लंबा कर दिया है। छत्तीसगढ़ के 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए इस महीने दो चरणों में चुनाव होंगे। पहले चरण में 20 सीट और दूसरे चरण में 70 सीट पर वोट डाले जाएंगे। दुर्ग संभाग में 20 सीट हैं, जिनमें से आठ सीट पर पहले चरण में सात नवंबर को मतदान होगा। वहीं 12 अन्य पर 17 नवंबर को दूसरे चरण में मतदान होगा।

दिल्ली दुनिया...

वृद्धि के रूप में दिख रहा है। दिल्ली में एक्यूआई 500 को पार कर गया, डॉ कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में 616 दर्ज किया गया, आरके पुरम 582, इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा 571, धीरपुर 542, ओखला 528 और जेएनयू स्टेडियम 511। नॉलेज पार्क, नोएडा में यह 743, नोएडा के सेक्टर- 116 में 583 था; टेरी ग्राम गुरूग्राम में 631; फ़रीदाबाद के सेक्टर-30 में 504. आनंद विहार में एक्यूआई 481 दर्ज किया गया। वजीरपुर में 442, पंजाबी बाग में 435 और बवाना में यह 434 रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों से पता चलता है कि हरियाणा के 10 जिलों हिसार, सोनीपत, रोहतक, पानीपत, करनाल, अंबाला, गुरुग्राम, फरीदाबाद, बल्लभगढ़, भिवानी में अस्वास्थ्यकर, खतरनाक और बहुत गंभीर श्रेणी का वायु प्रदूषण दर्ज किया गया है। फतेहाबाद में एक्यूआई 464 दर्ज किया गया, इसके बाद फरीदाबाद में 439, जींद में 428, कैथल में 426, हिसार में 425, सोनीपत में 414, सिरसा में 414, गुरुग्राम में 410, बहादुरगढ़ में 369, कुरूक्षेत्र में 325, रोहतक में 319 और भिवानी में 307 दर्ज किया गया। पंजाब में, बठिंडा में एक्यूआई 385 दर्ज किया गया। इसके बाद लुधियाना में 301, जालंधर में 291, मंडी गोबिंदगढ़ में 277, अमृतसर में 264, खन्ना में 265 और पटियाला में 247 रहा। पंजाब और हरियाणा की संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ में एक्यूआई179 रहा। विशेषज्ञों का कहना है कि एक्यूआई डेटा में भिन्नता स्टेशन या स्थानीय कारकों के कारण हो सकती है। पुणे स्थित भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान द्वारा विकसित एक संख्यात्मक मॉडल-आधारित प्रणाली के अनुसार, शनिवार को दिल्ली में पीएम2.5 प्रदूषण में पराली जलाने से निकलने वाले धुएं की हिस्सेदारी 24.5 प्रतिशत थी, जो शुक्रवार को 35 प्रतिशत थी। पंजाब में पराली जलाने की 1,360 ताजा घटनाएं दर्ज की गईं क्योंकि किसानों ने फसल अवशेष जलाना जारी रखा है। शनिवार को दर्ज की गई 1,360 पराली जलाने की घटनाओं में से, संगरूर में अधिकतम 240 ऐसे मामले दर्ज किए गए, इसके बाद फिरोजपुर में 140, मनसा में 120, तरनतारन में 116 और बठिंडा में 112 मामले दर्ज किए गए। दिल्लीवासी हवा की बिगड़ती गुणवत्ता से जूझ रहे हैं क्योंकि शनिवार को लगातार छठे दिन शहर में धुंध की परत छाई रही और डॉक्टरों ने चिंता व्यक्त की कि वायु प्रदूषण के कारण बच्चों और बुजुर्गों में श्वसन और आंखों की समस्याएं बढ़ रही हैं। पीएम2.5 की सांद्रता, श्वसन प्रणाली में गहराई तक प्रवेश करने और स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाने में सक्षम सूक्ष्म कण, पूरे दिल्ली-एनसीआर में कई स्थानों पर सरकार द्वारा निर्धारित 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की सुरक्षित सीमा से सात से आठ गुना अधिक है। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा निर्धारित स्वस्थ सीमा (5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर) से 80 से 100 गुना अधिक थी। जहरीली हवा के कारण अधिकारियों को स्कूलों को दो दिनों के लिए बंद करना पड़ा है और वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध के साथ-साथ गैर-जरूरी निर्माण कार्य पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। हरियाणा के कई हिस्सों में शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) गंभीर और बहुत खराब श्रेणियों में दर्ज किया गया, जबकि पड़ोसी राज्य पंजाब के कुछ हिस्सों में यह खराब श्रेणी में रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार शनिवार शाम को फतेहाबाद में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 464 दर्ज किया गया, इसके बाद फरीदाबाद में 439, जींद में 428, कैथल में 426, हिसार में 425, सोनीपत में 414, सिरसा में 414, कुरूक्षेत्र में 325, रोहतक में 319 और भिवानी में एक्यूआई 307 दर्ज किया गया। पंजाब के बठिंडा में एक्यूआई 385 दर्ज किया गया, इसके बाद लुधियाना में 301, जालंधर में 291, मंडी गोबिंदगढ़ में 277, अमृतसर में 264, खन्ना में 265 और पटियाला में एक्यूआई 247 दर्ज किया गया। वहीं, पंजाब और हरियाणा की संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ में एक्यूआई 179 दर्ज किया गया। एक्यूआई शून्य से 50 के बीच अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब , 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

नेपाल में...

आशंका से डरकर रातभर बाहर रहे। सोशल मीडिया पर साझा किए गए पोस्ट के मुताबिक, अंधेरे में लोगों को ढही हुई इमारतों के मलबे से लोगों को बाहर निकालते देखा गया। अधिकारियों ने बताया कि नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड ने शनिवार सुबह एक चिकित्सकीय दल के साथ घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने भूकंप के कारण हुई क्षति का आकलन करने के लिए जानकारी एकत्र की और मुख्य जिला अधिकारी के साथ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इसके बाद वह सात घायलों और उनके परिवार के सदस्यों के साथ जाजरकोट से सुरखेत लौट आए। दाहाल के नियमित उड़ान से राजधानी लौटने का कार्यक्रम है। वह नेपाली सेना के जिस हेलीकॉप्टर से घटनास्थल का दौरान किया था उसे बचाव कार्य के लिए छोड़ देंगे। अधिकारियों ने बताया कि नेपाल की सेना और पुलिस को बचाव कार्य में लगाया गया है। देश की तीनों सुरक्षा एजेंसियों- नेपाल सेना, नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल को बचाव कार्य में लगाया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल ने शुक्रवार रात को आए भूकंप में जान-माल का नुकसान होने पर गहरा शोक प्रकट किया है। उन्होंने तत्काल राहत एवं बचाव के लिए तीनों सुरक्षा निकायों को तैनात किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल में भूकंप के कारण हुए जान-माल के नुकसान पर शनिवार को दुख व्यक्त किया और कहा कि भारत अपने पड़ोसी देश के साथ एकजुटता से खड़ा है और उसे हर संभव मुहैया कराने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर प्रचंड को टैग करते हुए लिखा, नेपाल में भूकंप के कारण हुए जान-माल के नुकसान को लेकर बहुत दुखी हूं। भारत नेपाल के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है और हर संभव मदद मुहैया कराने के लिए तैयार है। हम शोकसंतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। अधिकारियों ने बताया कि घायलों का सुरखेत जिला अस्पताल में इलाज जारी है। प्रधानमंत्री प्रचंड ने सुरक्षा एजेंसियों को बचाव और राहत कार्य तुरंत करने के निर्देश दिए हैं। राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल ने भूकंप में जान-माल का नुकसान होने पर दुख व्यक्त किया है। राष्ट्रपति कार्यालय के मुताबिक उन्होंने सरकार और सभी संबंधित एजेंजियों से भूकंप प्रभावित इलाकों में प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने की अपील की है। अधिकारियों ने बताया कि सड़कें अवरुद्ध होने और पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण घटना स्थल पर बचाव और राहत कार्य बाधित हो गया है। सरकार ने तत्काल भूकंप पीड़ितों को राहत पहुंचाने के लिए अधिकारियों को 10 करोड़ रुपए जारी किए हैं। इसके अलावा गृह मंत्रालय ने जाजरकोट और रुकम पश्चिम जिलों में आपदा राहत के लिए 55 लाख रुपए जारी करने का फैसला किया है ताकि प्रभावित लोगों के राहत और बचाव कार्य को अंजाम दिया जा सके। गृह मंत्रालय ने शुरुआती राहत आपूर्ति नेपाली सेना के हेलीकॉप्ट र के जरिए भेजी है। नेपाली कांग्रेस पार्टी ने तलाशी, बचाव और पुनर्वास कार्य में सरकार की मदद के लिए 50 लाख रुपए की वित्तीय मदद की घोषणा की है। स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्री मोहन बहादुर बासनेत ने कहा कि सरकार भूकंप पीड़ितों को मुफ्त इलाज मुहैया कराएगी। नेपाल में अक्सर भूकंप आते रहते हैं। दरअसल नेपाल उस पर्वत श्रृंखला पर स्थित है जहां तिब्बती और भारतीय टेक्टोनिक प्लेट मिलती हैं और ये हर सदी एक-दूसरे के तकरीबन दो मीटर पास खिसकती हैं जिसके परिणामस्वरूप दबाव उत्पन्न होता है और भूकंप आते हैं। इस साल 16 अक्टूबर के नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रांत में 4.8 तीव्रता के भूकंप महसूस किए गए थे। वहीं, 22 अक्टूबर को नेपाल की राजधानी काठमांडू में 6.1तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया।

चुंबक से...

से जोड़ दिया गया था। डॉ. यादव के अनुसार, टीम ने बाएं फेफड़े के भीतर सुई के स्थान का पता लगाने के लिए श्वास नली की एंडोस्कोपी शुरू की और टीम को केवल सुई की नोक का पता चला, जो फेफड़ों के भीतर गहराई तक फंसी हुई थी। डॉ. जैन ने कहा कि इस चुंबक उपकरण की मदद से सुई को सफलतापूर्वक निकाला गया। एम्स के मुताबिक, बच्चे के फेफड़े में सुई कैसे पहुंची, इस बारे में परिवार कोई जानकारी नहीं दे सका।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 5 नवम्बर, 2023

अमेरिकी दबाव के आगे झुकने को तैयार नहीं इजराइल

● युद्ध में अल्प विराम को नहीं मानेगा, बंधकों की रिहाई की शर्त रखी

भाषा। तेल अवीव

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में और मदद की आपूर्ति संभव बनाने और आम नागरिकों की रक्षा करने के लिए युद्ध को मानवीय आधार पर कुछ देर रोकने को लेकर बढ़ते अमेरिकी दबाव के आगे झुकने से शुक्रवार को इनकार कर दिया और जोर देकर कहा कि जब तक हमास करीब 240 बंधकों को आजाद नहीं कर देता, तब तक कोई अस्थाई संघर्ष विराम नहीं होगा। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन युद्ध शुरू होने के बाद तीसरी बार इजराइल गए। उन्होंने दक्षिणी इजराइल में सात अक्टूबर को हमास द्वारा किए गए नृशंस हमले के बाद उसे कुचलने की इजराइल की मुहिम के प्रति अपना समर्थन दोहराया। उन्होंने गहराते मानवीय संकट से निपटने के लिए युद्ध कुछ देर के लिए रोकने के अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के आह्वान को भी दोहराया। इजराइल की बमबारी और जमीनी हमलों के कारण फलस्तीन में बढ़ती मृतक संख्या और गहराते मानवीय संकट को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। अस्पतालों का कहना है कि इजराइली घेराबंदी के कारण दवाओं और ईंधन की कमी के चलते उनकी व्यवस्था ढहने के कगार पर है। संयुक्त राष्ट्र ने शुक्रवार को बताया कि गाजा के करीब 15 लाख लोगों या 70 प्रतिशत आबादी को अपने घर छोड़कर भागना पड़ा है। फिलीस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के गाजा निदेशक थॉमस व्हाइट ने कहा कि गाजा में औसत व्यक्ति इस समय प्रतिदिन दो ब्रेड पर जी रह रहा है, जिनमें से अधिकतर संयुक्त राष्ट्र के भंडार में मौजूद आटे से बने हैं।

ब्लिंकन की अरब नेताओं से मुलाकात

अम्मान (जॉर्डन)। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इजराइल-हमास के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से एक बार फिर पश्चिम एशिया पहुंचे और शनिवार को अरब देशों के नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने युद्ध समाप्त होने के बाद गाजा के भविष्य की योजना बनाने के लिए अरब देशों का समर्थन मांगा। अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि अरब देशों का समर्थन गाजा में बिगड़ती स्थिति को संभालने के प्रयासों के लिए महत्वपूर्ण होगा। साथ ही वे इस पर भी विचार कर रहे है कि अगर इजराइल हमास को खत्म करने मे कामयाब हो जाता है, तो उसकी जगह कौन लेगा। जॉर्डन की राजधानी अम्मान मे ब्लिंकन ने अधिकारियों से बात की। इससे एक दिन पहले इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने ब्लिंकन की इस दो टूक चेतावनी को नजरअंदाज कर दिया अगर इजराइल गाजा मे मानवीय संकट को कम नही करता है तो वह फलस्तीनियों के साथ अंततः शांति समझौते की कोई भी उम्मीद खो सकता है।

इजराइल का गाजा पर हमला जारी, कई आम नागरिकों की मौत

● अंतरराष्ट्रीय नाराजगी बढ़ती जा रही है

राफाह (गाजा पट्टी)। इजराइली सेना ने शनिवार को गाजा पट्टी के मुख्य युद्ध क्षेत्र स्थित संयुक्त राष्ट्र के आश्रय गृह और अस्पताल पर हवाई हमला किया जिसमें कई आम लोगों की मौत हो गई। हमास शासित गाजा पट्टी में इजराइल द्वारा हमले और आम नागरिकों की मौतों की बढ़ती संख्या से अंतरराष्ट्रीय नाराजगी बढ़ती जा रही है। इजराइल की सेना ने बताया कि उसने हमास को खत्म करने के लिए गाजा शहर को घेर रखा है लेकिन शनिवार को युद्ध क्षेत्र में फंसे नागरिकों के सुरक्षित दक्षिणी इलाके में जाने के लिए, तीन घंटे सुरक्षित रास्ता देने की पेशकश की। इजराइल द्वारा नए सिरे से हमले ऐसे समय किए गए हैं जब अमेरिकी विदेशमंत्री एंटनी ब्लिंकन क्षेत्र में हैं और लड़ाई में फंसे आम लोगों की मदद करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने इजराइल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बातचीत के अगले दिन शनिवार को जॉर्डन में अरब देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की। वहीं, नेतन्याहू ने जोर देकर कहा है कि जब तक हमास द्वारा बंधक बनाए गए सभी बंधकों को रिहा नहीं किया जाता, तब तक कोई अस्थाई संघर्ष विराम नहीं हो सकता। मिस्र के अधिकारियों ने पहचान गुप्त रखते हुए बताया कि उनके देश और कतर ने रोजाना छह से 12 घंटे तक मानवीय आधार पर युद्ध रोकने का प्रस्ताव किया ताकि राहत पहुंचाई जा सके एवं घायलों को निकाला जा सके। वे इजराइल से हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को रिहा करने के एवज में महिलाओं और बुजुर्ग कैदियों को रिहा करने को कह रहे हैं लेकिन तेल अवीव इससे सहमत होता नहीं दिख रहा। इजराइली सेना ने उत्तर गाजा के 11 लाख लोगों से बार-बार दक्षिण जाने को कह रही है क्योंकि उसने उत्तरी इलाके में बमबारी तेज कर दी है और शहर की घेराबंदी सख्त कर दी है। हालांकि, हालिया दिनों में दक्षिण की ओर जा रहे कई लोग मारे गए हैं और इजराइल दक्षिण में भी बमबारी जारी रखे हुए है।

क्विक न्यूज

पाकिस्तान में वायुसेना प्रशिक्षण अड्डे पर आतंकवादी हमला, नौ आतंकियों को जहन्नुम भेजा : सेना

इस्लामाबाद। भारी हथियारों से लैस नौ आतंकवादियों ने शनिवार को सुबह पंजाब प्रांत में पाकिस्तानी वायुसेना (पीएएफ) के एक प्रशिक्षण अड्डे पर हमला कर दिया, लेकिन सभी आतंकवादियों को जहन्नुम भेज दिया गया है। सेना ने यह जानकारी दी। इससे एक दिन पहले देश में तीन अलग-अलग आतंकवादी हमलों में 17 सैनिक मारे गए थे। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में कहा कि आतंकवादियों ने उसकी वायुसेना के मियांवाली प्रशिक्षण हवाई अड्डे पर हमला किया। उसने पुष्टि की कि हमले के दौरान पहले से ही संचालन से बाहर कर दिए गए तीन विमानों को नुकसान पहुंचा है। सेना ने पुष्टि की कि पीएएफ प्रशिक्षण अड्डे के खिलाफ हमले को नाकाम कर दिया गया है और सभी नौ आतंकवादियों को जहन्नुम भेज दिया गया है। बयान में कहा गया है कि यह अभियान आज सुबह हुआ और कायरतापूर्ण और नापाक आतंकवादी हमले के बाद आसपास के इलाके में किसी भी संभावित खतरे को रोकने के लिए शुरू किया गया था। सेना ने कहा कि पीएएफ की संचालनात्मक स्थिति वाली किसी भी संपत्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

ब्रिटेन में भारतीय मूल के नेता ने हिंदू-विरोधी घृणा अपराध के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया

लंदन। लंदन असेंबली के भारतीय मूल के एक सदस्य ने इस सप्ताह एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें मेट्रोपॉलिटन पुलिस से हिंदू-विरोधी घृणा की बढ़ती घटनाओं से बेहतर तरीके से निपटने का आह्वान किया गया है। कृष्णा हिरानी ने हिंदूफोबिया की घटनाओं को रेखांकित करने के लिए सभा को संबोधित किया। यह सभा लंदनवासियों को प्रभावित करने वाले मुद्दों से निपटती है। उन्होंने यह प्रस्ताव बृहस्पतिवार को पेश किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। प्रस्ताव में मेट्रोपॉलिटन पुलिस से स्थानीय हिंदू समुदायों के साथ काम करने का आह्वान किया गया है, ताकि लक्षित घृणा अपराधों की सूचना देने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। हिरानी ने कहा, लंदन और उसके बाहर हिंदूफोबिया के लिए कोई जगह नहीं है। दुख की बात है कि पिछले साल हमारे समुदाय में घृणा अपराधों में चिंताजनक वृद्धि हुई है। हिंदू धार्मिक रूप से प्रेरित घृणा अपराध का सामना करने वाला दूसरा संभावित समूह है, लेकिन यह पुलिस के डेटा में नहीं दिखा है। उन्होंने कहा, यह दर्शाता है कि पुलिस को सबसे पहले, इसे बेहतर तरीके से दर्ज करना चाहिए और दूसरा, इस पर बेहतर प्रतिक्रिया करनी चाहिए। मुझे खुशी है कि लंदन असेंबली, मेट्रोपॉलिटन पुलिस को जवाबदेह ठहराने का समर्थन करती है। प्रस्ताव में, ब्रिटेन के गृह विभाग के हालिया आंकड़ों का हवाला दिया गया है, जिससे पता चलता है कि 2022-2023 में हिंदुओं के खिलाफ 291 घृणा अपराध हुए, जो इसके पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है, जिसमें 161 घृणा अपराध दर्ज किए गए थे।

गिनी में बंदूकधारियों ने बोला जेल पर धावा, पूर्व तानाशाह फरार

कोनाक्री (गिनी)। गिनी की राजधानी कोनाक्री में शनिवार तड़के बंदूकधारियों ने एक प्रमुख जेल पर धावा बोलकर पूर्व तानाशाह मूसा दादिस कैमारा को छुड़ा लिया। देश के न्याय मंत्री चार्ल्स अल्फोंस राइट ने यह जानकारी दी। उन्होंने पश्चिम अफ्रीकी देश गिनी की सीमाओं को बंद करने की घोषणा भी की। कोनाक्री के कालूम जिले में भारी गोलीबारी के कुछ घंटे बाद राइट ने यह घोषणा की है। जेल से भागने वाले अन्य लोगों में क्लाउड पिवी और ब्लेज गौमौ भी शामिल है, जिन्हे कैमारा के साथ 2009 में स्टेडियम में हुए नरसंहार के आरोप में हिरासत में लिया गया था, जिसमें 157 लोगों की मौत हो गई थी। राइट ने स्थानीय रेडियो फिम एमएम पर कहा, हम उन्हें ढूंढ निकालेंगे। जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि चौथे कैदी मूसा टीगबोरो कैमारा को पहले ही पकड़ लिया गया है। कैमारा लंबे समय पर देश की सत्ता पर काबिज रहे तानाशाह लंसना कोंते की मौत के बाद 2009 में हुए तख्तापलट के पश्चात सत्ता में आया था। कैमारा के एक अंगरक्षक ने उसकी हत्या की कोशिश की थी, लेकिन वह बच गया था। इसके बाद वह वर्षों तक बुर्किना फासो में निर्वासित जीवन जीता रहा और फिर 2021 के आखिर में वापस गिनी लौटा था। गिनी के सुरक्षा बलों ने 2009 में सत्ता पर कब्जा करने के बाद राष्ट्रपति पद हासिल करने के इरादों के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों पर गोलीबारी की थी। इस मामले में एक दर्जन से अधिक संदिग्ध लोगों पर आरोप लगाए तय हुए थे।

पाकिस्तान से निर्वासित किए गए लोगों की मदद के लिए आगे आए निजी क्षेत्र : तालिबान

इस्लामाबाद। तालिबान ने शनिवार को अफगानिस्तान के निजी क्षेत्र से पड़ोसी देश पाकिस्तान से बड़ी संख्या में निर्वासित किए गए लोगों की मदद के लिए आगे आने की अपील की।पाकिस्तान ने यह कहते हुए सभी विदेशियों को गिरफ्तार और निर्वासित कर रही है कि वे देश में अवैध रूप से रह रहे हैं लेकिन इस नीति ने ज्यादातर अफगानिस्तानी लोगों को प्रभावित किया है क्योंकि यहां बड़ी संख्या में लोग बिना दस्तावेज के रह रहे थे।काबुल स्थित वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने अफगानिस्तान के निजी क्षेत्र से मदद के लिए आगे आने की अपील की है।मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तान से जबरन निर्वासित किए जा रहे अफगान लोग अपने जीवन के सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं, जिनके पास कोई अवसर नही है।बयान के मुताबिक, मंत्रालय ने निजी क्षेत्र को हजारों की संख्या में गरीबों और जरूरतमंदों को जबरन निर्वासित किए जाने के कारण गंभीर मानवीय संकट से उबारने में मदद करने के लिए आमंत्रित किया है। यह इस्लाम और अफगानी लोगों का कर्तव्य है कि वह अपने देशवासियों के लिए खड़े हों अफगानिस्तान, वर्षों तक सूखे, चरमराई अर्थव्यवस्था और दशकों तक चले युद्ध के परिणामों सहित कई चुनौतियों से जूझ रहा है। तालिबान अधिकारियों के मुताबिक, तालिबान सोश मीडिया अकाउंट पर पूर्वी नंगरहार प्रांत की तोरखम सीमा पर वरिष्ठ अधिकारियों को स्वदेश वापसी कर रहे अफगानी लोगों से हाथ मिलाते हुए और उनकी अगवानी करते हुए दिखाया गया है। इसके साथ ही वहां अस्थाई शिविरों में लोगों को भोजन, रहने के लिए जगह और स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान की जा रही है।

इजराइल को अपनी रक्षा करने, फलस्तीनियों को जीने का अधिकार है : अमेरिकी सांसद

वाशिंगटन। वरिष्ठ भारतीय-अमेरिकी सांसद डॉ. अमी बेरा ने शुक्रवार को कहा कि इजराइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है और फलस्तीन के लोगों को जीने का अधिकार है। इसके साथ ही उन्होंने पश्चिम एशिया में संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान किया। बेरा ने एक वीडियो संदेश में कहा, मेरा दृढ़ता से मानना है कि इजराइल को अपना अस्तित्व बचाए रखने और अपनी रक्षा का अधिकार है, इसी तरह निर्दोष फलस्तीनियों को शांति एवं सम्मान के साथ जीने का अधिकार है। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि एक दिन इजराइली और फलस्तीनी एक-दूसरे के साथ शांतिपूर्वक रह सकेंगे। मुझे नही पता कि क्या यह कभी न पूरा होने वाला ख्वाब है।

चिनफिंग से मुलाकात के दौरान ब्लॉगर को हिरासत में रखने का मुद्दा उठाएंगे अल्बानीज

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने शनिवार को कहा कि बीजिंग में राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात के दौरान वह हिरासत में रखे गए एक ऑस्ट्रेलियाई ब्लॉगर का मुद्दा उठाएंगे और मामले में पारदर्शिता की कमी को लेकर विरोध दर्ज कराएंगे। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री का चीन दौरा व्यापार संबंधी नीतियों पर केंद्रित है। यांग हेंगजुन को दोषी करार दिए बिना करीब पांचों से हिरासत में रखा गया है। सोमवार को द ग्रेट हॉल ऑफ पीपुल्स में जब दोनों देशों के नेता मिलेंगे तो शी के सामने रखे जाने वाले मुद्दों में यांग का मुद्दा भी शामिल होगा।

नेपाल भूकंप: घायलों को तलहटी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है

नेपालगंज (जिला बांके, नेपाल)। शुक्रवार की रात आए 6.4 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप से प्रभावित पश्चिमी नेपाल के पर्वतीय जजरकोट जिले में तलाश और बचाव अभियान जारी रहने के बीच, अधिकारियों ने कई घायलों को तलहटी के अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया है और उनमें से कुछ को हवाई मार्ग से भारत भेजा जा सकता है। भूकंप प्रभावित इलाकों से बच्चों समेत करीब 30 घायल लोगों को यहां भेरी अस्पताल लाया गया। यह जजरकोट का निकटतम बड़ा अस्पताल है।

इजराइली हमले में हमास के निर्वासित नेता का घर ध्वस्त

राफाह (गाजा पट्टी)। इजराइली सेना ने शनिवार को हवाई हमले में गाजा शहर के बाहरी इलाके में स्थित हमास के निर्वासित नेता इस्माइल हनिएह के घर को निशाना बनाया। वहीं, इजराइल की घेराबंदी की वजह से गाजा में मानवीय संकट दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। खाना, पेयजल और अस्पतालों में इस्तेमाल किए जाने वाले जेनरेटर के ईंधन की कमी होती जा रही है, जिसके मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने तत्काल संघर्ष विराम करने और राहत पहुंचाने की अपील की है।

लेबनान-इजराइल सीमा पर इजराइल सेना और हिजबुल्ला के बीच गोलाबारी

रमीश (लेबनान)। इजराइल युद्धक विमानों ने शनिवार को लेबनान के साथ लगते सीमाई क्षेत्रों में हवाई हमले किए जबकि उग्रवादी समूह हिजबुल्ला ने इजराइली सेना की कई चौकियों पर हमले किए। यह हमला ऐसे समय हुआ जब हिजबुल्ला नेता सैय्यद हसन नसरल्ला ने शुक्रवार को कहा था कि उसकी मिलिशिया सीमा पर इजराइल के साथ अभूतपूर्ण लड़ाई में जुटी हुई है। उसने क्षेत्र में संघर्ष और तेज होने की धमकी भी दी थी। नसरल्ला ने कहा कि उसकी मिलिशिया इजराइल-हमास युद्ध से दूर रहने की अमेरिका की चेतावनियों से डरने वाली नहीं है। टेलीविजन पर प्रसारित भाषण में हसन नसरल्ला ने क्षेत्र में अमेरिका की सैन्य तैनाती का जिक्र करते हुए कहा था कि भूमध्य सागर में आपके बेड़े... हमें नहीं डरा सकेंगे। हिजबुल्ला सभी विकल्पों के लिए तैयार है। हिजबुल्लाह ने एक बयान में कहा कि उसके लड़ाकों ने सीमा पर कम से कम छह इजराइली चौकियों पर हमला किया और कहा कि इसमें उपयुक्त रॉकेट और हथियारों का इस्तेमाल किया गया। इसमें कहा गया है कि सीधे प्रहार किए गए और तकनीकी उपकरण नष्ट हो गए। बेरूत स्थित अल-मायादीन टीवी नेटवर्क ने बताया कि हिजबुल्ला ने शनिवार को लेबनान में जल अल-अल्लाम के नाम से जानी जाने वाली एक इजराइली चौकी पर दो बुर्कान रॉकेट दागे। लेबनान के एक सुरक्षा अधिकारी ने पहली बार बुर्कान रॉकेट के इस्तेमाल की रिपोर्ट की पुष्टि की। हिजबुल्ला के अल-मनार टीवी ने बताया कि उसके लड़ाकों ने एक जासूसी गुब्बारे को मार गिराया, जिसे इजराइल की सेना ने उत्तरी शहर मिसगाफ एम पर उड़ाया था। इजराइली सैन्य प्रवक्ता अविचाय अद्राई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि इजराइली युद्धक विमानों, टैंकों और तोपखाने ने सीमा के लेबनान की ओर गोलाबारी की और लेबनानी उग्रवादी समूह द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले कुछ हथियार डिपो, बुनियादी ढांचे और हिजबुल्लाह चौकियों को भी निशाना बनाया।

भारत-इटली ने संबंध मजबूत करने पर चर्चा की

● जयशंकर ने इटली के राष्ट्रपति से की मुलाकात

भाषा। रोम

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यहां इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मैतरेला और अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की और रक्षा, साइबर सुरक्षा तथा आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। इटली के अपने समकक्ष एंतोनियो ताजानी के निमंत्रण पर रोम पहुंचे जयशंकर ने शुक्रवार को पुर्तगाल और इटली की अपनी चार दिवसीय यात्रा संपन्न की। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि बैठक के दौरान इटली के राष्ट्रपति ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और भारत-इटली तथा भारत-यूरोपीय संघ संबंधों को गहरा बनाने के लिए अपने मजबूत समर्थन को दोहराया। जयशंकर ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, हमारी रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए उनके (मैतरेला) मागदर्शन को अहमियत देता हूं। एक अस्थिर और अनिश्चित दुनिया में भारत-इटली का संबंध स्थिरता का कारक है। विदेश मंत्री ने इटली के रक्षा मंत्री गुइदो क्रोसेतो के साथ भी बैठक की और इस दौरान रक्षा विनिर्माण और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, साइबर सुरक्षा और समुद्री क्षेत्रों में औद्योगिक सहयोग समेत कूटनीतिक सहयोग को मजबूत करने पर बातचीत की।

अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री लू टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय बैठक में हिस्सा लेने को भारत की यात्रा करेंगे

वाशिंगटन। अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए अगले सप्ताह भारत की यात्रा करेंगे, जहां वह क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों, स्वच्छ ऊर्जा और सुरक्षा सहयोग पर रणनीतिक समन्वय पर चर्चा करेंगे। विदेश विभाग के एक बयान के अनुसार, लू चार से 11 नवंबर तक यात्रा पर रहेंगे जिसकी शुरुआत कजाकिस्तान से होगी जिसके बाद वह उज्बेकिस्तान और अंत में भारत जाएंगे। नई दिल्ली में, लू क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों, स्वच्छ ऊर्जा और सुरक्षा सहयोग पर रणनीतिक समन्वय पर चर्चा करने के लिए अमेरिका-भारत टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता से पहले भागीदारों से मिलेंगे।

टाइम के आवरण पृष्ठ पर दिखीं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका की प्रतिष्ठित पत्रिका टाइम के आवरण पृष्ठ (कवर पेज) पर जगह बनाने वाली बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने एक साक्षात्कार में कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के जरिए उनकी सरकार को हटाना मुश्किल है। बांग्लादेश में जनवरी 2024 में चुनाव होने हैं। पत्रिका द्वारा जारी साक्षात्कार के अंश के अनुसार हसीना ने कहा, मुझे विश्वास है कि मेरी आवाम मेरे साथ है....वे मेरी मुख्य ताकत हैं...लोकतांत्रिक व्यवस्था के जरिए मुझे हटाना इतना आसान नहीं है...एकमात्र विकल्प केवल मुझे खत्म करना है और मैं अपने लोगों के वास्ते मरने के लिए तैयार हूं। न्यूयॉर्क स्थित समाचार संस्थान ने बताया कि पत्रिका के 20 नवंबर के संस्करण के आवरण

पृष्ठ पर हसीना को जगह मिली है। यह संस्करण 10 नवंबर को बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। टाइम के चार्ली कैम्पबेल की कवर स्टोरी में कहा गया है, 76 साल की उम्र में...बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ऐसी राजनीतिक सोच का प्रतिनिधित्व करती हैं जिन्होंने 17 करोड़ की आबादी वाले इस देश को देहाती जूट उत्पादक से एशिया-प्रशांत की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था में बदल दिया। इसमें कहा गया है, पहले के 1996 से 2001 के कार्यकाल के बाद 2009 से पद पर रहते हुए वह दुनिया में किसी देश की सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली महिला प्रमुख हैं और उन्हें फिर से सिर उठा रहे इस्लामवादियों और एक समय में हस्तक्षेप करने वाली सेना दोनों के पर कतरने का श्रेय दिया जाता है। कैम्पबेल ने लिखा, मार्गरेट थेचर या इंदिरा गांधी से ज्यादा बार चुनाव जीत चुकीं हसीना जनवरी में भी इस पद पर बने रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसमें लिखा गया है, ...हसीना ने इतने वर्षों में 19 बार हत्या के प्रयासों का सामना किया है। हाल के महीनों में मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के समर्थकों की सुरक्षा बलों से झड़प हुई।

पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी को उनके आवास से गिरफ्तार किया गया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व संघीय मंत्री फवाद चौधरी को शनिवार को यहां उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया और अज्ञात स्थान पर ले जाया गया। मीडिया की खबरों से यह जानकारी मिली। डॉन अखबार ने फवाद चौधरी की पत्नी हिबा फवाद चौधरी के हवाले से बताया, वर्तमान में इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी के सदस्य चौधरी को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। फवाद इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ से जुड़े थे। हिबा ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, फवाद को गिरफ्तार कर लिया गया और अज्ञात स्थान पर ले जाया गया। जियो न्यूज ने हिबा के हवाले से कहा कि उनके पति को पुलिस और सादे कपड़ों में आए लोगों ने गिरफ्तार किया और हमें यह नहीं बताया गया है कि फवाद को क्यों गिरफ्तार किया गया। इससे पहले जनवरी में, फवाद को जमान पार्क में खान के आवास के बाहर एक मीडिया वार्ता में पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) के सदस्यों को सार्वजनिक रूप से धमकी देने के बाद गिरफ्तार किया गया था। बाद में जून में, चौधरी ने ईसीपी और मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) सिकंदर सुल्तान राजा को निशाना बनाने के लिए कथित तौर पर असंयमित भाषा का इस्तेमाल करने के संबंध में निर्वाचन आयोग से माफी मांगी। जियो न्यूज ने कहा, यह स्पष्ट नहीं है कि फवाद को आज क्यों गिरफ्तार किया गया, क्योंकि उन पर नौ मई की हिंसा से पहले और बाद में कई मामले दर्ज किए गए थे। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान की गिरफ्तारी के कारण नौ मई को जबरदस्त हिंसा हुई थी। चौधरी इस साल जून में इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी में शामिल हुए, जिसका नेतृत्व खान के करीबी राजनीतिक सहयोगी जहांगीर तरीन कर रहे हैं।

पश्चिमी नेपाल में क्यों मंडरा रहा है बड़े भूकंप का खतरा ?

भाषा। काठमांडू

भूकंप वैज्ञानिक के मुताबिक हिमालय के भूकंप संभावित क्षेत्र में बसा नेपाल उन देशों में है जहां पर भूकंप का सबसे अधिक खतरा है और इसमें भी पश्चिमी पहाड़ी क्षेत्र में बड़े भूकंप आने की आशंका है।

सरकार की पोस्ट डिजास्टर नीड्स असेस्मेंट (पीडीएनए) रिपोर्ट के मुताबिक नेपाल भूकंप के लिहाज से दुनिया का 11वां सबसे खतरनाक देश है। इसलिए जब नेपाल की पश्चिमी पहाडियों में शुक्रवार देर रात 6.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया तो यह इस महीने का पहला भूकंप नहीं था। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक पश्चिम नेपाल में शुक्रवार करीब मध्य रात्रि आया भूकंप 2023 में आए 70 भूकंप में से एक है। नेपाल स्थित राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र में वरिष्ठ भूकंप वैज्ञानिक भरत कोइराला ने पीटीआई-

भाषा को बताया, भारतीय और यूरेशिया टेक्टॉनिक प्लेटों में लगातार टक्कर हो रही है जिससे बहुत ही अधिक ऊर्जा उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि नेपाल इन दोनों प्लेटों की सीमा पर है जो भूकंप के मामले में अतिसक्रिय इलाकों में आता है और इसलिए नेपाल में भूंकप आना सामान्य है। कोइराला ने कहा, पश्चिमी नेपाल में बड़े भूकंप आने का खतरा है। उन्होंने कहा, पश्चिमी नेपाल में पिछले 520 सालों से कोई बड़ा भूकंप नहीं आया है। इसलिए बहुत सारी ऊर्जा एकत्रित हो गई है और भूकंप उस ऊर्जा को मुक्त करने का एकमात्र माध्यम है। कोइराला ने कहा, पश्चिमी नेपाल के गोरखा (जिला) से लेकर भारत के देहरादून तक टेक्टॉनिक हलचल के कारण बहुत सारी ऊर्जा जमा हो गई है। इसलिए, इन क्षेत्रों में ऊर्जा व्यय करने के लिए छोटे या बड़े भूकंप आ रहे हैं, जो सामान्य है। दुनिया की सबसे नई पर्वत श्रृंखला हिमालय यूरेशियाई प्लेट, इसके दक्षिणी किनारे पर तिब्बत और भारतीय महाद्वीपीय प्लेट के टकराव के परिणामस्वरूप बनी और सदियों से टेक्टॉनिक गतिविधियों से विकसित हो रही है। ए प्लेट हर 100 साल में दो मीटर आगे बढ़ती हैं जिसके परिणामस्वरूप पृथ्वी के अंदर सक्रिय भूगर्भिक दोषों में संग्रहीत ऊर्जा अचानक मुक्त हो जाती है जिससे भूपर्पटी में हलचल होती है।

भूकंप निगरानी और अनुसंधान केंद्र के आंकड़ों के मुताबिक एक जनवरी 2023 से अब तक नेपाल में 4.0 और उससे अधिक तीव्रता के कुल 70 भूकंप आए हैं। इनमें से 13 की तीव्रता पांच से छह के बीच थी जबकि तीन की तीव्रता 6.0 से ऊपर थी। कोइराला ने बताया कि टेक्टॉनिक प्लेट की गति के माध्यम से एकत्रित ऊर्जा को मुक्त करने के लिए सदियों से हर दिन दो या दो से अधिक तीव्रता के भूकंप आते रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि भविष्य में पश्चिमी नेपाल में बड़े भूकंप आने की आशंका है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Veerendra Singh S/o Late Shri Dhani Ram R/o A-6, Sahyog Apartments, Sector-9, Vasundhara, Ghaziabad U.P. 201012. Hereby declare that I have changed my name Virendra Singh to Veerendra Singh for all future purposes.
PD(194)C

शुद्धिपत्र

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

ऋण खाता संख्या एलबीएनओडी00002263659, कर्जदार/सह–कर्जदार का नाम विक्रम पॉल/बनिता पॉल के संबंध में सरफासी ऐक्ट के तहत सांकेतिक कब्जा सूचना दिनांकित 23 मार्च, 2022 के रूप में दि पायनियर (अंग्रेजी) एवं पायनियर (हिन्दी) में 29 मार्च, 2022 को प्रकाशित की गई थी। हम वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना कोई इरादा के, उक्त में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा सम्पत्ति पता एनजीपी–174, डीएलएफ न्यू टाउन हाइट्स, 17वां तल, टावर–पी, सेक्टर–90, गुरूग्राम के स्थान पर एनजीपी–174, डीएलजी न्यू टाउन हाइट्स, 17वां तल, टावर–पी, सेक्टर–90, गुरूग्राम वर्णित किया गया है। हम अतएव, आपसे उसको एनजीपी–174, डीएलएफ न्यू टाउन हाइट्स, 17वां तल, टावर–पी, सेक्टर–90, गुरूग्राम के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं। उक्त सूचना दिनांकित में वर्णित अन्य सभी विवरण वही रहेगा। हम इस संबंध में आपको हुई असुविधा के लिए गहन खेद व्यक्त करते हैं।
दिनांकित : 04–11–2023
स्थान : दिल्ली एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सार्वजनिक सूचना– पहचान पत्र खो जाना

सार्वजनिक सूचना

यह आम जनता के ध्यान में लाना है कि श्री समीर राजपूत का एक आईडी कार्ड आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा जारी किया गया है। आईडी कार्ड संख्या 2304449 मायापुरी, नई दिल्ली में गुम और/या खोया हुआ पाया गया है। जिस किसी को भी उक्त आईडी कार्ड मिले, उससे अनुरोध है कि वह उक्त आईडी कार्ड को प्रबंधक ऋण सेवा एवं प्रबंधन समूह, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड को वापस कर दे।इसलिए, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के सभी ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि वे उक्त आईडी कार्ड नंबर 2304449 रखने वाले किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को कोई भुगतान न करें।कृपया ध्यान दें कि उक्त आईडी कार्ड रखने वाले किसी भी व्यक्ति को भुगतान करने वाला कोई भी व्यक्ति अपनी लागत, जोखिम और जोखिम पर ऐसा करेगा और आईसीआईसीआई बैंक किसी भी भुगतान के लिए बाध्य और/या जिम्मेदार नहीं होगा। आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए.
दिनांक: 05/11/2023
स्थान: नई दिल्ली
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए
एस.डी.

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005.

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	सूरजप्रसाद/ मूर्तिदेवी/ LBDEH00005882584/ LBDEH00005995398	फ्लैट नंबर– ई–204, दूसरी मंजिल, टॉवर– डी, रेजिज़ोन रेजीडेंसी, खाता नंबर 422 (फसली 1420 से 1425), खसरा नंबर 124 जीएचए (पुराना 231, 232, 233 और 234) का हिस्सा, मौजा कंडोली, परगना परवादून में स्थित है, जिला देहरादून, उत्तराखंड, देहरादून– 248001/ नवंबर 02, 2023	अप्रैल 24, 2023 रु. 84,71,115/-	गाज़ियाबाद/ देहरादून/ लखनऊ

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।
दिनांक : नवंबर 04, 2023
स्थान : गाज़ियाबाद
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

कांग्रेस और एआईयूडीएफ का है मुसलमानों के साथ वोट का रिश्ता: हिमंत विश्व शर्मा

भाषा। गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि असम में कांग्रेस और ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) का मुसलमानों के साथ वोट का रिश्ता है और सालों से इन दलों ने डर का माहौल पैदा कर वोट मांगे हैं। शर्मा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दोनों दलों का तब तक ही प्रवासी मूल के मुसलमानों के साथ संबंध है जबतक उन्हें वोट मिल रहे हैं, लेकिन इन्होंने उन क्षेत्रों के विकास के लिए कोई कदम नहीं उठाया, जहां वे (मुसलमान) रहते हैं। उन्होंने कहा कि इन दोनों दलों ने मुसलमानों के लिए, किसी सड़क, पुल, विद्यालयों और महाविद्यालयों का निर्माण नहीं किया। उन्होंने कहा, प्रथम कदम के तौर पर, हमने असमी मूल के मुसलमानों की जिंदगी में सुधार लाने के लिए कदम उठाए हैं तथा शीघ्र ही उनके बारे में सर्वेक्षण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने बाकी (प्रवासी) मुसलमानों के लिए भी नए विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं स्वास्थ्य संगठनों की स्थापना के साथ ही मदरसा शिक्षा के संबंध में कदम उठाए, बाल विवाह रोकने के प्रयास किए तथा आवाजाही में सुधार के लिए पुलों का निर्माण किया तथा विद्युतिकरण के सिलसिले में कदम उठाए। शर्मा ने कहा, हम जन हितैषी के रूप में मुसलमानों के इस वर्ग के लिए काम कर रहे हैं, क्योंकि हमें उनसे वोट मिलने की उम्मीद नहीं है। नेता मतदाताओं से वोट मिलने की आस में उनके लिए काम करते हैं तथा उनके प्रति जनसेवा में स्वार्थ की भावना भी होती है और बदले में वे उम्मीद करते हैं कि यह वोट में परिवर्तित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा सरकार मुसलमानों के इस वर्ग के लिए मुफ्त सेवा कर रही है, क्योंकि हम जानते हैं कि हमें उनसे वोट नहीं मिलेंगे, लेकिन हम उन्हें सभी योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रवासी मुसलमानों के लिए यह सरकार बल्ले-बल्ले है और इससे अधिक अच्छे दिन उनके लिए कभी नहीं होंगे। कांग्रेस और एआईयूडीएफ भले ही उन्हें मिले मतों का गुणा-भाग करें, लेकिन हम चुनाव के दौरान इन क्षेत्रों में वोट के लिए नहीं जाते हैं। एआईयूडीएफ के प्रमुख बदरूद्दीन अजमल के हाल के इस बयान पर कि प्रवासी मुसलमान परिश्रमी होते हैं और राज्य में उन्हें अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में जगह मिलती है।

भूटान नरेश की यात्रा के बाद अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी असम का दौरा करेंगे

मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि कई देशों ने असम में रुचि दिखाई है और उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी इस पूर्वोत्तर राज्य का दौरा करेंगे। शर्मा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह बड़े सम्मान की बात है कि भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक असम का दौरा कर रहे हैं, जिससे दोनों देशों के बीच उम्मीद और आकांक्षाएं बढ़ी हैं। उन्होंने कहा, भूटान हमारा पड़ोसी देश है, लेकिन यह पहली बार है कि वहां का कोई राजा असम का दौरा कर रहा है। हमें उम्मीद है कि इससे कई और देशों के राष्ट्राध्यक्षों के राजकीय दौरे का मार्ग प्रशस्त होगा। शर्मा ने कहा कि सरकार ने भूटान नरेश का स्वागत करने और राज्य की असंख्य संस्कृति व आगे के सहयोग के अवसरों को प्रदर्शित करने के लिए हरसंभव प्रयास किया है। भूटान नरेश काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व के लिए रवाना हो गए हैं।

उदयपुर में कन्हैया लाल की हत्या चुनावी मुद्दा

परिवार ने दोषियों को मौत की सजा मांगी

भाषा। उदयपुर

इस्लाम के खिलाफ सोशल मीडिया पर एक पोस्ट का कथित तौर पर समर्थन करने को लेकर कन्हैयालाल की पिछले साल हत्या कर दिए जाने के बाद उनके बेटे यश साहू ने दोषियों को फांसी नहीं दिए जाने तक नंगे पैर रहने, अपने बाल नहीं कटवाने व उनकी अस्थियां विसर्जित नहीं करने की कसम खा रखी है। यश 21 साल का है और उस लोमहर्षक घटना को याद करते हुए वह कहता है, मैं अपनी प्रतिज्ञा पर कायम रहूंगा। शहर के व्यस्त हाथीपोल इलाके में दर्जी कन्हैया लाल की उसकी ही दुकान पर दो चाकूधारी लोगों ने हत्या कर दी थी। यह घटना राजस्थान विधानसभा चुनाव में भी मुद्दा बना हुई है। राज्य की 200 विधानसभा सीट के लिए 25 नवंबर को चुनाव होंगे। कन्हैयालाल का परिवार इस समय शहर के बाहरी इलाके में की गोवर्धन विलास कॉलोनी में रहता है। उसका कहना है कि 28 जून को हत्या से पहले ही उन्हें (कन्हैया लाल को) धमकियां मिल रही थीं। उनके बड़े बेटे यश साहू ने कहा, हमारा जीवन पूरी तरह से बदल गया है। नेता हमारे पास आते हैं, एक-दूसरे पर दोषारोपण करते हैं। हम (इस मुद्दे पर) राजनीति नहीं चाहते हैं, लेकिन निश्चित ही हम चाहते हैं कि राजनीतिक दल इस मामले में सख्त रुख अपनाएं ताकि दोषियों को मौत की सजा मिल सके। मुख्य विपक्षी दल भाजपा इस मुद्दे को विधानसभा चुनाव में मुख्य मुद्दा बनाने की पूरी कोशिश में है और इसको लेकर उसने सत्तारूढ़ कांग्रेस पर निशाना साधा है। हालांकि सत्तारूढ़ दल का दावा है कि आरोपी भाजपा से जुड़े थे। उदयपुर सीट पर भाजपा के उम्मीदवार तारा चंद जैन ने कहा, निश्चित रूप से कन्हैया लाल हत्याकांड का चुनाव पर असर पड़ेगा। इस जघन्य घटना के बाद लोगों में गुस्सा है। उन्होंने कहा, यह पूरी तरह से कांग्रेस सरकार विफलता थी। (कन्हैया) लाल के परिवार ने पुलिस को उनकी जान पर खतरे के बारे में सूचित किया था लेकिन कोई कार्वाई नहीं की गई। इस ढिलाई के कारण यह घटना हुई... इससे शहर की छवि खराब हुई। इसे पाकिस्तान से भी जोड़ा गया, तो लोग इतनी बड़ी घटना को कैसे भूल सकते हैं। जैन के अनुसार सरकारी भर्तियों के प्रश्नपत्र लीक होने से राज्य के युवाओं को नुकसान हुआ है। उदयपुर जिले की आठ विधानसभा सीटों में से एक उदयपुर सीट यहां से विधायक रहे भाजपा नेता गुलाब चंद कटारिया को असम का राज्यपाल नियुक्त किए जाने के बाद खाली हो गई थी। उदयपुर से कांग्रेस प्रत्याशी गौरव वल्लभ ने आरोप लगाया कि कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपी भाजपा के सदस्य थे। उन्होंने दावा किया, भाजपा नेताओं के साथ उनकी तस्वीरें हैं... उनमें से एक नेता असम के महामहिम (राज्यपाल) हैं। वल्लभ ने कहा, आरोपी भाजपा के सदस्य थे। राजस्थान पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया फिर एनआईए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) ने मामले को जल्दबाजी में अपने हाथ में ले लिया।

क्विक न्यूज

मैं कहीं नहीं जा रही: वसुंधरा राजे

कोटा (राजस्थान)। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता वसुंधरा राजे ने शनिवार को झालावाड़ की झालरापाटन विधानसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया और राजनीति से संन्यास की अटकलों को खारिज करते हुए कहा, मैं कहीं नहीं जा रही हूं। झालावाड़ में शुक्रवार को एक जनसभा के दौरान एक जन प्रतिनिधि के रूप मे अपने सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह की प्रगति का जिक्र करते हुए, राजे ने कहा था कि उन्हें लगता है कि वह अब संन्यास ले सकती हैं। इससे अटकलें लगने लगी कि वह 25 नवंबर को होने वाला विधानसभा चुनाव नही लड़ेंगी। चार बार की विधायक राजे ने आज दोपहर जब झालरापाटन से भाजपा उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया तो उनके साथ केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, बेटे दुष्यंत सिंह और पार्टी के अन्य नेता मौजूद थे। पर्चा दाखिल करने के बाद वसुंधरा राजे ने कहा, झालावाड़ हमारे परिवार की तरह है और परिवार मे हम बहुत सी ऐसी बाते साझा करते है, जिनका कोई राजनीतिक मतलब नही होता। वसुंधरा ने कहा, और अगर मैंने कल इसके (राजनीति से संन्यास के) बारे में कहा, तो ऐसा इसलिए था, क्योंकि अपने बेटे दुष्यंत का भाषण सुनने और सभी लोगों की प्रतिक्रिया देखने के बाद, एक मां के रूप में मै बहुत खुश हुई थी। उन्होंने कहा, मै आप सभी को यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि मै कहीं नही जा रही हूं और मैंने अभी अपना नामांकन दाखिल किया है। इसलिए (राजनीति से) मेरे संन्यास के बारे में न सोचें। दुष्यंत सिंह झालावाड़-बारां से सांसद हैं।

मादक द्रव्य मामले से संबंधित महाराष्ट्र पुलिस के अधिकारियों को बर्खास्त किया जाएगा: फडणवीस

नागपुर। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि मादक पदार्थों से संबंध रखने वाले राज्य पुलिस कर्मियों को न केवल निलंबित किया जाएगा बल्कि सेवा से बर्खास्त भी किया जाएगा। यहां पत्रकारों से बात करते हुए, फडणवीस ने कहा कि मादक द्रव्यों के निर्माण और तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति पर कठोर कानूनों के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। फडणवीस ने कहा, इसमें शामिल लोगों को कड़ी कार्वाई का सामना करना पड़ेगा, लेकिन जो पुलिस अधिकारी (मादक द्रव्य के कारोबार में) शामिल पाए जाएंगे, उन्हें न केवल निलंबित किया जाएगा बल्कि (संविधान के अनुच्छेद) 311 के तहत बर्खास्त भी किया जाएगा। संविधान का अनुच्छेद 311 केंद्र या राज्य के अधीन नागरिक क्षमताओं मे कार्यरत व्यक्तियों की बर्खास्तगी, निष्कासन या पद में कमी से संबंधित है। उन्होने कहा कि राज्य पुलिस ने महाराष्ट्र को नशा मुक्त बनाने के लिए एक अभियान चलाया है और हर जिले में छापेमारी की जा रही है।राष्ट्रीय स्तर पर काम हो रहा है और मादक पदार्थों के कारोबार में शामिल गिरोहों की अंतरराज्ईय गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।उपमुख्यमंत्री ने कहा, राज्य पुलिस ने सैकड़ों करोड़ रुपए का मादक पदार्थ जब्त किया है।पुणे के एक सरकारी अस्पताल से दो अक्टूबर को कथित मादक द्रव्य कारोबारी ललित पाटिल के भागने पर फडणवीस के नेतृत्व वाले गृह विभाग को आलोचना का सामना करना पड़ा था, खासकर शिवसेना (यूबीटी) ने उसपर निशाना साधा था। पाटिल को कुछ दिनों पहले बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया था। पाटिल के फरार होने के बाद नौ पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया था। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा था कि लगभग एक साल तक जेल मे रहे पाटिल को अस्पताल में रहने के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग करते पाया गया था। इलाज के दौरान भी वह कथित तौर पर मादक पदार्थ की तस्करी कर रहा था और तीन दिन पहले ही एक नए मामले मे उसका नाम आया था।फडणवीस ने कहा कि जो लोग आरोप लगा रहे थे दांव उन पर ही उलटा पड़ गया। पिछले महीने, फडणवीस ने दावा किया था कि पाटिल अविभाजित शिवसेना के नासिक जिले के प्रमुख थे, जब उद्धव ठाकरे पार्टी प्रमुख थे।

बठिंडा में किसानों ने सरकारी अधिकारी को पराली जलाने के लिए किया मजबूर

चंडीगढ़। पंजाब के बठिंडा जिले में किसानों के एक समूह ने खेतों में आग लगाने से रोकने वाली सरकारी टीम के आदेशों की कथित तौर पर अवहेलना की और एक अधिकारी को कथित तौर पर धान की पराली के ढेर में आग लगाने के लिए मजबूर किया। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस घटना की निंदा की।पूरी घटना का एक कथित वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया। शनिवार को मान के आदेश के बाद पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को राज्य के लोगों के खिलाफ अमानवीय अपराध करार दिया।बठिंडा के उपायुक्त (डीसी) शौकत अहमद पारे ने शनिवार को कहा कि उन्होंने अधिकारी को अपना कर्तव्य निभाने से रोकने के लिए किसानों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के वास्ते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को लिखा था।यह घटना शुक्रवार को मेहमा सरजा गांव में उस वक्त हुई, जब एक विशेष पर्यवेक्षक के नेतृत्व में एक दल पराली जलाने की घटनाओं की जांच करने वहां गया था।डीसी ने कहा कि अधिकारी को एक किसान संगठन के प्रति निष्ठा रखने वाले 50-60 किसानों के एक समूह ने घेर लिया, उन्हें पास के एक खेत में ले गए और उन्हें पराली के ढेर में आग लगाने के लिए मजबूर किया।वीडियो में किसानों को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि जो लोग पराली जलाने से रोकने आए थे, उनसे पराली में आग लगवा दी गई। वीडियो मे यह भी दिखाया गया है कि अधिकारी का हाथ दो किसानों ने पकड़ रखा था और वे उसे माचिस की तीली से पराली में आग लगाने के लिए मजबूर कर रहे थे। यह वीडियो किसानों में से एक ने बनाया था।डीसी पारे ने कहा, जब वह (अधिकारी) भीड़ से घिरा हुआ था, तो उसके पास क्या विकल्प था। उसके पास कोई रास्ता नही था। डीसी ने कहा कि मामले मे प्राथमिकी दर्ज की जाएगी और घटना के लिए जो लोग भी जिम्मेदार होंगे, उन्हें जेल भेजा जाएगा।उन्होंने कहा, मै खुद भी गांव का दौरा कर रहा हूं। हम इसे यूं ही नही छोड़ देंगे। अराजकता हम बर्दाश्त नही करेंगे। बठिंडा पुलिस ने मामले मे भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धारा 353 (अपने कर्तव्य के निष्पादन मे लोक सेवक के खिलाफ हमला या आपराधिक बल का उपयोग), 186 (किसी भी लोक सेवक के सार्वजनिक कार्यों के निर्वहन में बाधा डालना), 342 (सदोष परिरोध के लिए सजा), 506 (आपराधिक धमकी) और 149 (गैरकानूनी सभा) के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने कहा कि मामले में जांच जारी है।

एडहैसिव से मिलती हे ताकत

बंगलुरू। घरों की दरो-दीवार को पेंट से सजा रहे हैं और सजावट का सामान बदल रहे हैं तो फर्नीचर को क्यों पीछे छोड़ दिया जाना चाहिए? ज्यादातर मामलों में त्योहारी सीजन के दौरान फर्नीचर को बदलने या पूरी तरह से नया लुक देने को नजरअंदाज कर दिया जाता है क्योंकि इसे महंगा, बोझिल और अस्त-व्यस्त करने वाला माना जाता है। हालांकि, आपके घर का सामान भी एक ताजा लुक का हकदार है और वह भी बिना किसी परेशानी के, शोर और धूल के! फेविकोल रेलम के साथ, फेस्टिव सीजन में अपने फर्नीचर को नया रूप देना एक परेशानी मुक्त प्रेक्टिस बन जाता है। फेविकोल रेलम का उपयोग करके, अब आप लैमिनेट पर लैमिनेट चिपका सकते हैं और इस प्रकार फर्नीचर रेनोवेशन का प्रोसेस काफी सरल बना सकते हैं और वह भी केवल कुछ घंटों में। फेविकोल रेलम एडहैसिव 7-8 घंटों में तुरंत पकड़ और प्रोसेसिंग की ताकत देता है। इसमें कोई गंध नहीं है। इसका उपयोग करना आसान है और उपयोग से पहले इसको अच्छी तरह से मिक्स करने की भी जरूरत नहीं होती है। फेविकोल रेलम का उपयोग करके, कोई सीधे पुराने लैमिनेट पर नया लैमिनेट चिपका सकता है और रातों-रात पुराने फर्नीचर का लुक बदल सकता है, जिससे वे वाइब्रेंट और स्टाइलिश दिखेंगे। फेविकोल रेलम, एडहैसिव सॉल्यूशंस में एक विश्वसनीय नाम, आपके फर्नीचर को बदलने के लिए कई संभावनाएं प्रदान करता है। चाहे आप अपनी पुरानी लकडी की कुर्सियों को आधुनिक टच देना चाहते हों या एक थकी हुई दिखने वाली कॉफी टेबल को सजाना चाहते हों, फेविकोल रेलम एक विश्वसनीय और उपयोग में आसान सॉल्यूशन प्रदान करता है।

फैसले में खामी दूर करने को विधायिका कानून बना सकती है, पर इसे खारिज नहीं कर सकती: प्रधान न्यायाधीश

भाषा। नई दिल्ली

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी. वाई. चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि न्यायिक आदेश की खामी दूर करने के लिए विधायिका नया कानून लागू करने के विकल्प का इस्तेमाल कर सकती है, लेकिन उसे प्रत्यक्ष रूप से खारिज नहीं कर सकती है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि सरकार के विभिन्न अंगों के उलट न्यायाधीश इस पर गौर नहीं करते हैं कि जब वे मुकदमों का फैसला करेंगे तो समाज कैसी प्रतिक्रिया देगा। उन्होंने कहा, अदालत का फैसला आने पर विधायिका क्या कर सकती है और क्या नहीं, इसके लिए विभाजनकारी रेखा है। अगर किसी विशेष मुद्दे पर फैसला दिया जाता है और इसमें कानून में खामी का जिक्र किया जाता है तो विधायिका उस खामी को दूर करने के लिए नया कानून लागू कर सकती है। सीजेआई ने कहा, विधायिका यह नहीं कह सकती कि हमें लगता है कि फैसला गलत है और इसलिए हम फैसले को खारिज करते हैं। विधायिका किसी भी अदालत के फैसले को सीधे खारिज नहीं कर सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि न्यायाधीश मुकदमों का फैसला करते समय संवैधानिक नैतिकता का अनुसरण करते हैं न कि सार्वजनिक नैतिकता का। उन्होंने कहा, तथ्य यह है कि न्यायाधीश निर्वाचित नहीं होते हैं, (और) यह हमारी कमी नहीं, बल्कि हमारी ताकत है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि भारत का सर्वोच्च न्यायालय जनता की अदालत है, जिसका उद्देश्य लोगों की शिकायतों को समझना है और यह (न्यायालय) जो करता है वह अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय से बहुत भिन्न है। उन्होंने कहा, हमने इस साल कम से कम 72,000 मुकदमों का निस्तारण किया है और अभी दो महीने बाकी हैं। एक अदालत के रूप में हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम जो काम करते हैं उसके संदर्भ में नागरिकों का विश्वास बना रहे। न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायपालिका में प्रवेश स्तर पर संरचनात्मक बाधाएं हैं। उन्होंने कहा कि यदि समान अवसर उपलब्ध होंगे तो अधिक महिलाएं न्यायपालिका में आएंगी। उन्होंने कहा, हमें समावेशी अर्थ में योग्यता को पुन: परिभाषित करने की आवश्यकता है। यदि आप न्यायपालिका में प्रवेश स्तर पर समान अवसर पैदा करते हैं तो अधिक महिलाएं इसका हिस्सा बनेंगी। उन्होंने कहा, हमें समावेशी अर्थ में योग्यता को फिर से परिभाषित करने की आवश्यकता है। हां, यह सही है कि हमारे पास उच्च न्यायपालिका में पर्याप्त महिलाएं नहीं हैं क्योंकि न्यायिक प्रणाली के प्रवेश स्तर में संरचनात्मक बाधाएं हैं। अधिकांश परीक्षाएं अंग्रेजी में आयोजित की जाती हैं तथा शहर केंद्रित होती हैं। उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए, वरिष्ठ अधिवक्ता के कक्ष में प्रवेश योग्यता के आधार पर नहीं होता है और यह पुराने लोगों का क्लब है। यदि आप महिलाओं के लिए समान अवसर प्रदान करते हैं, तो वे प्रवेश पाने में सक्षम हैं, (फिर) आपके पास न्यायपालिका में अधिक महिलाएं होंगी।

कांग्रेस भ्रष्टाचार, कमीशन, सांप्रदायिकता और अपराधीकरण का पालन करती है : शाह

शिवपुरी। केंद्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने शनिवार को कांग्रेस को 4-सी यानी भ्रष्टाचार, कमीशन, सांप्रदायिकता और अपराधीकरण का पालन करने वाला दल बताते हुए कहा कि पार्टी ने प्रख्यात न्यायविद और समाज सुधारक बाबासाहेब अंबेडकर का अपमान किया। मध्य प्रदेश में शिवपुरी के करेरा क्षेत्र में शनिवार को एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो कल्याणकारी योजनाएं बंद कर देगी। मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को चुनाव विधानसभा चुनाव होंगे। शाह ने कहा, कांग्रेस 4-सी का पालन करती है, अर्थात भ्रष्टाचार, कमीशन, सांप्रदायिक दंगे और अपराधीकरण। कांग्रेस ने बाबासाहेब अंबेडकर का अपमान किया लेकिन उनकी तस्वीर लेकर घूमती है। उन्होंने दावा किया, कांग्रेस ने उन्हें भारत रत्न नहीं दिया और हमेशा यह सुनिश्चित करने की साजिश रची कि वह कभी संसद न पहुंचें। उन्होंने यह भी दावा किया, हमारी सरकार सत्ता में आई तो हमने बाबासाहेब अंबेडकर को भारत रत्न दिया (1990 में जब वी पी सिंह के नेतृत्व में भाजपा सहित गैर-कांग्रेसी राष्ट्रीय मोर्चा सरकार थी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना करते हुए शाह ने कहा कि उरी हमले का बदला लेने के लिए सितंबर 2016 में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी शिविरों पर सर्जिकल स्ट्राइक की गई थी। उरी हमले में 19 सैनिकों की जान चली गई थी। शाह ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ऐसे हमलों के समय चुप रहती थी, लेकिन मोदी सरकार ने आतंक पर पलटवार करने के लिए हवाई और सर्जिकल स्ट्राइक किए।

कोच्चि में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में नौसैनिक की मौत

भाषा। कोच्चि-नई दिल्ली

कोच्चि में भारतीय नौसेना के एक अड्डे पर शनिवार को एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक नौसैनिक की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि नौसेना की दक्षिणी कमान के आईएनएस गरुड़ के रनवे पर हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें योगेन्द्र सिंह की मौत हो गई। योगेंद्र मध्य प्रदेश के निवासी थे। नौसेना ने संक्षिप्त बयान में कहा, आईएनएस गरुड़, कोच्चि में रखरखाव जांच के दौरान आज एक चेतक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके परिणामस्वरूप एक नौसेना कर्मी की मृत्यु हो गई। बयान में कहा गया है कि दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए बोर्ड ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया गया है। नौसेना ने कहा कि नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार और भारतीय नौसेना के सभी कर्मियों ने योगेन्द्र सिंह की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

सीखने के पारंपरिक माहौल से परे जाने की जरूरत : वायुसेना प्रमुख

भाषा। चेन्नई

वायुसेना प्रमुख एयर मार्शल वी. आर. चौधरी ने शनिवार को कहा कि वक्त की दरकार अधिक दक्ष युवा पायलट तैयार करना और प्रशिक्षण के पारंपरिक माहौल से परे जाना है। वह फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर्स स्कूल (एफआईएस) के प्लेटिनम जुबिली समारोहों के अवसर पर यहां ताम्बरम स्थित एयर फोर्स स्टेशन में एक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, वक्त की दरकार अधिक दक्ष, युवा पायलट तैयार करना तथा उन्हें बेड़े में तेजी से और अधिक प्रभावकारी तरीके से शामिल करना है। हमें सीखने के पारंपरिक माहौल से परे जाने की जरूरत है, जिसमें कौशल विकास प्रत्एक व्यक्ति को ध्यान में रखकर तैयार किया जाए। उन्होंने कहा, वे दिन गए, जब सबको एक जैसा प्रशिक्षण दिया जाता था। वायुसेना प्रमुख ने कहा, वैमानिकी क्षेत्र में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को सम्मिलित करने से हमारे लिए नए अवसर (सामने) आ रहे हैं, जिसका फायदा उठाया जा सकता है...। उन्होंने कहा कि इस सिलसिले में एफआईएस एक अहम भूमिका निभाएगा। इससे पहले, एयर फोर्स स्टेशन पर प्रशिक्षक विमानों और हेलीकॉप्टर ने फ्लाई पास्ट किए।

रायगढ़ में दवा फैक्टरी में लगी भीषण आग से आठ की मौत

भाषा। मुंबई

महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में एक दवा कंपनी की फैक्टरी में भीषण आग लग जाने के बाद शनिवार शाम तक आठ शव बरामद किए गए, जबकि तीन लापता व्यक्तियों की तलाश जारी है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के अधिकारी ने बताया कि मुंबई से लगभग 170 किलोमीटर की दूरी पर स्थित रायगढ़ जिले के एमआईडीसी महाड में दवा कंपनी ब्लू जेट हेल्थकेयर की फैक्टरी में शुक्रवार सुबह 11 बजे आग लगी थी। उन्होंने कहा,"सुबह सात बजे तक चार शव मिले थे तथा शाम पांच बजे तक और चार शव बरामद किए गए। शेष तीन लोगों की तलाश के लिए स्थानीय एजेंसियों के साथ-साथ एनडीआरएफ के कर्मियों का अभियान जारी है।

छत्तीसगढ़ में चुनाव से पहले भाजपा नेता की हत्या

नारायणपुर (छत्तीसगढ़)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिले नारायणपुर में संदिग्ध नक्सलियों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और जिला पंचायत सदस्य रतन दुबे की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार का यह जानकारी दी।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हत्या की यह घटना उस समय की है, जब दुबे झाराघाटी थाना क्षेत्र में पार्टी के लिए चुनाव प्रचार कर रहे थे कि तभी उन पर नक्सलियों ने हमला कर दिया।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस का एक दल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया और शव को बरामद कर जिला मुख्यालय भेजा गया।पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।भाजपा की राज्य इकाई के प्रभारी ओम माथुर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि दुबे की नक्सलियों ने उस समय हत्या कर दी जब वह चुनाव प्रचार पर निकले थे।माथुर ने कहा, छत्तीसगढ़ के नारायणपुर विधानसभा के संयोजक व जिला उपाध्यक्ष रतन दुबे की प्रचार के दौरान नक्सलियों द्वारा निर्ममता से की गई हत्या से मैं बेहद व्यथित हूं। पार्टी इस कायरतापूर्ण घटना की निंदा करती है।

प्रवीण मधुकर पवार सीबीआई के संयुक्त निदेशक नियुक्त

नई दिल्ली। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी प्रवीण मधुकर पवार को पांच साल के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में संयुक्त निदेशक नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश से यह जानकारी मिली। पवार 2003 बैच के कर्नाटक कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने पांच साल के लिए सीबीआई के संयुक्त निदेशक पद पर उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

इसरो प्रमुख ने अपनी आत्मकथा प्रकाशित नहीं करने का निर्णय लिया

भाषा। तिरुवनंतपुरम

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने शनिवार को कहा कि उन्होंने अपनी आत्मकथा को प्रकाशित नहीं करने का निर्णय लिया है। इसरो प्रमुख की आत्मकथा में उनके पूर्ववर्ती के. सिवन के बारे में कुछ आलोचनात्मक टिप्पणियां किए जाने को लेकर उपजे विवाद के बाद सोमनाथ का यह बयान आया है। सोमनाथ ने कहा कि उन्होंने अंतरिक्ष एजेंसी में अपनी दशकों लंबी यात्रा के दौरान सामना की गई कुछ चुनौतियों का उल्लेख करने वाली अपनी आत्मकथा निलावु कुदिचा सिम्हंगल को प्रकाशित नहीं करने का फैसला किया है। इससे पहले दिन में, सोमनाथ ने पीटीआई-भाषा से कहा था कि किसी संगठन में शीर्ष पद तक पहुंचने की यात्रा के दौरान प्रत्एक व्यक्ति को किसी न किसी तरह की चुनौतियों से गुजरना पड़ता है और उन्होंने भी जीवन में ऐसी कठिनाइयों का सामना किया है। तब सोमनाथ उस रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें दावा किया गया है कि इसरो प्रमुख की आत्मकथा में उनके पूर्ववर्ती सिवन के बारे में कुछ आलोचनात्मक टिप्पणियां की गई हैं। सोमनाथ ने कहा, ऐसे प्रमुख पदों पर रहने वाले व्यक्तियों को कई चुनौतियों से गुजरना पड़ सकता है। उनमें से एक संगठन में पद पाने संबंधी चुनौतियां भी हैं। उन्होंने कहा कि ए ऐसी चुनौतियां हैं, जिनसे हर किसी को गुजरना पड़ता है। इसरो प्रमुख ने कहा, एक महत्वपूर्ण पद के लिए अधिक व्यक्ति पात्र हो सकते हैं। मैंने बस उस विशेष बिंदु को सामने लाने की कोशिश की। मैंने इस संबंध में किसी व्यक्ति विशेष को निशाना नहीं बनाया। सोमनाथ ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपनी पुस्तक में चंद्रयान-2 मिशन की विफलता की घोषणा के संबंध में स्पष्टता की कमी का उल्लेख किया है।

नापाक हरकत करने वालों को भारत दोनो ओर खत्म कर सकता है: राजनाथ

भाषा। भोपाल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि अगर कोई व्यक्ति किसी नापाक हरकत को अंजाम देने की कोशिश करता है तो भारत उसे सीमा के इस पार और जरूरत पड़ने पर उस पार भी खत्म कर सकता है। सिंह भिंड जिले की गोहद विधानसभा सीट के अंतर्गत खनेता गांव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार लाल सिंह आर्य के लिए प्रचार करते हुए एक रैली को संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने कहा कि भारत का गौरव पूरे विश्व में बढ़ रहा है। कांग्रेस के शासनकाल में विदेशों में लोग कहते थे कि भारत कमजोर देश है। दुनिया हमारी बातों को बहुत गंभीरता से नहीं लेती थी।

उन्होंने कहा कि अब स्थिति बदल गई है और अगर भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर कुछ कहता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है। उन्होंने कहा कि अब आपका भारत कोई कमजोर देश नहीं है। दुनिया की कोई भी ताकत भारत को धमकी देने की हिम्मत नहीं कर सकती। सिंह ने कहा, अगर कोई किसी नापाक हरकत को अंजाम देने की कोशिश करता है तो भारत उन्हें सीमा के इस तरफ खत्म कर सकता है और जरूरत पड़ने पर सीमा के दूसरी तरफ भी उन पर हमला कर सकता है। उन्होंने कहा कि भिंड जिले में हर पांच परिवार में से एक व्यक्ति सेना में है। उन्होंने कहा कि वह ऐसे परिवारों का अभिनंदन करना चाहते हैं। रक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश पहले बीमारू राज्य था लेकिन देश के लोग अब कह रहे हैं कि अगर विकास देखना है तो मध्य प्रदेश जाना होगा। उन्होंने कहा, यह देश का सबसे स्वच्छ राज्य है। मंत्री ने कहा कि 2001-02 में मध्य प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय केवल 11,718 रुपए थी और अब 2023 में यह 10 गुना बढ़कर 1.40 लाख रुपए से अधिक हो गई है। उन्होंने दावा किया कि मध्य प्रदेश की विकास दर भारत के औसत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से अधिक है। उन्होंने कहा, मध्य प्रदेश एकमात्र राज्य है जहां सरकार किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि के तहत वितरित की जाने वाली समान राशि के अलावा अपने खजाने से प्रति वर्ष 6,000 रुपए देती है। सिंह आज भिंड जिले में दो और रैलियों को संबोधित करेंगे। मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों के लिए 17 नवंबर को मतदान होगा।

ऑस्ट्रेलिया जीता, इंग्लैंड सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर

● जम्पा ने अंग्रेजों के सपने को तोड़ा, 33 रन से जीती कंगारू टीम

भाषा। अहमदाबाद

लेग स्पिनर एडम जंपा की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां अपने चिर प्रतिद्वंद्वी और पिछली बार के चैंपियन इंग्लैंड को 33 रन से हराकर उसे विश्व कप से बाहर करके सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाए। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए और उसकी टीम 49.3 ओवर में 286 रन पर आउट हो गई। इस टूर्नामेंट में लगातार खराब प्रदर्शन करने वाली इंग्लैंड के लिए यह स्कोर भी पहाड़ जैसा बन गया और उसकी टीम 48.1 ओवर में 253 रन बनाकर आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया की सात मैच में यह पांचवीं जीत है जिससे उसके 10 अंक हो गए हैं और उसने तीसरे नंबर पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। इंग्लैंड की सात मैच में छठी हार है, जिससे उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की धुंधली उम्मीद भी समाप्त हो गई है। मार्नस लाबुशेन (83 गेंद पर 71 रन) ने स्टीव स्मिथ (52 गेंद पर 44) के साथ तीसरे विकेट के लिए 75 और कैमरन ग्रीन (52 गेंद पर 47) के साथ पांचवें विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को शुरुआती झटकों से उबारने का प्रयास किया। निचले क्रम में मार्कस स्टोइनिस (32 गेंद पर 35) और एडम जंपा (19 गेंद पर 29) ने उपयोगी योगदान दिया। इंग्लैंड की तरफ से क्रिस वोक्स ने 54 रन देकर चार विकेट लिए। उनके अलावा आदिल राशिद और मार्क वुड ने दो-दो विकेट हासिल किए। लेकिन इंग्लैंड के बल्लेबाज फिर से नहीं चल पाए। बेन स्टोक्स (90 गेंद पर 64, दो चौके, तीन छक्के) ने डाविड मलान (64 गेंद पर 50) के साथ तीसरे विकेट के लिए 84 और मोईन अली (43 गेंद पर 42) के साथ पांचवें विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी की। वोक्स (32) और राशिद (20) हार का अंतर ही कम कर पाए। एडम जंपा ने 10 ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट लिए। कप्तान पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड ने दो-दो विकेट लिए।

स्कोरबोर्ड

ऑस्ट्रेलिया पारीः हेड का रूट बो वोक्सद का विली बो वोक्स 15,स्मिथ का मोईन बो राशिद 44, लाबुशेन पगबाधा वुड 71,इंग्लिस का मोईन बो राशिद 03, ग्रीन बो विली 47,स्टोइनिस का बेयरस्टो बो लिविंगस्टोन 35,कमिंस का मलान बो वुड 10, स्टार्क का मोईन बो वोक्स 10, जम्पाका बटलर बो वोक्स 29,हेजलवुड नाबाद 01,**अतिरिक्तः** (लेग बाईः 06 , वाइडः 04)10,**कुल योगः** (49.3 ओवर में सभी आउट) 286,**विकेट पतनः**1-11, 2-38, 3-113, 4-117, 5-178, 6-223, 7-241, 8-247, 9-285,**गेंदबाजीः** विली10-1-48-1,वोक्स 9.3-0-54-4,वुड 10-0-70-2,लिविंगस्टोन 6-0-42-1,मोईन 4-0-28-2,राशिद 10-0-38-2

इंग्लैंड पारीः बेयरस्टो का इंग्लिस बो स्टार्क 00, मलान का हेड बो कमिंस 50,रूट का इंग्लिस बो स्टार्क 13, स्टोक्सका स्टोइनिस बो जम्पा 64, बटलर का ग्रीन बो जम्पा 01,अली का वार्नर बो जम्पा 42,लिविंगस्टोन का स्थानापन्न (एबोट) बो कमिंस 02,वोक्स का लाबुशेन बो स्टोइनिस 32, विली का जम्पा बो हेजलवुड 15, राशिद का इंग्लिस बो हेजलवुड 20,मार्क वुड नाबाद 00,**अतिरिक्तः** (लेग बाईः 06, वाइडः 08) 14,कुल योगः (49.1 ओवर में सभी आउट) 253 रन,**विकेट पतनः**1-0, 2-19, 3-103, 4-106, 5-169, 6-174, 7-186, 8-216, 9-253 , गेंदबाजीःस्टार्क 10-0-66-2,हेजलवुड 9.1-1-49-2,कमिंस 10-0-49-0,जम्पा 10-0-21-3,हेड 5-0-28-0 स्टोइनिस 4-0-34-1

पाकिस्तान की सेमीफाइनल की उम्मीद बची

● डकवर्थ लुईस पद्धति से न्यूजीलैंड को डीएलएस से 21 रन से हराया

भाषा। बेंगलुरु

पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज फखर जमां (नाबाद 126 रन) के तूफानी शतक की बदौलत शनिवार को यहां बारिश से प्रभावित विश्व कप मैच में न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति (डीएलएस) से 21 रन से हराकर अपनी सेमीफाइनल उम्मीदें कायम रखी। न्यूजीलैंड ने बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद रचिन रविंद्र (108 रन) के शतक और कप्तान केन विलियमसन (95 रन) के अर्धशतक से छह विकेट पर 401 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान का बार बार हुई बारिश के कारण 41 ओवर में 342 रन का संशोधित लक्ष्य मिला लेकिन फिर बारिश आ गई। तब तक पाकिस्तान ने 25.3 ओवर में एक विकेट गंवाकर 200 रन बना लिए थे। उसके लिए तब जमां 126 रन (81 गेंद, 11 छक्के, आठ चौके) और कप्तान बाबर आजम नाबाद 66 रन (63 गेंद, छह चौके, दो छक्के) बनाकर खेल रहे थे। पाकिस्तान डीएलएस स्कोर के हिसाब से 21 रन से आगे चल रहा था जिससे उसने दो जरूरी अंक हासिल किए।

स्कोरबोर्ड

न्यूजीलैंड : कॉनवे का रिजवान बो हसन अली 35, रविंद्र का सऊद शकील बो वसीम 108, विलियम्सन का जमां बो इफ्तिखार 95, मिचेल बो हारिस रऊफ 29, चैपमैन बो वसीम 39,फिलिप्स बो वसीम 41, सैटनर नाबाद 26,लैथम नाबाद 02,**अतिरिक्त** : 26,**कुल** : 50 ओवर में छह विकेट पर 401 रन ,**विकेट पतन** :1-68, 2-248, 3-261, 4-318, 5-345, 6-388,**गेंदबाजी** : अफरीदी 10-0-90-0, अली 10-0-82-1, अहमद 8-0-55-1,रऊफ 10-0-85-1,वसीम 10-0-60-3,सलमान 2-0-21-0

पाकिस्तान : शफीक का विलियमसन बो साउदी 04,जमां नाबाद 126, आजम नाबाद 66,अतिरिक्त : 04,कुल : 25.3 ओवर में एक विकेट पर 200 रन,**विकेट पतन** :1-6,**गेंदबाजी** :बोल्ट 6-0-50-0,साउदी 5-0-27-1, सैटनर 5-0-35-0,फिलिप्स 5-1-42-0,सोढ़ी 4-0-44-0, मिचेल 0.3-0-1-0

विश्व कप में श्रीलंका के खराब प्रदर्शन के बाद बोर्ड सचिव ने इस्तीफा दिया

कोलंबो। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के सचिव मोहन डी सिल्वा ने भारत में वनडे विश्व कप में अपनी टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद इस्तीफा दे दिया है। श्रीलंका को गुरुवार को मुंबई में भारत ने 302 रन के बड़े अंतर से हराया था। जिसके बाद टीम सेमीफाइनल की दौड़ से लगभग बाहर हो गई है। भारत के खिलाफ श्रीलंका की टीम महज 55 रन पर आउट हो गई। इसके बाद देश के खेल मंत्री रोशन रणसिंघे ने एसएलसी प्रशासन के सामूहिक इस्तीफे की मांग की थी। रणसिंघे ने एक बयान में इस हार के लिए चयन समिति और एसएलसी प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया।

स्टेपानोवा को हराकर वैशाली ने एकल बढ़त बनाई

आइल ऑफ मैन । भारत की आर वैशाली फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में यहां पूर्व विश्व चैंपियन बुल्गारिया की एंटोनेटा स्टेपानोवा की रक्षण को भेदने में सफलता हासिल करने के बाद तालिका में एकल बढ़त बनाने में कामयाब रही। अपने करियर का सबसे बड़ा टूर्नामेंट खेल रही वैशाली ने इस प्रक्रिया में अपना चौथा ग्रैंडमास्टर नार्म (मानदंड) भी पूरा किया। उन्हें इस उपलब्धि हासिल करने वाली भारत की तीसरी महिला बनने के लिए केवल सात रेटिंग अंकों की आवश्यकता है। शतरंज विश्व कप के फाइनल में पहुंच कर दुनिया भर में अपनी पहचान बनाने वाले आर प्रज्ञानानंद की बड़ी बहन आर वैशाली को यहां चैम्पियन बनने के लिए दो और मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

भारत के मैच से हमारा आत्मविश्वास बढ़ा : ट्रॉट

लखनऊ। अफगानिस्तान के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट को लगता है कि विश्व कप में भारत से मिली हार के बावजूद इस मैच ने उनकी टीम के खिलाड़ियों के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने का काम किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने इस मैच के बाद यह भरोसा करना शुरू कर दिया कि वे भी जीत सकते है और मुकाबलों में हावी हो सकते है। अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अफगानिस्तान ने तीन पूर्व चैम्पियन इंग्लैड, पाकिस्तान और श्रीलंका पर शानदार जीत हासिल की और फिर नीदरलैंड को हराकर सेमीफाइनल में अपनी उम्मीदें जीवंत रखी। ट्रॉट ने शुक्रवार को यहां नीदरलैंड पर अफगानिस्तान की सात विकेट की जीत के बाद कहा, मुझे लगता है कि हमने भारत के खिलाफ अपनी टीम के फॉर्म में वापसी की ।

अजेय भारत को मिलेगी दक्षिण अफ्रीका की चुनौती

● नजरें बर्थडे ब्वॉय कोहली पर

भाषा। कोलकाता

लगातार सात जीत के साथ आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय टीम को इस विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के रूप में पहली कठिन चुनौती मिलने जा रही है और शीर्ष दो टीमों के बीच रविवार को फाइनल से पहले फाइनल माने जा रहे इस मुकाबले में बर्थडे ब्वॉय विराट कोहली पर सभी की नजरें होंगी। करीब 65000 की दर्शक क्षमता वाले ऐतिहासिक ईडन गार्डंस पर होने वाला यह मैच भारत के लिए इस टूर्नामेंट की सबसे कठिन चुनौती है चूंकि नीदरलैंड के खिलाफ एक मैच को छोड़कर दक्षिण अफ्रीका ने छह मुकाबले जीते हैं। लेकिन भारत ने अभी तक एक चैम्पियन की तरह खेल दिखाया है और सेमीफाइनल में प्रवेश के बाद अंतिम दोनों लीग मैच में बड़ी जीत दर्ज करके उसके शीर्ष नंबर एक पर बने रहने के होंगे (बल्लेबाजी में मेजबान के लिए सर्वाधिक 442 रन बना चुके कोहली वनडे क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी की कोशिश में होंगे। मुंबई में श्रीलंका के खिलाफ 302 रन से मिली जीत में वह 12 रन से चूक गए थे। इसके अलावा ईडन गार्डन्स कप्तान रोहित शर्मा का भी पसंदीदा है जहां उन्होंने नवंबर 2014 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे क्रिकेट का सर्वोच्च स्कोर 264 रन बनाया था। अपनी सरजमीं पर बारह साल बाद वनडे विश्व कप जीतने के इरादे से उतरी रोहित शर्मा की टीम ने अब तक एक भी कदम गलत नहीं रखा है। कोहली के अलावा रोहित (402 रन) भी जबर्दस्त फॉर्म में हैं जबकि केएल राहुल और श्रेयस अय्यर ने उपयोगी पारियां खेली है। इस वर्ष वनडे में सर्वाधिक रन बनाने वाले शुभमन गिल ने श्रीलंका के खिलाफ 92 गेंद में 92 रन बनाकर विरोधी टीमों के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। श्रेयस अय्यर ने भी शॉर्टपिच गेंदों पर उनकी कमजोरी को लेकर आलोचना करने वालों को करारा जवाब देते हुए 56 गेंद में 82 रन बनाए। भारतीय बल्लेबाजी की गहराई की बानगी दी गेंदबाजी की अगर बात करें तो जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी दोनों पांच से कम की इकॉनामी रेट से क्रमशः 15 और 14 विकेट ले चुके हैं।

हार्दिक पंड्या विश्व कप से बाहर, प्रसिद्ध कृष्णा टीम में

नई दिल्ली। भारत के स्टार आल राउंडर हार्दिक पंड्या टखने की चोट से उबरने में असफल रहने के बाद शनिवार को विश्व कप से बाहर हो गए। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार 17 वनडे खेलने वाले तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को पंड्या की जगह भारतीय टीम में शामिल किया गया है। पंड्या 19 अक्टूबर को पुणे मे बांग्लादेश के खिलाफ अपनी ही गेंद पर क्षेत्ररक्षण करते हुए बाएं टखना चोटिल करा बैठे थे। इसके बाद वह न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और श्रीलंका के खिलाफ मैच नही खेल पाए। पंड्या ने एक्स पर लिखा, यह बात पचा पाना मुश्किल है कि मै विश्व कप के बचे हिस्से मे नही खेल पाऊंगा। मै टीम के साथ रहूंगा और प्रतएक मैच मे प्रतएक गेंद पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करूंगा। आप सभी की शुभकामनाओं, प्यार और समर्थन के लिए शुक्रिया। आप सभी का सहयोग शानदार रहा है। यह टीम विशेष है और मै सुनिश्चित करूंगा कि हम प्रतएक को गौरवान्वित करें। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) मे इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों के मुताबिक पंड्या ने बेंगलुरु मे ट्रेनिंग शुरू कर दी थी लेकिन उनके टखने में फिर सूजन आ गई इसलिए टूर्नामेंट के बाकी हिस्से मे उनके खेलने की कोई संभावना ही नही थी। इस अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, जैसा कि पहले कहा गया है कि पंड्या को कोई फ्रैक्चर नही है, यह सिर्फ मामूली टीयर है। उन्होंने ट्रेनिंग शुरू कर दी थी लेकिन अचानक ही बाएं टखने में सूजन आ गई और वह गेंदबाजी करने के लिए फिट नही थे। यह ऐसी चोट नही थी जिसे इंजेक्शन से ठीक किया जा सके। गुरुवार को उनके टखना काफी ज्यादा सूज गया था और जब तक यह सूजन कम नही होती, वह कुछ और समय के लिए ट्रेनिंग नही कर सकते।

कोरिया को 2-0 से हराकर भारत हॉकी टीम महिला एसीटी के फाइनल में

भाषा। रांची

अनुभवी सलीमा टेटे और वैष्णवी विट्ठल के गोल के दम पर भारत ने महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में कोरिया को 2-0 से हराकर खिताबी मुकाबले के लिए अपना टिकट पक्का किया। लीग चरण में अपने पांचों मैच जीतने वाली भारतीय टीम को कोरिया ने कड़ी टक्कर दी। कोरिया के खिलाड़ी हालांकि भारतीय रक्षापंक्ति को भेदने में विफल रहे। फाइनल में भारत का मुकाबला जापान से होगा जिसने दिन के एक अन्य सेमीफाइनल में हांगझोउ एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता चीन को 2-1 से हराया। भारत ने कोरिया के खिलाफ मैच के 11वें मिनट में सलीमा के गोल से बढ़त बनाने के बाद अपना दबदबा बनाए रखा। वैष्णवी ने 19वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर इस बढ़त को दोगुना किया। टीम ने इसके बाद कोरिया को गोल से दूर रखा।इससे पहले शुरुआती सेमीफाइनल में यू टाइटानटियान ने मैच के 11वें मिनट में चीन को बढ़त दिला दी थी लेकिन जापान ने अच्छी वापसी की। टीम के लिए उराता काना (34वें मिनट) और सुजुकी मियू (44वां मिनट) ने गोल दागे।

फाइनल के बारे में अभी नहीं सोच रहे, नजरें अगले मैच पर : द्रविड़

कोलकाता। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप के लीग मैच को फाइनल की ड्रेस रिहर्सल करार देने से इनकार करते हुए भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने शनिवार को कहा कि वह इतने आगे की नहीं सोच रहे और अहमदाबाद में फाइनल से पहले भी टीम को तीन मैच खेलने हैं। लीग चरण में अपराजेय भारतीय टीम ने अभी तक सभी सात मैच जीते हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका सात में से छह मैच जीतकर दूसरे स्थान पर है। मौजूदा फॉर्म के आधार पर दोनों को अहमदाबाद में 19 नवंबर को होने वाले फाइनल का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। द्रविड़ ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हमारी टीम ने सात मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है और अब सामना ऐसी टीम से है जो बहुत अच्छा खेल रही है लोग क्या कह रहे हैं इस बारे में हम उसको लेकर चिंतित नहीं है। हम अगले मैच पर फोकस रखते हैं और यह एक लीग मैच ही है। अहमदाबाद में फाइनल के बारे में अभी नहीं सोच रहे क्योंकि वहां तक पहुंचने से पहले तीन मैच खेलने हैं।

विराट का फोकस 49वें शतक या बर्थडे पर नहीं है : द्रविड़

कोलकाता। चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली के जन्मदिन ने भले ही भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच यहां रविवार को ईडन गार्डन पर होने वाले मुकाबले को खास बना दिया है लेकिन भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि कोहली का फोकस सिर्फ टूर्नामेंट जीतने पर है। इस हाइप के बारे में पूछने पर द्रविड़ ने प्रेस कांफ्रेंस मे कहा , विराट रिलैक्स्ड है। उसका प्रदर्शन दिखाता है। वह हमारे लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है। मुझे नही लगता कि वह कुछ अलग या नया कर रहा है। द्रविड़ ने कहा , वह हमेशा से मेहनती और पेशेवर था।

श्रीलंका ने अभ्यास सत्र रद्द किया, बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने लिया मास्क का सहारा

नई दिल्ली। विश्व कप मैच से पहले राष्ट्रीय राजधानी मे वायु प्रदूषण के गंभीर श्रेणी में पहुंचने के कारण श्रीलंका को भी शनिवार को अपना शुरुआती अभ्यास सत्र रद्द करने के लिए मजबूर होना पड़ा लेकिन बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने मास्क के इस्तेमाल के साथ अभ्यास किया। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच विश्व कप मैच को सोमवार को खेला जाना है। बांग्लादेश की टीम बुधवार को दिल्ली पहुंच गई थी लेकिन टीम ने शुक्रवार को अभ्यास नही करने का फैसला किया क्योंकि शहर में प्रदूषण का स्तर गंभीर प्लस श्रेणी मे पहुंच गया था। श्रीलंका के खिलाड़ियों ने भी शनिवार को होटल के अंदर रहना ही सही समझा क्योंकि सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 407 था। बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने हालांकि शनिवार को मास्क के इस्तेमाल के साथ फिरोज शाह कोटला मैदान में अभ्यास किया।

कोहली के जन्मदिन को यादगार बनाने की तैयारी में बंगाल क्रिकेट संघ

कोलकाता। अतीत मे कई ऐतिहासिक मैचों की मेजबानी कर चुके ईडन गार्डंस पर इस बार भारतीय टीम अपना एकमात्र लीग मैच रविवार को दक्षिण अफ्रीका से खेलेगी तो यह उसके स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का 35वां जन्मदिन भी होगा जिसे यादगार बनाने मे बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) कोई कोर कसर नही छोड़ना चाहता।ईडन गार्डंस पर मैच से कई दिन पहले ही से गहमागहमी शुरू है और तैयारियों को अंतिम रूप देने मे सभी अधिकारी मसरूफ है। एक तरफ टिकट नही मिलने से गुस्साए क्रिकेटप्रेमियो को जवाब देना है तो दूसरी ओर इस मैच को खास बनाने की हर संभावना तलाशनी है।कैब के एक आला अधिकारी ने बताया कि कोहली के लिए एक खास केक और उपहारस्वरूप बल्ला तैयार किया जा रहा है। कोहली चैम्पियन क्रिकेटर है और यह हमारी खुशकिस्मती है कि हम उनके जन्मदिन के दिन इतने अहम मैच की मेजबानी कर रहे है।हमने उनके लिए एक खास केक तैयार कराया है जो टीम के ड्रेसिंग रूम में भेजा जाएगा। पहले ऐसी खबरे थी कि कोहली पारी ब्रेक के दौरान या मैच शुरू होने से पहले मैदान पर ही केक काटेंगे। मैच के लिए कोहली के मास्क भी बांटे जाने की खबरें हैं। इसके अलावा कैब अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली उन्हें एक बल्ला प्रदान करेंगे। यह या तो पारी के ब्रेक मे होगा या मैच शुरू होने से पहले। इस मैच के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और महानायक अमिताभ बच्चन को भी न्यौता दिया गया है।

भारतीय गेंदबाजों के सामने अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा : दक्षिण अफ्रीकी कप्तान बावुमा

कोलकाता। शानदार फॉर्म मे चल रहे भारतीय गेंदबाजो से मिलने वाली चुनौती से वाकिफ दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने शनिवार को कहा कि उनके बल्लेबाजों को ईडन गार्डंस पर रविवार को होने वाले मैच मे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इस विश्व कप की शीर्ष दो टीमें लीग चरण में पहली बार आमने सामने होंगी। भारत ने अभी तक सभी सात मैच जीते है जबकि दक्षिण अफ्रीका ने छह मैच जीते हैं और एकमात्र पराजय नीदरलैंड के खिलाफ झेली। भारत ने पिछले मैच मे श्रीलंका को 302 रन से और दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 190 रन से हराया। बावुमा ने मैच से एक दिन पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा , हमारी टीम में ईडन गार्डन पर खेलने को लेकर काफी रोमांच है।इस मैदान का अपना इतिहास रहा है और यहां भारत के खिलाफ खेलना रोचक होगा। हम भारत जैसी टीम के खिलाफ खुद को परखने को लेकर बेताब है। भारत के पास भारतीय हालात के लिए विश्व स्तरीय गेंदबाजी आक्रमण है। हम अपने सारे बेस कवर करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि कही तैयारी मे कोई कमी नही रह जाए। इस 33 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा , भारतीय गेंदबाज बहुत ज्यादा ढीली गेंदे नही डालते है। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी सभी काफी आक्रमक गेंदबाज है और नई गेंद मे उनके खिलाफ रन बनाना आसान नही है।पहले पावरप्ले मे उन्हे संभलकर खेलना होगा।

प्रिंस आफ कोलकाता के शहर में किंग कोहली का क्रेज

कोलकाता। सायन सरकार जलपाईगुड़ी से , सजल बिहार के अररिया से और प्रदुम्न ओडिशा के कटक से सैकड़ो किलोमीटर का सफर तय करके यहां सिर्फ विराट कोहली को उनके जन्मदिन पर खेलते देखने पहुंचे है और ईडन गार्डन के आसपास भारतीय टीम की 18 नंबर की जर्सी ही चारों ओर नजर आ रही है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार को होने वाले विश्व कप मैच से पहले प्रिंस आफ कोलकाता सौरव गांगुली के शहर मे मे किंग कोहली का खुमार सिर चढकर बोल रहा है। दूर दराज से आए युवा प्रशंसकों से लेकर स्टेडियम के बाहर टीम इंडिया की जर्सी बेचने वालों तक सभी की जुबां पर रविवार को अपना 35वां जन्मदिन मना रहे कोहली का ही नाम है। जलपाईगुड़ी से अपने दस दोस्तो के साथ बस से सुबह छह बजे यहां पहुंचे सायन ने भाषा से कहा , सचिन के बाद हमें विराट कोहली ही पसंद है। वह देश का आइकन है और उसके जैसा कोई दूसरा नही। विराट एक खिलाड़ी नही बल्कि हमारे लिए इमोशन है। सिलीगुड़ी मे बैंकिंग का कोर्स कर रहे सिद्धार्थ डे ने कहा , विराट का कोई विकल्प नही है।तीसरे स्थान पर उसके जैसा कोई बल्लेबाज नही है।हमने अपने पॉकेट मनी से पैसे बचाकर उसे यहां खेलते देखने आए है। आईपीएल मे भी आरसीबी का मैच देखने ही हम आए थे। कल तक टिकट के लिए ट्राय करेंगे वरना आपस मे ही विराट का जन्मदिन मनाएंगे। हमारी यही दुआ है कि वह शतक जमाकर सचिन के रिकॉर्ड की बराबरी करे। मैदान मार्केट इलाके मे भारतीय टीम की जर्सी बेच रहे मोहम्मद इमरान ने कहा कि कोहली की 18 नंबर की जर्सी की मांग सबसे ज्यादा है और उसके बाद रोहित शर्मा का नंबर है। , अभी तक मै करीब 1000 जर्सी बेच चुका हूं और 80 प्रतिशत 18 नंबर जर्सी बिकी है। उनके अलावा रोहित शर्मा और जसप्रीत बुमराह की जर्सी भी लोग मांग रहे है। कल मैच के दिन बिक्री जबर्दस्त रहने की उम्मीद है और मै कोहली की और जर्सी मंगवा रहा हूं।

दादा दादी के लिए खास बन गया रचिन रविंद्र का शतक

बेंगलुरु। रचिन रविंद्र ने इस साल जुलाई में जब हट हॉक्स क्रिकेट क्लब के साथ बेंगलुरु का दौरा किया था, तब वह भी किसी अन्य क्रिकेटर की तरह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने का सपना देख रहे थे। लेकिन इसके तीन महीने बाद 23 वर्षीय रविंद्र एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में बल्लेबाजी कर रहे थे तो दर्शक रचिन, रचिन चिल्ला रहे थे। उनका नाम रचिन राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर के नाम को मिलाकर बनाया गया है लेकिन अब उन्होंने अपनी खुद की अलग पहचान बना ली है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने शनिवार को विश्व कप में अपना तीसरा शतक लगाया। पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 108 रन की पारी खेली। इससे पहले वह इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक लगा चुके थे। रविंद्र किसी एक विश्व कप में तीन शतक लगाने वाले न्यूजीलैंड के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ लगाया गया शतक हालांकि उनके लिए विशेष है क्योंकि उन्होंने यह सैकड़ा उस शहर में लगाया जहां से उनका परिवार संबंध रखता है। उनके पिता रवि कृष्णमूर्ति क्रिकेट के धुर प्रशंसक थे और न्यूजीलैंड जाने से पहले बेंगलुरु में क्लब क्रिकेट खेला करते थे। उनके दादा-दादी, प्रसिद्ध शिक्षाविद बालकृष्ण अडिगा और पूर्णिमा अडिगा दक्षिण बेंगलुरु में रहते हैं और वे इस मैच को देखने के लिए स्टेडियम में मौजूद थे। रविंद्र ने शतक जमा कर उनके लिए यह खास दिन बना दिया। बालकृष्ण ने कहा, हमें बहुत खुशी है कि उसने यहां शतक जमाया। दर्शक उसका नाम लेकर चिल्ला रहे थे जो हमारे लिए अद्भुत अनुभव था। पूर्णिमा ने कहा, उसके पिता भी क्रिकेट के शौकीन थे इसलिए हमें हैरानी नही हुई की रचिन ने क्रिकेट को चुना। उसके पिता ने हमेशा उसका साथ दिया। हमें बस यही अफसोस है कि रचिन अपने राष्ट्रीय कर्तव्यों के कारण हमारे साथ पर्याप्त समय नही बिता पाया लेकिन उम्मीद है कि ऐसा जल्द होगा।

जोकोविच ने चैंपियन रूने को हराया

● पेरिस मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचे

पेरिस। शीर्ष रैंकिंग पर काबिज नोवाक जोकोविच ने करीब तीन घंटे तक चले मुकाबले में गत चैम्पियन होल्गर रूने को हराकर पेरिस मास्टर्स के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच ने इस तरह पिछले साल फाइनल में रूने से मिली शिकस्त का बदला चुकता किया। जोकोविच ने शुक्रवार को क्वार्टरफाइनल में रूने पर 7-5 6-7(3) 6-4 से जीत दर्ज की। पेरिस मास्टर्स के छह बार के चैम्पियन जोकोविच नौवीं दफा पेरिस मास्टर्स के अंतिम चार में पहुंचे और उन्होंने लगातार 16 मैच में जीत की लय जारी रखी। अब वह फाइनल में जगह बनाने के लिए पांचवें वरीय आंद्रे रूबलेव से भिड़ेंगे।

डब्ल्यूटीए फाइनल्स में गॉफ ने मार्केटा को हराया

कैनकन (मेक्सको)। कोको गॉफ ने एक गेम से पिछड़ने और 17 डबल फॉल्ट से वापसी करते हुए शुक्रवार को यहां राउंड रॉबिन मैच में विम्बलडन चैम्पियन मार्केटा वोंद्रोयूसोवा को 5-7 7-6(4) 6-3 से हरा दिया। फ्लोरिडा की 19 वर्षीय गॉफ ने सितंबर में अमेरिकी ओपन जीता था, वह पहला सेट गंवा बैठी थी लेकिन दूसरे सेट में बारिश के कारण 25 मिनट की बाधा के बाद उबरने में सफल रहीं। अब तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ सत्र के अंतिम टूर्नामेंट में पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद लगाए होंगी ।

राष्ट्रीय खेल : यूपी ने वुशू में जीते 14 पदक

● स्वर्ण, 7 रजत व 5 कांस्य मिले

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के संतोष कुमार मिश्रा और छवि ने गोवा में आयोजित 37 राष्ट्रीय खेल में चीनी मार्शल आर्ट वुशू की स्पर्धा में कड़ी चुनौती पेश करते हुए स्वर्णिम सफलता हासिल की। इन खेलों में प्रदेश ने वुशू में 2 स्वर्ण, 7 रजत व 5 कांस्य पदक सहित कुल 14 पदक अपने नाम करते हुए प्रदेश का परचम लहराया। संतोष कुमार मिश्रा ने पुरुष सांडा 48 किग्रा भार वर्ग में और छवि ने महिला सांडा 48 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डा. आनन्देश्वर पाण्डेय व प्रदेश वुशू संघ के महासचिव मनीष कक्कड़ ने अपनी शुभकामनाएं दी। अभिषेक बालियान ने पुरुष सांडा 75 किग्राज्योति ने महिला सांडा 48 किग्रा मनीषा भाटी ने महिला सांडा 52 किग्राए नीलन छपराना ने महिला सांडा 65 किग्राए शिवानी ने महिला सांडा 70 किग्राए भानु सिंह ने पुरुष ताउलू कियानशु और रवि सूर्यवंशी ने पुरुष ताउलू नानदाऊ में रजत पदक अपने नाम किए। इसके अलावा पुरुष सांडा 70 किग्रा में समीर धस्माना ए महिला सांडा 56 किग्रा में नैना चौधरीए महिला सांडा 75 किग्रा में माही राणा के अलावा ताउलू में पुरुष दाउशू।

बाबू स्टेडियम प्रथम ने जीती बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता

लखनऊ। पंडित दीन दयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक दिवसीय लखनऊ जिला स्तरीय जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शुक्रवार को आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल मे केडी सिंह बाबू स्टेडियम प्रथम की टीम ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम द्वितीय टीम को 11-10 अंक से हराकर पहला स्थान हासिल किया। आरएसओ अजय कुमार सेठी और लखनऊ जिला हैंडबॉल संघ के संयुक्त सचिव सुधीर कुमार ने पुरस्कार वितरित किए।

हिमालयन क्लब ने स्मैश को पराजित

लखनऊ। हिमालयन क्लब ने द्वितीय स्वर्गीय अधीर दुबे पूर्व एमएलसी- टी.20 क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे मैच में शनिवार को स्मैश क्रिकेट क्लब को 43 रन से पराजित किया। पंडित रास बिहारी तिवारी स्टेडियम पर हिमायलन क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 4 विकेट पर 215 रन का विशाल स्कोर बनाया। काजिम 35 और हमान 34 ने पारी की शुरुआत की। वाब में स्मैश क्लब निर्धारित ओवर में 8 विकेट पर 172 रन ही बना सका। अभिषेक 73 रनए 41 गेंद 10 चौकेए 3 छक्के ने अर्धशतक लगाया।

मोहित के शानदार बचाव से भारत ने पाकिस्तान को हराकर कांस्य जीता

● सुल्तान जोहोर कप जूनियर हॉकी

जोहोर बाहरू (मलेशिया)। गोलकीपर एचएस मोहित के पेनल्टी शूटआउट में शानदार बचाव की बदौलत भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने शनिवार को यहां सुल्तान जोहोर कप जूनियर हॉकी प्रतियोगिता में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 6-5 से हराकर कांस्य पदक जीता। नियमित समय में दोनों टीमों के बीच मुकाबला 3-3 की बराबरी पर छूटा था। भारत के लिए अरुण साहनी (11वें), पूवन्ना सीबी (42वें) और कप्तान उत्तम सिंह (52वें मिनट) ने गोल किए, जबकि पाकिस्तान के लिए सुफियान खान (33वें), अब्दुल कय्यूम (50वें) और कप्तान शाहिद हन्नान (57वें मिनट) ने गोल दागा। पेनल्टी शूटआउट में शुरुआती पांच मौके के बाद भी दोनों टीमें 4-4 की बराबरी पर थी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।